
YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-258 ❑ गुरुवार, 23 अक्टूबर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



भारत को अपनी आंतरिक और बाह्य अखंडता की रक्षा के लिए इसी तरह का दृढ़ रुख अपनाना चाहिए। आंतरिक और बाह्य खतरों का सामना करने के लिए, भारत को आत्मनिर्भर, मजबूत और सतर्क बनना होगा। 'भैयाजी' जोशी

तेजस्वी का हर घर नौकरी का दावा सच्चाई से परे : भाजपा 11

साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार समारोह आज कोलकाता में 11

## संक्षेप

### नीरज चोपड़ा को भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद उपाधि

**नयी दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद उपाधि प्रदान की गयी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नीरज को इसके लिए बधाई दी है। नीरज को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी की उपस्थिति में भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद उपाधि प्रदान की गई। राजनाथ सिंह ने अपने सोशल मीडिया के जरियें तस्वीरें शेयर करते हुये लिखा,''भारत के उत्कृष्ट खिलाड़ी और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल के मानद पद का प्रतीक चिन्ह प्रदान करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। नीरज चोपड़ा दृढ़ता, देशभक्ति और उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने की भारतीय भावना के प्रतीक हैं। उनके सभी भावी प्रयासों में सफलता की कामना करता हूँ।''

### मोदी जो छुपाते हैं ट्रंप उजागर कर जाते हैं : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति से हुई बात को भले ही छुपा रहे हो लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट कहा है कि श्री मोदी ने उन्हें रूस से तेल नहीं खरीदने का आश्वासन दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि श्री मोदी ने सार्वजनिक रूप से आखिरकार स्वीकार किया है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने उन्हें फोन किया था और दोनों के बीच बातचीत हुई ।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन शुरू

**नयी दिल्ली।** बिहार के बाद सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की तैयारियों की समीक्षा के लिए चुनाव आयोग की ओर से मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) का दो दिवसीय सम्मेलन बुधवार को राजधानी में शुरू हुआ। यहां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन संस्थान में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में चल रहे इस सम्मेलन में आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी भाग ले रहे हैं।

# विरासत में गद्दी मिल सकती है, बुद्धि नहीं : सीएम योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के दीपोत्सव को लेकर दिए गए बयान पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर एक बार फिर शाब्दिक प्रहार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि दीपावली पर दीये जलाने के विरुद्ध बयान देकर अखिलेश यादव ने यह सिद्ध कर दिया है कि उन्हें अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर, देवी देवताओं, सनातन धर्म और दीपावली जैसे इसके पर्व-त्योहारों से भी नफरत है। उनका बयान प्रजापति समाज (कुम्हारों) का अपमान करने वाला है। उन्होंने अखिलेश पर यह भी तंज कसा कि गद्दी तो विरासत में मिल सकती है, बुद्धि नहीं। बिना विवेक वाले लोग ही दीपावली का विरोध करते हैं।

मुख्यमंत्री योगी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष पर गोरखपुर विभाग द्वारा आयोजित विचार-परिवार कुटुंब स्नेह मिलन एवं 'दीपोत्सव से राष्ट्रोत्सव' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंगलवार रात योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अयोध्या में 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर बने मंदिर के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि संघ की सौ वर्ष की यात्रा के कालखंड में असंभव को भी संभव होते देखा गया है। राम मंदिर को लेकर सपा, कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग प्रश्न करते थे संघ के स्वयंसेवक दृढ़ संकल्प से कहते थे कि मंदिर जरूर बनेगा। संघ ने बंदिशें झेलीं, स्वयंसेवकों ने लाठी गोली खाई। परिणाम भव्य श्रीराम मंदिर के रूप में सबके सामने है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो अयोध्या साढ़े आठ वर्ष पूर्व वीरान थी, अब वहां का भव्य दीपोत्सव नई पहचान बन गया है। इस बार 26 लाख 17 हजार दीये जलाने का नया विश्व रिकार्ड बना है। उन्होंने कहा कि सपा को दीया जलाने पर भी परेशानी है। सपा प्रमुख कहते हैं कि दीया जलाने की आवश्यकता क्या है, मोमबत्ती जला लेते। उनका यह बयान तिलहन की पैदावार कर दीयों को तेल देने वाले अन्नदाता किसानों और मिट्टी के दीये बनाने वाले कुम्हारों का अपमान है। 2017 के पूर्व मिट्टी को लेकर कुम्हारों की पीड़ा को अगर समझा होता तो बबुआ (सपा प्रमुख अखिलेश यादव) बचकाना बयान नहीं देते। उन्हें नहीं मालूम है कि दो करोड़ लोग मिट्टी के दीयों से लेकर बर्तन के कारोबार से जुड़े हुए हैं। मिट्टी के उत्पाद आर्थिक निर्भरता और स्वावलंबन का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अखिलेश को सनातन धर्म के त्योहारों, ● शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री का अखिलेश पर तंज




### 'हलाल सर्टिफिकेशन वाले उत्पाद न खरीदें'

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक बार फिर हलाल सर्टिफिकेशन को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यूपी में हलाल सर्टिफिकेशन पर पूरी तरह से रोक लगी है। उत्तर प्रदेश में अब कोई भी संस्था हलाल सर्टिफिकेट लगाकर अपने प्रोडक्ट नहीं बेच पाएगा। इस दौरान सीएम योगी ने अपील की कि कोई भी सामान खरीदते समय जीएसटी जरूर दें। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सामान खरीदते समय एक चीज जरूर देखिए। क्या उसमें हलाल सर्टिफिकेशन तो नहीं लिखा हुआ है। यानि हर वस्तु में हलाल सर्टिफिकेशन। ● शेष पेज 11 पर

# भारत-अमेरिका मिलकर बनें उम्मीद की रोशनी : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली के अवसर पर बधाई और शुभकामनाओं के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद देते हुए कामना की है कि दोनों महान लोकतंत्र दुनिया को उम्मीद की किरण दिखाते रहें और हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहें। इससे पहले श्री ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में टीप जलाकर दीपावली मनाई और श्री मोदी को फोन कर बधाई तथा शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के साथ उनकी बातचीत अच्छी रही। उन्होंने दावा किया कि इस दौरान भारत की रूस से तेल की खरीद और व्यापार के मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

श्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद बुधवार को सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने भारत-अमेरिका साझेदारी की स्थायी मज़बूती पर ज़ोर दिया और आतंकवाद से निपटने तथा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री ने अपनी पोस्ट में लिखा राष्ट्रपति ट्रम्प आपके फ़ोन कॉल और दिवाली की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। प्रकाश के इस पर्व पर, हमारे दो महान लोकतंत्र विश्व को आशा की किरण दिखाते रहें और सभी रूपों में आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट रहें। श्री ट्रंप ने दीपावली पर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के लोगों को बधाई देते हुए कहा, ''मैंने आज ही आपके प्रधानमंत्री से बात की। हमारी बातचीत बहुत अच्छी रही।'' उन्होंने कहा, '' हमने कुछ ही समय पहले बात की थी कि पाकिस्तान और भारत के बीच युद्ध न हो। यह बातचीत बहुत अच्छी रही थी। राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों के बीच बहुत विषयों बात हुई, लेकिन उनमें व्यापार प्रमुख रहा। प्रधानमंत्री की व्यापार में बहुत रुचि है। श्री ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने इस दौरान भारत के रूस से तेल की खरीद पर भी बात की और भारत रूस से ज्यादा तेल नहीं खरीदेगा। उन्होंने कहा कि भारत भी चाहता है कि रूस और यूक्रेन युद्ध बंद हो जाये और वह रूस से ज्यादा तेल नहीं खरीदने जा रहा। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि दीपावली अंधकार पर प्रकाश की विजय का शाश्वत स्मरण है। यह अज्ञान पर ज्ञान की विजय है, और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। श्री ट्रंप ने कार्यक्रम में आये लोगों का स्वागत करते हुए कहा, यहां आने के लिए शुक्रिया! बहुत शुक्रिया! क्या शानदार संस्कृति है और क्या शानदार लोग हैं। उन्होंने भारतीयों को दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी और गंभीर लोगों का समूह बताया और ● शेष पेज 11 पर



❑ लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और वैश्विक सहयोग पर पीएम मोदी का जोर

# बेल्जियम में मुकदमा हारा चौकसी भारत वापसी का रास्ता खुला

एजेंसी

नयी दिल्ली। बेल्जियम में एंटवर्प की एक अदालत ने भगोड़े कारोबारी मेहुल चौकसी की अपील खारिज कर दी है और उसे भारत भेजने के फैसले को बरकरार रखा है।

हीरा कारोबारी चौकसी 13,000 करोड़ रुपये के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी मामले में एक प्रमुख आरोपी है।

अदालत ने मामले पर गौर करने के बाद पाया कि उसके प्रत्यर्पण के लिए सभी कानूनी शर्तें पूरी होती हैं। अदालत ने 2018 और 2021 के भारतीय गिरफ्तारी वारंटों को लागू करने योग्य बताया। चौकसी ने अदालत से अपनी दलील में कहा था कि भारत में उसके जीवन और स्वतंत्रता को खतरा होगा। उसने यह भी दावा किया कि वह राजनीतिक उत्पीड़न का शिकार है और उसे निष्पक्ष सुनवाई नहीं मिलेगी। यही नहीं उसने अपनी खराब सेहत का भी हवाला दिया। लेकिन अदालत ने चौकसी की दलीलों को अपर्याप्त बताया और कहा कि वह भारत में किसी तरह के अमानवीय व्यवहार की आशंका या इंसाफ नहीं मिलने के 'वास्तविक जोखिम' को साबित नहीं कर सका है। इस कानूनी लड़ाई में चौकसी ने राष्ट्रीयता की दलील का भी सहारा लिया। उसके वकीलों ने कहा कि प्रत्यर्पण का अनुरोध ही गलत है क्योंकि भारतीय अधिकारियों ने एंटीगुआ और बारबुडा की उसकी नागरिकता के बारे में अदालत को ● शेष पेज 11 पर



## बिना अनुमति तबादले अमान्य, मूल तैनाती स्थल पर भेजने के निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग में बिना अनुमति के किए गए तबादलों पर सख्त रुख अपनाया है।

अपर मुख्य सचिव (बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा) पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सोमवार को जारी आदेश में कहा है कि शासन की स्वीकृति के बिना किसी भी अधिकारी, शिक्षक या कर्मचारी को उनके मूल कार्यस्थल से हटाना पूर्णतः अमान्य है। ऐसे शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों की सम्बद्धता समाप्त कर तत्काल मूल तैनाती स्थल पर भेजा जाए। शासन को जानकारी मिली थी कि कुछ जिलों में अधिकारियों द्वारा मनमाने तरीके से शिक्षकों और कर्मचारियों को अन्य स्थानों पर संलग्न किया जा रहा है। इसे गंभीरता से लेते हुए अपर मुख्य सचिव ने ऐसे सभी आदेशों को तुरंत निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी बिना शासन की अनुमति के इस प्रकार के तबादले किए गए तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। आदेश में माध्यमिक ● शेष पेज 11 पर

# युद्ध के बदलते स्वरूप की चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वित रणनीति जरूरी : राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को तीनों सेनाओं के बीच एकजुटता और तालमेल का बेहतरीन उदाहरण बताते हुए कहा है कि इसने युद्ध के बदलते स्वरूप की चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वित रणनीतियों के महत्व पर बल दिया है। श्री सिंह ने बुधवार को यहां लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला (सेवानिवृत्त) की पुस्तक 'सिविल-मिलिट्री फ्यूजन एज़ अ मेट्रिक ऑफ़ नेशनल पावर एंड कॉम्प्रिहेंसिव सिक्योरिटी' का विमोचन करने के बाद कहा ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के बीच असाधारण एकजुटता और एकीकरण का साक्षी बना और इसने बदलती विश्व व्यवस्था तथा युद्ध के विकसित होते तरीकों से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वित, अनुकूल और त्वरित रक्षा कार्रवाई रणनीति तैयार करने के सरकार के संकल्प की पुष्टि की है। '' रक्षा मंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि आज के समय में पारंपरिक रक्षा दृष्टिकोण पर्याप्त नहीं रहा क्योंकि युद्ध केवल सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि ये मिश्रित और विषम रूप ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ देश की रणनीतिक स्वायत्तता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भविष्य के सशस्त्र बलों को ध्यान में रखकर कई साहसिक और निर्णायक सुधार किए हैं। उन्होंने कहा चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के पद का सृजन ऐतिहासिक कदमों में से एक था जो तीनों सेनाओं के बीच समन्वय और तालमेल को मज़बूत करने में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संयुक्तता और एकीकरण का परिणाम पूरी दुनिया ने देखा। पाकिस्तान हमारे सशस्त्र बलों द्वारा दी गयी करारी हार से अभी भी उबर नहीं पाया है। श्री सिंह ने पुस्तक का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि 'सिविल-मिलिट्री फ्यूजन' को केवल एकीकरण के रूप में नहीं, बल्कि एक रणनीतिक प्रवर्तक के रूप में देखा जाना चाहिए जो नवाचार को बढ़ावा दे, प्रतिभा को संरक्षित करे और राष्ट्र को तकनीकी आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करे। उन्होंने कहा,'' यह फ्यूजन तभी संभव है जब हम अपने सिविल उद्योग, निजी क्षेत्र, शिक्षा जगत और रक्षा क्षेत्र को एक साझा राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए जोड़ें। इससे हमारी आर्थिक उत्पादकता और ● शेष पेज 11 पर



आप सभी क्षेत्र वासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज की हार्दिक बधाई

शिवम तिवारी



समाजसेवी
हैदरगढ़ बाराबंकी

आप सभी क्षेत्र वासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज की हार्दिक बधाई



उत्तम कुमार पांडे
वनरक्षक वन क्षेत्र
धौरहरा दुधवा बफर
जोन जिला खीरी

आप सभी क्षेत्र वासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज की हार्दिक बधाई



जीतराम वर्मा
प्रधान भटपुरवा कलां
विकासखंड रमिया
बेहड़ जिला खीरी

# कानून व्यवस्था से खिलवाड़ व भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं : मुख्यमंत्री

## पुलिस स्मृति दिवस पर योगी ने पुलिसकर्मियों की कर्तव्यपराणयता की खूब तारीफ की

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिसकर्मियों की कर्तव्यपराणयता की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसलिए भ्रष्टाचार निवारण संगठन की मंडल स्तर पर 18 इकाईयां स्थापित की गई हैं। इन्हें थाने में बदलने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार नई पीढ़ी के लिए नई पुलिस तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि 60244 सिपाहियों की भर्ती बिना भेदभाव के की गई। इनको बेहतर आधुनिक ट्रेनिंग दी जा रही है। पुलिसकर्मियों को ईमानदारी से अपना काम करने की नसीहत दी। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर बीते साल शहीद हुए तीन जवानों के परिजनों को सम्मानित किया।

उन्हें आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार उनके साथ हमेशा खड़ी है। शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4061.87 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। यह पिछले साल की तुलना में सात प्रतिशत ज्यादा है। साइबर अपराध बड़ी चुनौती मुख्यमंत्री ने कहा कि साइबर अपराध बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के प्रयास तेजी से हो रहे हैं। 60 हजार नवनियुक्त आरक्षियों को हाईब्रिड प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह एआई के प्रयोग की बारीकियां सीख रहे हैं और यह साइबर अपराधियों से निपटने में भी दक्ष होंगे। हर जिले में साइबर थाना खोला जा रहा है। साइबर अपराध से बचने के लिए 1930 हेल्पलाइन नंबर की सेवाएं बेहतर की गई हैं। अभी तक हर महीने 40 हजार कॉल रिसीव करने की क्षमता थी और अब इसे बढ़ाकर 1.60 लाख कॉल प्रति माह कर दिया गया है। 1930 हेल्पलाइन सेंटर को बेहतर बनाया गया है। लोगों के कुल 39 करोड़ रुपये साइबर अपराधियों से बचाए गए। एक जून से 15 अगस्त तक साइबर फ्राड से 10 करोड़ रुपये लोगों के बचाए गए। 28 हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती चल रही मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 28154 पुलिस कर्मियों की भर्ती चल रही है और 2391 पुलिस कर्मियों को पदोन्नति देने की प्रक्रिया भी चल रही है। बीते आठ वर्षों में 2.19 लाख पुलिस कर्मियों की भर्ती की गई, जिसमें 34 हजार महिला पुलिस कर्मी हैं। 1.52 लाख पुलिस कर्मियों को पदोन्नति दी गई है। अग्निवीरों को तीन साल की आयु में छूट योगी ने कहा कि सेना में अग्निवीर के रूप में काम कर चुके जवानों को यूपी पुलिस भर्ती में वरीयता देने का प्रस्ताव पास हो चुका है। पुलिस व पीएसी आरक्षी, घुड़सवार व फायरमैन पदों पर भर्ती में आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट और 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया रहा है। वर्ष 2026 में अग्निवीरों का पहला बैच सेवानिवृत्त होगा। इन अग्निवीरों को यह लाभ मिलेगा। शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित जिन तीन शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों को सम्मानित किया गया उनमें एसटीएफ के निरीक्षक सुनील कुमार, जौनपुर के मुख्य आरक्षी दुर्गेश कुमार सिंह और गौतमबुद्ध ● शेष पेज 11 पर



# छठ पर बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए : ऊर्जा मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। यूपी के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने छठ पर्व की तैयारियों को लेकर अपने कैंप कार्यालय पर नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि छठ पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित न हो। उन्होंने कहा कि छठ पर्व आस्था एवं जनभावना से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है, ऐसे में सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंत्री ने विशेष रूप से यह निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था, फॉगिंग, कीटाणुनाशक दवा के छिड़काव, घाटों का समतलीकरण और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि नगर के प्रमुख मार्गों एवं घाटों तक जाने वाले रास्तों की मरम्मत एवं गड्ढामुक्ति तत्काल पूरी की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि छठ पर्व के अवसर पर स्वच्छता एवं व्यवस्था ही सबसे बड़ा सेवा कार्य है, इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी जिम्मेदारी के साथ मैदान में उतरें। उन्होंने कहा कि घाटों एवं पूजा स्थलों के आसपास विशेष रूप से अस्थायी प्रकाश व्यवस्था, हाईमास्ट लाइटों की कार्यशीलता तथा विद्युत सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने सभी सुपरिन्टेंडिंग इंजीनियरों एवं अधिशासी अभियंताओं को यह निर्देश दिए कि छठ पर्व के दौरान 24 घंटे नियंत्रण कक्ष सक्रिय रहें तथा किसी भी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मंत्री ने यह भी कहा कि सभी फीडरों एवं ट्रांसफार्मरों की पूर्व जांच कर ली जाए, ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी की स्थिति उत्पन्न न हो।

नगर विकास विभाग के अधिकारियों को मंत्री ने निर्देश दिए कि छठ घाटों तक पहुंचने वाले मार्गों की समतलीकरण, साफ-सफाई, जल निकासी व्यवस्था एवं सड़क मरम्मत कार्य जल्द पूर्ण किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निकायों द्वारा घाटों पर अस्थायी चेंजिंग रूम, बैरिकेडिंग, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालयों की उपलब्धता और कचरा निस्तारण की विशेष व्यवस्था की जाए। शर्मा ने कहा कि घाटों पर भीड़-भाड़ को देखते हुए अग्निशमन एवं चिकित्सा दल को भी तैनात रखा जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नगर की गरिमा और श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में नगर विकास प्रमुख सचिव पी गुरु प्रसाद, निदेशक नगरीय निकाय अनुज झा, निदेशक सूडा अपूर्वा दुबे, ऊर्जा विभाग के चेयरमैन आशीष गोयल, एमडी पंकज कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मोबाइल छीनकर भागा युवक, पब्लिक ने दौड़ाकर पकड़ा

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक चोर ने झपट्टा मारकर राह चलते एक व्यक्ति का मोबाइल छीन लिया और भागने की कोशिश की। घटना के तुरंत बाद लोगों ने समझदारी दिखाते हुए चोर का पीछा किया और उसे पकड़ लिया। पब्लिक ने आरोपी को पकड़कर सिविल पुलिस चौकी को सौंप दिया, जहां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। स्थानीय लोगों की सतर्कता और तेजी से कार्रवाई ने एक बड़ी वारदात को टाल दिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और उसके आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।

## नशे में धुत रईसजादे ने तीन गाड़ियों में मारी टक्कर

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रईसजादों का सड़क पर उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा। हालिया घटना में नशे की हालत में एक युवक ने तेज़ रफ्तार कार से तीन गाड़ियों में टक्कर मार दी। गनीमत रही कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। मौके पर मौजूद लोगों ने युवक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। इससे पहले रविवार को जगुआर कार से आठ लोगों को कुचले जाने की घटना से शहर पहले ही सदमे में था। पुलिस अब आरोपी के खिलाफ शराब पीकर गाड़ी चलाने और लापरवाही का मामला दर्ज कर रही है।

## जुआ खेलते 20 गिरफ्तार, ताश और नकद बरामद

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गंगानगर थाना क्षेत्र में प्रयागराज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जुए के अड्डे पर छापेमारी की। सरायइनायत थाने की पुलिस ने 20 आरोपियों को रंगेहाथों जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में नकद राशि और ताश की गड्डियां बरामद की हैं। यह कार्रवाई डीसीपी कुलदीप गुनावत के निर्देश पर की गई। पुलिस अब जुए के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## पुलिस ने हत्या का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** फाफामऊ थाना क्षेत्र में हुई हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। थाना प्रभारी अश्वनी सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इनके पास से घटना में प्रयुक्त कार और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य भी बरामद किए गए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस का मानना है कि हत्या आपसी रंजिश के कारण की गई थी। इस सफलता पर स्थानीय पुलिस को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सराहना दी गई है। मामले की आगे की जांच जारी है।

## शंकरगढ़ पुलिस ने पकड़े तीन वांछित अपराधी, हत्या का मामला

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल करते हुए पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान टिंकू, धर्मराज और बंगाली के रूप में हुई है। सब इंस्पेक्टर शिवकुमार यादव के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तीनों को पकड़कर जेल भेज दिया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे और पुलिस को इनकी तलाश थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उनसे पूछताछ कर अन्य मामलों की भी जांच कर रही है। यह गिरफ्तारी कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम मानी जा रही है।

## रोडवेज चालक की हत्या पर बवाल, लापरवाही में चौकी इंचार्ज निलंबित

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के मुंडेरा बाजार में मंगलवार को हुई रोडवेज बस के संविदा चालक रावेंद्र की हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। रावेंद्र की सिर कूंचकर हत्या कर दी गई थी, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। हत्या की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। गुस्साए परिजनों ने शव को मुंडेरा चुंगी के पास कानपुर हाईवे पर रखकर चक्काजाम कर दिया, जिससे हाईवे पर घंटों यातायात बाधित रहा। घटना के बाद पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीसीपी नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने टीपी नगर चौकी इंचार्ज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आरोप है कि मृतक की सुरक्षा को लेकर पहले भी शिकायत की गई थी, लेकिन पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की। डीसीपी ने स्पष्ट किया कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फिलहाल पुलिस हत्याकांड की जांच में जुटी है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही जा रही है। इस घटना ने कानून व्यवस्था पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं।

## विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा उत्तर मध्य रेलवे

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेलवे ने आगामी त्योहारों के मद्देनज़र कई विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। रेल प्रशासन ने बताया कि ट्रेन संख्या 07079 चर्लापल्ली से दानापुर 24 अक्टूबर 2025 (शुक्रवार) को चलेगी, जबकि वापसी में ट्रेन संख्या 07080 दानापुर से नांदेड़ 26 अक्टूबर (रविवार) को चलाई जाएगी। इन ट्रेनों में कुल 24 कोच होंगे, जिनमें एसी द्वितीय श्रेणी के 2, एसी तृतीय के 4, स्लीपर 13, सामान्य 3 और एसएलआर के 2 डिब्बे शामिल हैं। ट्रेन प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर भी रुकेगी। इसके अलावा सोगरिया–दानापुर विशेष ट्रेन संख्या 09817/09818 के अतिरिक्त दो फ़ेरे चलाने का निर्णय भी लिया गया है। यह ट्रेन 23 और 30 अक्टूबर को सोगरिया से दानापुर तथा 25 अक्टूबर और 1 नवंबर को दानापुर से सोगरिया के बीच संचालित होगी।

## नैनी में दारोगा के घर चोरी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यमुनानगर नैनी क्षेत्र में लखनऊ में तैनात दारोगा के बंद मकान में चोरी की वारदात से सनसनी फैल गई। दीपावली का त्योहार मनाने गाज़ीपुर गए परिवार की गैरहाजिरी में चोरों ने ताला तोड़कर मकान को निशाना बनाया। चोर घर से सीसीटीवी कैमरे का सेटअप बॉक्स, डीवीआर, इनवर्टर–बैट्री, गैस सिलेंडर समेत अन्य कीमती उपकरण उठा ले गए। बताया जा रहा है कि चोरी के दौरान चोरों ने सीसीटीवी की हार्ड डिस्क भी निकाल ली, ताकि उनका सुराग न मिल सके। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर लौटी। लगातार हो रही वारदातों ने एक बार फिर नैनी कोतवाली क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है।

## थाना सरायइनायत क्षेत्र में जुआ खेलते 20 अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस आयुक्त जोगेन्द्र कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ. अजय पाल शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सरायइनायत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार रात सरायइनायत क्षेत्र के ग्राम धरौली स्थित मनीष होटल में छापा मारकर पुलिस ने 20 अभियुक्तों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 52,720 रुपये मालफड़ का, 23,120 रुपये जामा तलाशी से, कुल 75,840 रुपये नकद, 52 ताश के पत्तों की 8 गड्डी एवं 19 मोबाइल फोन बरामद किए। यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त कुलदीप सिंह गुनावत, अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस आयुक्त थरवई के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में लालेश्वर बिंद, शमीम खान, लालजी बिंद, विमल सिंह, मनीष केसरवानी, ठाकुर निषाद, अवधेश केसरवानी, ज्ञान सिंह, भूपेन्द्र कुमार, विकास यादव सहित 20 लोग शामिल हैं। सभी अभियुक्त प्रयागराज कमिश्नरेट के विभिन्न इलाकों के निवासी हैं, जबकि एक अभियुक्त बिहार का है।

# लखनऊ में जमघट पर दिखा सियासी तड़का




लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दीपावली के अगले दिन जमघट पर सियासी तड़का के साथ भारतीय सेना के शौर्य का परचम देखने को मिला। आकाश में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के चित्रों वाली पतंगों के पेंच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच लड़ते देख कर लोगों ने खूब आनंद उठाया। ऑपरेशन सिंदूर थीम वाली पतंगों की भी मांग खूब रही है।

लखनऊ में दीपावली के अगले दिन लखनऊ में जमघट का पर्व मनाया जाता है, जिसमें आसमान में रंग-बिरंगी पतंगें उड़ाई जाती हैं। इस बार जमघट पर सियासी रंग भी चढ़ा हुआ है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और अन्य नेताओं की तस्वीरों वाली पतंगें उड़ती दिखीं। जमघट के दिन लखनऊ का आसमान इन सियासी पतंगों से भरा दिखा। नेताओं की तस्वीरें और नारे लिखी पतंगें खूब दिखीं। बिहार चुनाव के चलते भी इस बार पतंगों पर सियासत का खुमार चढ़ा दिखा। पतंगों पर महागठबंधन से लेकर नीतीश-मोदी और योगी के चित्र लोगों को खूब आकर्षित किया। हुसैनगंज स्थित पतंग दुकानदार नसीम अहमद ने बताया कि दीपावली के अगले दिन से ही जमघट में होने वाली पतंगबाजी को लेकर बिक्री शुरू हो जाती है, लेकिन जमघट की पूर्व संध्या पर रौनक अपने चरम पर होती है। उन्होंने बताया कि लोग दर्जनों की संख्या में अलग–अलग डिजाइन की पतंगें खरीदी। साथ ही मांझे के नए किस्म और मजबूत धागों की भी खूब मांग है। पतंग दुकानदार का कहना है कि हर साल की तरह इस बार भी हुसैनगंज का इलाका पतंगबाजी का केंद्र बन गया है। इस बार ऑपरेशन सिंदूर थीम वाली पतंगों की सबसे ज्यादा मांग है। कुछ दुकानों पर बॉलीवुड और कार्टून कैरेक्टर वाली पतंगें भी बच्चों को खूब लुभा रही हैं। वहीं राजनेताओं की पतंगों का अलग ही मांग है। पतंगबाज पीएम मोदी और योगी के साथ अखिलेश यादव वाली पतंगों को भी जमकर ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि लखनऊ के हुसैनगंज, चौक और अमीनाबाद के बाजारों में जमघाट के अवसर पर खास तैयारियां रहती हैं। कई परिवार पतंग उड़ाने को पारंपरिक आनंद का हिस्सा मानते हैं। आसमान में उड़ती पतंगें एक बार फिर पुराने लखनऊ की सांस्कृतिक विरासत को जीवंतता देखने को मिली। जमघट सिर्फ पतंगबाजी नहीं, बल्कि मिलन और खुशियों का एक माध्यम है, जो हर साल लखनऊ के आसमान को रंगों और उल्लास से भर देता है। इस बार बिहार चुनाव का तड़का और ऑपरेशन सिंदूर का क्रेज भी पतंगबाजों के सिर चढ़कर बोल रहा है और आकाश में उनके दावपेंच देखे जा रहे हैं।

## योगी ने गृह मंत्री अमित शाह को दी जन्मदिन की बधाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के गृह मंत्री अमित शाह को जन्मदिन की बधाई दी है । योगी ने कहा है कि प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर यश की प्राप्ति हो। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि, ह्ल अनुशासन, कर्मठता और संगठन-कौशल के अद्भुत समन्वय, लोकप्रिय जननेता एवं देश की आंतरिक सुरक्षा के शिल्पी माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई।ह्न उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर यश की प्राप्ति हो। आपका राष्ट्रसेवा और सहकारिता का पथ और भी जनकल्याणकारी बने, यही मंगलकामना है। गौरतलब है कि 1964 में जन्मे अमित शाह भारतीय जनता पार्टी के उत्थान में एक प्रमुख रणनीतिकार रहे हैं और प्रधानमंत्री मोदी के सबसे करीबी सहयोगियों में से एक हैं। उनके संगठनात्मक कौशल और राजनीतिक कौशल ने उन्हें भाजपा की राष्ट्रीय रणनीति और शासन के एजेंडे, दोनों को आकार देने में केंद्रीय भूमिका दिलाई है। जन्मदिन के मौक़े पर अमित शाह गांधीनगर के सेक्टर 17 में 220 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नवनिर्मित विधायक आवासों का उद्घाटन करेंगे। इस परिसर में 12 नौ-मंजिला टावरों में फैले 216 वातानुकूलित 4बीएचके फ्लैट हैं और इसमें आधुनिक सुविधाएँ जैसे सुंदर बगीचे, एक सभागार, स्वास्थ्य क्लब और मनोरंजन क्षेत्र शामिल हैं।

## नंदौली सहित कई गांवों के किसानों को जलभराव से मिली राहत

**निगोहां , लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के मीरखनगर, कांटा करौंदी, नंदौली, रामदासपुर और बघौना गांव के सैकड़ों किसानों को वर्षों से परेशान कर रही जलभराव की समस्या से आखिरकार राहत मिल गई। नंदौली ग्राम में बुधवार को क्षेत्र के किसान, ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान और समाजसेवी एकत्र हुए। किसानों ने बताया कि नाला न होने के कारण करीब हजारों बीघा कृषि योग्य भूमि हर वर्ष जलभराव से प्रभावित होती थी। धान की फसल बोने के बावजूद पानी भर जाने से फसल सड़ जाती थी, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता था। किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए राम दासपुर ग्राम प्रधान राजकुमार पांडेय, आईपी सिंह , पूर्व प्रधान धीरेंद्र शर्मा, निगोहां मंडल अध्यक्ष ललित सिंह और निगोहा मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा ने पहल की। जेसीबी मशीन लगवाकर नाला साफ कराया गया और जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। नाला साफ होने और खेतों से पानी निकलने के बाद किसानों ने राहत की सांस ली। किसानों ने जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उनकी फसलें डूबने से बच सकेंगी और वे चैन की नींद सो पाएंगे।

## हैदराबाद में प्रयागराज के युवक ने फांसी लगाई, गांव में छाया मातम

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यमुनानगर मेजा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रैपुरा (तंदरिया) निवासी अशोक कुमार सिंह के इकलौते पुत्र दीपक सिंह (26 वर्ष) ने हैदराबाद में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दीपक हैदराबाद की एक निजी कंपनी में कार्यरत था। सोमवार की रात उसने अज्ञात परिस्थितियों में अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पिता अशोक कुमार सिंह सहित पूरे परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि दीपक चार बहनों में इकलौता भाई था, जिस पर पूरे परिवार की उम्मीदें टिकी थीं। मंगलवार दोपहर जब दीपक का शव गांव पहुंचा तो पूरे इलाके में सन्नाटा छा गया। परिजनों के विलाप से वातावरण गमगीन हो गया और ग्रामीणों की भारी भीड़ अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। हैदराबाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कानून का सख्ती से पालन जरूरी : मायावती

लखनऊ। बसपा अध्यक्ष मायावती ने प्रयागराज और लखनऊ में हुई घटनाओं को लेकर राज्य सरकार को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सहित देश के अन्य राज्यों में दलितों और कमजोर वर्गों के साथ हो रही अमानवीय घटनाएँ अत्यंत निंदनीय और चिंताजनक हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर लिखा प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के मुंडेरा चुंगी के पास मामूली कहासुनी में एक दलित व्यक्ति की निर्मम हत्या और लखनऊ में हुई पेशाब कराने जैसी घटनाएँ समाज को झकझोर देने वाली हैं। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं की चर्चा पूरे मीडिया में है और यह प्रदेश की कानून–व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सरकारों से ऐसी घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि समाज में अराजक, आपराधिक और सामंती प्रवृत्तियों का बढ़ना अत्यंत खतरनाक संकेत है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106-Sig-Tender-33-2025-26 |
| कार्य का नाम | 'एस० एंड टी० वर्क आई० सी० डब्लू० इम्प्रूवमेंट ऑफ अर्थिंग अरेंजमेंट ऐज पर लेटेस्ट आर० डी० एस० ओ० गाइडलाइन्स नं–RDSO-SIG0SPD(PROJ)/1/2020, दिनांक 01.01.2025 ओवर एल० के० ओ० डिवीजन ऑफ नॉर्थेर्न रेलवेज ।' |
| अनुमानित लागत | रू 5,28,42,608.35/– |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रू 4,14,200.00 /– |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 365 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 13/11/2025 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | वरिष्ठ सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

**निविदा सू०सं० 106–सिग– टेन्डर–33–2025–26 दिनांक: 21.10.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3275/25

**त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि-2025**

**पहले से ही घोषित अनेक त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ–साथ उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–**

**रेलगाड़ी सं. 04229/04230 लखनऊ जं.-चण्डीगढ़ जं.-लखनऊ जं. आरक्षित सुपरफास्ट त्यौहार विशेष एक्सप्रेस — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04229 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04230 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 21.00 | लखनऊ जं. | 21.30 | ---- |
| 08.00 | ---- | चण्डीगढ़ जं. | ---- | 09.50 |

चलने के दिन : 04229 लखनऊ जं. से दिनांक 22.10.2025 को एवं 04230 चण्डीगढ़ जं. से दिनांक 23.10.2025 को।
ठहराव : बरेली जं., मुरादाबाद जं., सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी एवं अम्बाला छावनी जं. स्टेशन
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 04231/04232 लखनऊ जं.-चण्डीगढ़ जं.-लखनऊ जं. आरक्षित सुपरफास्ट त्यौहार विशेष एक्सप्रेस — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04231 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04232 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 21.00 | लखनऊ जं. | 21.30 | ---- |
| 08.00 | ---- | चण्डीगढ़ जं. | ---- | 09.50 |

चलने के दिन : 04231 लखनऊ जं. से दिनांक 23.10.2025 को एवं 04232 चण्डीगढ़ जं. से दिनांक 24.10.2025 को।
ठहराव : बरेली जं., मुरादाबाद जं., सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी एवं अम्बाला छावनी जं. स्टेशन
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 04233/04234 लखनऊ जं.-शकूरबस्ती-लखनऊ जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04233 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04234 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20.50 | लखनऊ जं. | 20.00 | ---- |
| 07.30 | ---- | शकूरबस्ती | ---- | 09.45 |

चलने के दिन : 04233 लखनऊ जं. से दिनांक 22.10.25, 24.10.25 और 26.10.25 को एवं 04234 शकूरबस्ती से दिनांक 23.10.25, 25.10.25 और 27.10.25 को।
ठहराव : शाहजहांपुर, बरेली जं., मुरादाबाद जं., गाजियाबाद जं., हज़रत निज़ामुद्दीन एवं दिल्ली सफ़दरजंग स्टेशन
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलगाड़ी सं. 04235/04236 लखनऊ जं.-शकूरबस्ती-लखनऊ जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04235 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04236 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20.50 | लखनऊ जं. | 20.00 | ---- |
| 07.30 | ---- | शकूरबस्ती | ---- | 09.45 |

चलने के दिन : 04235 लखनऊ जं. से दिनांक 23.10.25, 25.10.25 और 27.10.25 को एवं 04236 शकूरबस्ती से दिनांक 24.10.25, 26.10.25 और 28.10.25 को।
ठहराव : शाहजहांपुर, बरेली जं., मुरादाबाद जं., गाजियाबाद जं., हज़रत निज़ामुद्दीन एवं दिल्ली सफ़दरजंग स्टेशन
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., द्वितीय सह तृतीय वाता., शयनयान एवं सामान्य

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें**

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3264/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय ग्राम पंचायत भेतमुआ विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी**

पत्रांक– मेमो0 / मनरेगा/ 2025–26 दिनांक 22.10.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत भेतमुआ, विकास खण्ड हैदरगढ़, जनपद–बाराबंकी की मनरेगा योजान्तर्गत स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना 2025–26 में निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्राप्त वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत के सापेक्ष स्वीकृत प्राकक्लन के अनुसार निर्धारित तकनीकी विशिष्टियों के अनुरुप सामग्री सदर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों/ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 23.10.2025 से दिनांक 27.10.2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा दिनाँक को 28.10.2025 अपरान्ह 1 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय/ पंचायत भवन में स्थापित निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान / ग्राम सचिव/निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | लागत रुपए में | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1. | राम प्रसाद के दरवाजे से रंजीत गौतम के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण | 346306 लगभग | इंटरलॉकिंग ईंट , ईंट , बालू , मौरंग , ईंट गिट्टी , सीमेंट पत्थर गिट्टी इत्यादि |
| 2. | मदन के घर से राम नरेश के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण | 492623 लगभग | इंटरलॉकिंग ईंट , ईंट , बालू , मौरंग , ईंट गिट्टी , सीमेंट पत्थर गिट्टी इत्यादि |

नियम व शर्ते

1– निविदादाता का पंजीकरण व्यापार कर विभाग में अवश्य होना चाहिए। 2– निविदा ढालने से पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण अवश्य कर लें। 3– सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर प्राप्त की जाएगी, इस हेतु पृथक से कोई भाडा देय नहीं होगा। 4– इच्छुक निविदादाता कार्यवार तथा सामग्रीवार पृथक पृथक निविदा प्रस्तुत कर सकते है। 5–निविदा प्रपत्र कय करते समय कार्य पर वांछित सामग्री की मात्रा का विवरण नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है तथा कार्यवार सामग्री की मात्रा सम्यन्धी विवरण पंचायत भवन के नोटिस बोर्ड पर भी चरपा है। 6. निविदा स्वीकृत होने के पश्चात रु0 100 के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध पत्र निष्पादित करना होगा। 7– ब्लैक लिस्टेड तथा अन्य कारणों से अस्वीकृत फर्मों/ठेकेदारों की निविदा मान्य नहीं होगी। 8. किसी भी कार्य पर शासन स्तर पर रोक था विवाद की स्थिति में स्वीकृत कार्य पर आपूर्तित सामग्री का भुगतान संभव न होगा एवं न्यायालय में बाध्य योग्य भी नहीं होगा। 9. बिना कारण बताए किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 10. निविदा सामग्री की दर समान होने पर लॉटरी की पद्धति से निविदादाता का चयन किया जाएगा। 11. दिनांक 28.10.2025 को यदि किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है, तो यह कार्य अगले दिवस में संपन्न होगा।

**प्रधान**
**ग्राम भेतमुआ**
**विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी**

**सचिव**
**ग्राम भेतमुआ**
**विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी**

# युवाओं ने रंगोली के माध्यम से दिया संदेश, अज्ञात शहीदों के नाम जलाए दीप, मनाई दीपावली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सामाजिक संस्था राजा राम फाउंडेशन ने शहीद स्मारक पर अज्ञात शहीदों के नाम जलाए दीप, मिष्ठान वितरित कर, मनाया दीपोत्सव। दीपावली के अवसर शहीदों को याद किया गया और इस मौके पर लखनऊ पहुंची ''एक कदम गांधी के साथ'' पदयात्रा के पदयात्रियों स्वागत किया गया और दीप उत्सव का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ उपस्थित साथियों के बधाई दी। संस्था के अध्यक्ष रोहित कश्यप ने बताया की भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में लाखों लोगों ने बलिदान दिया, अपने प्राण न्योछावर कर दिए, परंतु उनमें से अनेक शहीदों के नाम इतिहास में प्रमुखता से दर्ज नहीं हुए हैं। ऐसे ही अज्ञात शहीदों की स्मृति में, जिनके सम्मान में यह शहीद स्मारक स्थापित किया गया है, उनके नाम से दीप जलाए गए।

इस अवसर पर 'एक कदम गांधी के साथ, 'पहला दिया शहीदों के नाम' से रंगोली भी बनाई गई जिसमें महात्मा गांधी द्वारा दीप जलाते हुए दर्शाया गया। यह रंगोली राजा राम फाउंडेशन रचनात्मक कार्यक्रम प्रमुख धीरेन्द्र प्रताप और कविता के देखरेख में तैयार की। रेड ब्रिगेड लखनऊ के साथी



दीपक और अशोक गांधी ने पदयात्रियों के साथ मिलकर पूरे शहीद स्मारक परिसर को दीपों से सजाया। दीप प्रज्वलन के पश्चात सचिन ने ल्लजय जगत पुकारे जा गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पदयात्रा के संयोजक रामधीरज ने कहा, ल्लआज देश में सद्भावना और प्रेम की दीपावली मनाने की आवश्यकता है, और इसके लिए हमें गांधी के मार्ग पर लौटना होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गांधीवादी शिक्षक अंशुमाली शर्मा ने कहा गांधी भवन, लखनऊ के क़ैसरबाग में स्थित है। 'एक कदम गांधी के साथ' पदयात्रा दीपावली के दिन यहीं ठहरी है। गांधी भवन के पुस्तकालय में लगभग 17,000 दुर्लभ पुस्तकें हैं, जिनमें गांधीजी की रचनाएँ और उनसे संबंधित अध्ययन शामिल हैं। गांधी भवन का उपयोग न सिर्फ अध्ययन चर्चा के लिए होता है बल्कि सामाजिक कार्यक्रमों, विचार-विमर्श और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए भी होता है। गांधी भवन के अगल-बगल लखनऊ रेज़िडेंसी और शहीद पार्क है। लखनऊ का शहीद पार्क केवल हरियाली का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि यह उस मिट्टी का प्रतीक है जिसमें स्वतंत्रता की चाह लिए अनगिनत क्रांतिकारियों का लहू रचा-बसा है। यह वही भूमि है जहाँ 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम की ज्वाला फूटी थी और जिसकी लपटों ने पूरे देश को जगाया। लखनऊ रेज़िडेंसी उस संघर्ष की मूक गवाह है, जहाँ अंग्रेज़ हुकूमत और भारतीय विद्रोहियों के बीच महीनों तक भीषण युद्ध चला। रेज़िडेंसी की दीवारों पर आज भी तोपों और गोलियों के निशान हैं जो उस समय के साहस, बलिदान और विद्रोह की अमिट निशानी हैं। कहा जाता है कि रेज़िडेंसी परिसर और आसपास के क्षेत्रों में असंख्य भारतीय सिपाही और आम नागरिक शहीद हुए। किसी का नाम दर्ज नहीं, कोई समाधि नहीं लेकिन ज़मीन का कण-कण स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए आज़ादी के दीवानों के लहू से पवित्र है। इन्हीं अनाम शहीदों की स्मृति में बना है शहीद पार्क। यहाँ शहीद स्मारक भी है जो बहुत ऊँचा दिखता है और पूरे पार्क में एक अलग आकर्षण का केन्द्र है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्व सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदन पाल, महामंत्री अरविंद अंजुम, पूर्व अध्यक्ष सोमनाथ रोड़े, मंत्री अरविंद कुशवाहा, लखनऊ से सामाजिक कार्यकर्ता राकेश इप्टा, रामदत्त त्रिपाठी (पूर्व बीबीसी संवाददाता), रामलॉर्ड बौद्ध, अज़हर फैज़ खान, गुफरान, ऊषा विश्वकर्मा, अखिलेश यादव, पूजा विश्वकर्मा, आलोक सिंह, लक्ष्मी, अन्नू, आयशा, नईम, रामप्रकाश, बलिया से राघवेंद्र भारती आदि शामिल थे पदयात्री साथियों में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे - ईश्वरचंद्र, विद्याधर मास्टर, श्यामधर तिवारी, मानिकचंद, अनोखेलाल, जोखन यादव, सरिता बहन, सिस्टर फ्लोरीन, अलीभा, अंतर्यामी बराल, अजय, सौरभ, गौरव, सचिन, विवेक मिश्र, ब्रिजेश, जगदीश कुमार, टैन, विकास, शुभम, एम.के. साहेब, राहुल शर्मा, प्रवीन वर्मा, अनूप आचार्य, जय प्रकाश।

# रामभक्त सपा को कभी माफ नहीं करेगा : मनीष शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने देश में चल रहे ल्लराजनीतिक इस्लामङ्क को लेकर तीखा निशाना साधा है। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए रामभक्तों का विरोधी और कंस व दुर्योधन पसंद करने वाला बताया है।

मनीष शुक्ला ने बुधवार को जारी अपने एक बयान में बताया कि गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में ब्रिटिश उपनिवेश की चर्चा होती है। फ्रांसीसी उपनिवेश की चर्चा होती है, लेकिन ल्लराजनीतिक इस्लामङ्क की चर्चा नहीं होती है, जिसने सनातन आस्था पर सबसे ज्यादा कुठाराघात किया। पूर्व में हमारे पूर्वजों ने राजनीतिक इस्लाम के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ी, जिसकी चर्चा नहीं होती।



उन्होंने कहा कि देश के अंदर लव जिहाद और धर्म परिवर्तन हो रहा है, जो छद्म नाम से किया जा रहा है। बलरामपुर में एक व्यक्ति जो छांगुर कालनेमी की तरह काम कर रहा था। उन्होंने आगे कहा कि सामान खरीदते समय देखे कि उसमें हलाल तो नहीं है और प्रोडक्ट में हलाल लिखा होता था, जिसका पैसा देश के खिलाफ होता था।

भाजपा प्रवक्ता ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखी हमला बोला। कहा कि अखिलेश को गद्दी तो विरासत में मिल सकती है, बुद्धि नहीं। अखिलेश को कंस और दुर्योधन पसंद हैं। सपा को रामभक्त कभी माफ नहीं करेगा।

# परफ़ेक्ट वेलफ़ेयर सोसाइटी ने किया पार्षद बृजमोहन शर्मा का सम्मान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अर्जुनगंज स्थित MI रेजिडेंस के पीछे, परफ़ेक्ट वेलफ़ेयर सोसाइटी के लोगो ने इब्राहिमपुर प्रथम वार्ड के पार्षद बृजमोहन शर्मा को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया और विकास कार्यो के लिए आभार व्यक्त किया। सोसाइटी के अध्यक्ष राम सुंदर पांडेय ने बताया कि क्षेत्र में विकास कार्यों को एक नई ऊर्जा मिली है। सोसाइटी के लोगों ने पार्षद को सिर्फ एक छोटे से रोड के लिए एक ज्ञापन सौंपा जिससे 200 घरों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, पार्षद बृजमोहन शर्मा ने भी जल्द से जल्द निर्माण कराने का आश्वासन देते हुए परफ़ेक्ट वेलफ़ेयर सोसाइटी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि नगर निगम की सारी समस्याओं का त्वरित निस्तारण होगा।

# ऑंकड़े चेताते हैं, जागरूकता पुकारती है, डॉ. राजेश्वर सिंह का डेमोग्राफिक संतुलन पर संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म ड्ड पर प्रकाशित अपने आत्मीय व विचारोत्तेजक संदेश में कहा कि आज वह समय है जब राष्ट्र की आत्मा - उसकी संस्कृति और सभ्यतागत विरासत पर जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आह्वान किसी समुदाय के विरुद्ध नहीं, बल्कि एक सभ्यतागत चेतना के पुनर्जागरण के लिए है जो समानता, सह-अस्तित्व और सुरक्षा दोनों की बात करता है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने पोस्ट में कहा, ल्लयह युद्ध सीमाओं पर नहीं, बल्कि विचारों के भीतर लड़ा जा रहा है। जब सभ्यता अपने मूल्यों की रक्षा छोड़ देती है, तब अन्य लोग उसकी कहानी लिखते हैं। धर्म की रक्षा किसी मत या आस्था की नहीं, बल्कि सत्य, न्याय और राष्ट्र की रक्षा है।



तथ्य जो सोचने पर विवश करते हैं

डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने संदेश में एद्गद्वपफ्र-2011, NFHS-5 (2019-21), घ्द्गब टद्गपद्गथन्दद्ध (2021) तथा एघ्ट्ट ऋद्धदद्बथ (2025) के आधार पर देश के विभिन्न राज्यों के धार्मिक-जनसांखयिकीय आंकड़ों का उल्लेख किया - केरलः हिंदू 54.73%, मुस्लिम 26.56%, क्रिशचियन 18.38% (1961 में हिंदू य61%), पश्चिम

## अब युद्ध सीमाओं पर नहीं, विचारों के भीतर है– डॉ. राजेश्वर सिंह का आंकड़ों के साथ वैचारिक आह्वान

बंगालः हिंदू 70.54%, मुस्लिम 27.01% (मुर्शिदाबाद 66%, मालदा 51%, उत्तर दिनाजपुर य50%), जम्मू कश्मीरः मुस्लिम 68.31%, हिंदू य28.4% (घाटी य97% मुस्लिम), नगालैंड 87.9% क्रिशचियन, मेघालय 74.6%, मणिपुर- हिंदू 41.4%, क्रिशचियन 41.3%, मुस्लिम 8.4%। इन ऑंकड़ों के साथ डॉ. राजेश्वर सिंह जी ने घ्द्गब टद्गपद्गथन्दद्ध (2021) के हवाले से यह भी बताया कि 1951 से 2011 के बीच केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में हिंदू आबादी का अनुपात लगातार घटा है।

तथ्य महत्वपूर्ण हैं, पर जागरूकता और एकता उससे भी अधिक डॉ. राजेश्वर सिंह जी ने कहा कि भारत की जनसांख्यिकीय संतुलन-रेखा धीरे-धीरे बदल रही है। यह परिवर्तन नीतिगत ध्यान और सामाजिक जागरूकता दोनों की मांग करता है। उन्होंने कहा, ल्लअवैध प्रवासन, लक्षित धर्म परिवर्तन और असमान जनसंख्या वृद्धि जैसे विषय केवल सांख्यिकीय नहीं हैं, ये भारत की नीति, समाज और संस्कृति की दिशा से जुड़े मुद्दे हैं। सनातन धर्म संतुलन और सह-अस्तित्व का प्रतीक है, पर अंधी उदासीनता समाज और सुरक्षा दोनों को कमज़ोर करती है।ङ्क

मूल संदेश - भारत की लड़ाई अब सीमाओं पर नहीं, मन और विचारों के भीतर लड़ी जा रही है। बाहरी आक्रमण अब विचार और कथाओं के रूप में आते हैं इसलिए सत्य, शिक्षा और जागरूकता हमारे सबसे मजबूत हथियार हैं। मौन सहिष्णुता शक्ति नहीं, जागरूकता ही संरक्षण है। जब सनातन जागता है, तब भारत फिर उठ खड़ा होता है।

# लखनऊ की ऐतिहासिक रेजीडेंसी बनेगी सांस्कृतिक पर्यटन का नया केंद्र : जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से राजधानी लखनऊ की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और गौरवशाली विरासत को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से लखनऊ रेजीडेंसी परिसर में भव्य लाइट एंड साउंड शो का शुभारंभ किया गया है।

यह आकर्षक प्रस्तुति दर्शकों के समक्ष लखनऊ की समृद्ध धरोहर, पारंपरिक खानपान, स्वतंत्रता संग्राम में निभाई गई भूमिका, वीर क्रांतिकारियों के अदम्य साहस तथा शहर से जुड़े विविध ऐतिहासिक प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत करता है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से दर्शक न केवल रेजीडेंसी के इतिहास से परिचित होंगे, बल्कि वे उस दौर की संघर्ष गाथा और साहसिक घटनाओं को



भी अनुभव कर सकेंगे, जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि यह शो प्रत्येक शाम 6 बजे से आयोजित किया जा रहा है। प्रारंभिक कुछ दिनों तक पर्यटक इसका निःशुल्क आनंद ले सकेंगे। इसके उपरांत आंशिक शुल्क रखा जाएगा, ताकि रेजीडेंसी घूमने आने वाले अधिक से अधिक लोग इस शो का हिस्सा बन सकें। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग का उद्देश्य रेजीडेंसी में आयोजित इस शो के माध्यम से हर आयु वर्ग के लोगों को इतिहास से जोड़ना है। आगंतुक अपने परिवार के साथ इस शो का आनंद ले सकते हैं। यह कार्यक्रम विशेष रूप से बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहेगा। रेजीडेंसी की ऐतिहासिक इमारतें आज भी 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की गवाही देती हैं। इसकी दीवारों पर आज भी गोलियों और तोप के गोले के निशान उस बलिदान और वीरता की कहानी सुनाते हैं, जिसने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की नींव रखी थी।उ उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने इस अभिनव पहल के माध्यम से न केवल लखनऊ की ऐतिहासिक रेज़ीडेंसी को पुनर्जीवित किया है, बल्कि राज्य में सांस्कृतिक विरासत एवं पर्यटन को भी एक नई ऊर्जा और दिशा दी है। यह लाइट एंड साउंड शो विभाग के उस दूरदर्शी सोच का प्रतीक है, जिसमें इतिहास के संरक्षण और पर्यटन संवर्धन को समान महत्व देते हुए दोनों को एक सूत्र में पिरोया गया है।

## नगरामः पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, दोनों पक्षों से मुकदमे दर्ज

नगराम, लखनऊ। थाना नगराम क्षेत्र के ग्राम भजा खेड़ा में बीते रविवार की रात पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला करने व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी है। पहले पक्ष के अनुसार बीती रविवार की रात करीब 10.30 बजे अरुण जब अपनी दुकान से घर लौट रहे थे, तभी दूसरी ओर से आए शनी देवल, शेखर व साथी ने पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे अरुण सहित उनकी माँ घायल हो गईं। वहीं दूसरे पक्ष से साथी ने बताया कि उसी रात करीब उनके पिता बंशराज नल पर पानी पी रहे थे, तभी अरुण पक्ष के लोग धर्मेन्द्र, अरविन्द, रंजीत, भूरा व जशवंत ने पुरानी रंजिश में गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए और लात घूंसा व डंडों से मारने लगे। इसमें मेरे पिता बंशराज का पैर फैक्चर हो गया तथा अन्य लोग भी घायल हुए। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नगराम : मजदूर ने फंासी लगाकर की आत्महत्या, पत्नी का रो–रो कर बुरा हाल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के बलसिंह खेड़ा गांव में एक मजदूर ने बीते मंगलवार की शाम करीब चार बजे घर के अंदर जिंगला से साड़ी के फंदे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के दौरान मृतक की पत्नी रूबी बच्चों के संग घर के बाहर बैठी थी, जब तक कुछ समझ पाती तब तक मनोज (38) ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, मृतक लंबे समय से शराब का आदी बताया जा रहा है। मृतक के परिवार में पत्नी रूबी (32) और तीन बेटे – मयंक(12), निखिल (8) और निहाल (8 माह) हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी रूबी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि मृतक की शराब की लत के चलते आए दिन परिवार में तनाव रहता था। सूचना पर पहुंची नगराम पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर मंगलवार को ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। दूसरे दिन शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। गांव में घटना को लेकर शोक की लहर व्याप्त है।

# काकोरी में समाज को झकझोर देने वाली वारदात पर सियासत में बढ़ी हलचल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ।काकोरी नगर पंचायत के श्री शीतला माता देवी मंदिर/वन खंडेश्वर मन्दिर परिसर में दिवाली के दिन दलित बुजुर्ग से अमानवीय बर्बरता का मामला प्रकाश में आया है।सत्ता संरक्षित दबंग ने बुजुर्ग को मूत्र चाटने पर मजबूर किया और मंदिर में प्रवेश न करने की धमकी दी।पीड़ित रामपाल रावत 75 वर्ष की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर कर लिया है।

सोमवार को दिवाली की देर शाम को काकोरी नगर पंचायत में हाता हजरत साहब मोहल्ला में स्थित श्री शीतला माता मंदिर दलित बुजुर्ग रामपाल रावत से मन्दिर प्रांगण में बने बारामदे में पेशाब हो जाने पर

**किसान यूनियन की पहल पर बड़ी कार्यवाही,**

**बुजुर्ग दलित को पेशाब**

**इंसानियत को झकझोर देने वाली घटना,**

**दीपावली की रात दलित अस्मिता पर वार,**

**रामपाल से पेशाब चटवाने वाला स्वामीकान्त गुप्ता गिरफ्तार,**

**क्षेत्र में सब भाई बंबे वाले के नाम से मशहूर**

कटरा बाजार निवासी आरएसएस से जुड़े रमाकांत गुप्ता उर्फ दादू के छोटे भाई स्वामीकांत गुप्ता उर्फ पम्मू द्वारा पेशाब चटवाने के मामले ने बुधवार को तूल पकड़ लिया।घटना के बाद मंगलवार को पीड़ित रामपाल रावत किसी से



कोई मद्दत न मिलने के कारण भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव के पास पहुंचा।मनीष ने मामले को गम्भीरता से लिया और प्रशासन के अधिकारियों से बात करने के साथ ही शोशल मीडिया पर टीयूट किया।जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।घटना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहित विपक्षी दलों ने तत्काल संज्ञान लिया।

बुधवार की सुबह भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल पीड़ित के घर पहुंचा।जिसमें पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर,मलिहाबाद विधायक जय देवी कौशल,मोहनलालगंज विधायक अमरीश रावत,नगर पंचायत अध्यक्ष रोहित साहू,मंडल अध्यक्ष विपिन गोपी राजपूत व रविराज लोधी समेत कई नेताओं ने दिया सरकार द्वारा हर संभव मदद करने का भरोसा।शोशल मीडिया पर पूर्व केंद्रीय मंत्री की पोष्ट पड़ते ही अन्य विपक्षी पार्टियों के लोग भी शक्रिय हो गये।

सुबह करीब10 बजे सपा सांसद आरके चौधरी के नेतृत्व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा का प्रतिनिधि मंडल भी पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर कहा दलित समाज के साथ हुए अपमान पर कोई समझौता नहीं।समाजवादी पार्टी पीड़ित की हर लड़ाई में साथ खड़ी है।सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामनाथ रावत एडवोकेट ने पीड़िता के मुकदमे में न्यालय में निःशुल्क पैरवी करने की भी घोषणा की।सपा प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत,पूर्व विधायक अमरीश पुष्कर,सोनू कनौजिया,राजबाला रावत,विजयश्री गौतम,पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह यादव,प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा,रामगोपाल यादव,अनिल पासी,नजमी खान,इब्राहिम मंसूरी,मुईन खान, राम नारायण रावत,रामचंद्र रावत सहित बड़ी संख्या में अन्य सपा नेता मौजूद रहे।दोपहर बाद बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र गौतम की अगुवाई में बसपा का प्रतिनिधि मंडल मिलने पहुंचा।जिसमें जिला पंचायत सदस्य यूसुफ गाजी,पूर्व विधायक प्रत्याशी सत्य कुमार गौतम,आलोक वर्मा,मुनीश राजा,इजहार खान,रियाज अहमद राजू सहित अन्य मौजूद रहे।आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय भारतीय के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवार से वार्ता करने के बाद धरने पर बैठ गया।करीब दो घण्टे के बाद पुलिस प्रशासन के समझाने के बाद धरना समाप्त कर दिया।वीरांगना उदादेवी पासी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आरके सिद्धार्थ ने पीड़ित परिवार से मिलने के बाद पुलिस को कड़ी कार्यवाही के लिए एक ज्ञापन दिया।वहीं आम आदमी पार्टी की जिलाध्यक्ष इरम रिजवी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने पहुंच कर पीड़ित से मुलाकात कर हर सम्भव मद्त करने का आश्वासन दिया।वहीं सुहेलदेव आर्मी और लाखन आर्मी सामाजिक स्वजातीय संघठन के लोगों ने पीड़ित परिवार से मिलने के बाद प्रशासन की कार्यवाही पर प्रश्नचिन्ह उठाते हुए परिवार के साथ मन्दिर प्रांगण में धरने पर बैठे हैं।

# मैगलगंज में डबल डेकर बस में भीषण आग, बाल-बाल बचीं सवारियां

**बस दिल्ली से सीतापुर जा रही थी और इसे डग्गामार (बिना परमिट) बताया जा रहा है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मैगलगंज, खीरी। जिले के मैगलगंज क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आई है। यहां एक डबल डेकर प्राइवेट बस में अचानक आग लग गई, जिससे हड़कंप मच गया। गनीमत यह रही कि आग लगने के वक्त सभी यात्री बस से नीचे उतरकर चाय पी रहे थे, वरना यह हादसा एक बड़ी त्रासदी में बदल सकता था।

जानकारी के अनुसार, यह बस दिल्ली से सीतापुर जा रही थी और इसे डग्गामार ( बिना परमिट ) बताया जा रहा है। अचानक बस में आग लगने से कुछ ही मिनटों में पूरी बस जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जिसके बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अगर सवारियां बस में होतीं तो जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता था। घटना के बाद यात्रियों में दहशत का माहौल रहा।

इस हादसे ने एक बार फिर सड़क परिवहन के नियमों और डग्गामार बसों के संचालन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर कब तक बिना परमिट और सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर यात्रियों की जान के साथ खिलवाड़ किया जाएगा? स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जिले और आसपास के क्षेत्रों में चल रही बिना अनुमति की बसों पर सख्त कार्रवाई की जाए।यह हादसा प्रशासन के लिए बड़ा सबक है। सवाल अब यह है कि यात्रियों की सस्ती जान से बड़ा क्या ल्लपैसा बन चुका है घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस और परिवहन विभाग अब इस पूरे मामले की गहन जांच में जुट गए हैं।

## रंगोली दीयो और खुशियों में दीपावली समारोह सम्पन्न

ततरोई नैमिषारण्य। सरोजनी सियाराम बाबूराम नन्द इन्टर कालेज कादीनगर विद्यालय परिसर को रंग बिंरगी रंगीली झालरो दीयो और फूलो से सजाया गया जिससे उत्सव का माहौल बन गया इस अवसर पर बच्चो ने अपनी रचनात्मक का प्रदर्शन किया विद्यालय प्रांगण मे रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे छात्रो ने रंगो से सजीव चित्र बनाए रंगोली के डिजाइन मे दीप मां लक्ष्मी गणेश जी और स्वच्छ भारत जैसे विषयो को शामिल कर बच्चो ने त्योहार के साथ सकारात्मक सन्देश भी दियासरोजनी सियाराम बाबूराम नन्द इन्टर कालेज कादीनगर मे विद्यालय संचालक देवेन्द्र नन्द वशी एडवोकेट प्रधानाचार्य सुनील कुमार नन्दवशी ने बच्चो के प्रदर्शन की सराहना की और उन्हो जीवन मे इसी उत्साह और लगन के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया सभी अध्यापक को दीपावली पर्व पर पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया सरोजनी सियाराम बाबूराम नन्द इन्टर कालेज कादीनगर नैमिषारण्य से दस किलो मीटर की दूरी स्थित है

## जगमग हुई दीवाली, थानाध्यक्ष ने परिवार में बांटी खुशियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर। मानवता के कार्यों में लगातार चर्चित रहने वाले थानाध्यक्ष रेउसा हनुमंत लाल तिवारी ने एक बार फिर क्षेत्र के गोधनी सरैंय्या गांव पहुंच कर स्व0 कमलाकांत मिश्र के घर बच्चों में दीपावली की खुशियां बांटी।

ज्ञातव्य हो कि विगत 16 अगस्त 2024 को स्कूल में राखी बांधने के उद्देश्य से बेटी के कहने पर रेउसा थाना अन्तर्गत मंगू चौराहे पर स्थित मिठाई की दुकान पर मिठाई खरीदते समय रेउसा की ओर से आये अनियंत्रित चौपहिया वाहन ने उन्हें कुचल दिया था जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई थी। रक्षाबंधन की खुशियां मातम में बदल गई थीं।परिवार में पत्नी के अलावा एक छोटी बेटी अनुष्का व एक बेटा अथर्व मिश्र है। मृतक के परिवार पर मानो पहाड़ टूट पड़ा था। इस बात की जानकारी जब थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी को मिली तो वह तुरंत गांव पहुंच कर पीड़ित परिवार से मिले और मृतक की पत्नी को अपनी मुंहबोली बहन बना लिया।अब जब भी रक्षाबंधन त्योहार आता है तो थानाध्यक्ष घर जाकर राखी बंधवाते हैं तथा बच्चों को उपहार देते हैं। इसी क्रम में सोमवार को दीपावली के दिन थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी ने गोधनी सरैंय्या गांव पहुंच कर अपनी मुंहबोली बहन रेनू मिश्रा तथा परिवार को त्योहार की शुभकामनाएं दीं तथा दोनों बच्चों को उपहार देकर परिवार में खुशियां बांटी।

## ग्राम पंचायत ततरोई के प्रधान रन्जीत रावत ने पुलिस और पत्रकारो को पुरस्कृत कर किया सम्मानित

**अतिथि गणों के साथ दीपावली पर भी की गयी चर्चा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**ततरोई, नैमिषारण्य।** दीपावली का पर्व केवल दीप जलाने का अवसर नही है बल्कि अपने भीतर का अन्धकार को मिटाने का संकल्प भी है यह प्रकाश का पर्व है जो हमे बाहरी दीयो की तरह ही आंतरिक रोशनी जगाने की प्रेरणा देता है दीपावली अमावस्या की रात्रि मे आती हैग्राम पंचायत ततरोई के प्रधान रन्जीत रावत ने पुलिस और पत्रकारो को किया सम्मानित थाना नैमिषारण्य के अन्तर्गत पुलिस चौकी बेलहरी के चौकी प्रभारी अनिल कुमार समाजसेवक उदन रावत दीवान जी तेज बहादुर दीपावली के अवसर पर जनपद सीतापुर की ब्लाक मिश्रिख की ग्राम पंचायत ततरोई प्रधान रन्जीत रावत ने गमछा पहनाकर बन्द ईनाम देकर स्मृति चिह्न देकर सम्मानित कियाजब कोई नही कर पाया विकास तब प्रधान रन्जीत रावत ने कर दिखाया चाल साल मे विकास प्रधान का कहना है जनता ही प्रधान है जैसा जनता कहती वैसा हम करते अबकी बार फिर से प्रधान बनाना है

## शौच के लिए निकले युवक का शव तालाब में उतराता मिला

बिसवां, सीतापुर। सदरपुर थाना अन्तर्गत शौच के लिए निकले युवक का शव तालाब में उतराता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सदरपुर के देबियापुर गांव निवासी प्रमोद कुमार यादव ( 35 वर्ष )पुत्र राम लखन गत मंगलवार की रात्रि में शौच के लिए गांव से पूरब स्थित तालाब के पास गये हुए थे किन्तु जब वह देर रात तक वापस नहीं लौटे तो घर वालों ने ढूंढना शुरू किया। बुधवार भोर समय में गांव के पूरब तालाब में प्रमोद का शव उतराता मिला। परिजन शव को निकाल कर घर ले आये और पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने आशंका जताई कि शौच करते समय पैर फिसल जाने से वह गहरे तालाब में चला गया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा एक पुत्र व एक पुत्री छोड़ गया है। वही मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। सूचना पाकर देबियापुर पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह अपने हमराही आरक्षियों के साथ मौके पर पहुंचे तथा जानकारी ली। पुलिस ने पंचनामा भर कर शव को पीएम के लिए भेजवाया। घर में दीपावली की खुशियां मातम में बदल गयीं।

## श्रद्धापूर्वक मनाया शहीद अशफाक उल्ला खां का 125वां जन्मदिवस

**बिस्मिल-अशफाक की आत्मकथा के अंश सुनाते हुए वित्त मंत्री हुए भावुक-शहीद अशफाक उल्ला खां के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता:वित्त मंत्री**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। शहीद-ए-आजम अशफाक उल्ला खां की 125वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनायी गई। बलिदानी अशफाक की मजार पर मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र ने चादरपोशी व गुलपोशी कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।स्मारक परिसर में आयोजित भव्य समारोह को सम्बोधित करते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शहीद के बलिदान को याद करते हुए अमर बलिदानी रामप्रसाद बिस्मिल व अशफाक उल्ला खां की आत्मकथा के अंश भी सुनाए और सुनाते हुए वे भावुक भी हो गए। उन्होंने कहा कि शहीद अशफाक उल्ला खां के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। समारोह की अध्यक्षता करते हुए क्रान्तिकारी लेखक सुधीर विद्यार्थी ने कहा कि क्रांतिकारियों ने जिस जज्बे के साथ मुल्क की आजादी की लड़ाई लड़ी, वह अविस्मरणीय है। शायर राशिद हुसैन राही जुगनू ने शहीदों को काव्यमय श्रद्धांजलि दी। स्वागत संबोधन में शहीद के प्रपौत्र अशफाक उल्ला खां ने कहा कि पंडित रामप्रसाद बिस्मिल और अशफाक उल्ला खां ने साथी क्रांतिकारियों के साथ मिलकर काकोरी ट्रेन एक्शन को अंजाम दिया। आज के समय में कौमी एकता को मजबूत बनाने की जरूरत है। कवि डॉ. इन्दु अजनबी के संचालन में संपन्न हुए आयोजन में प्रमुख रूप से आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, अरुण गुप्ता, पवन सिंह, शादाब उल्ला खां, पार्षद दिवाकर मिश्रा, तालिब खां, जितेन्द्र वर्मा, अब्दुल सत्तार, मो. रजी, डॉ. मोहसिन, नईम अहमद, जगदीश कुशवाहा, रंगकर्मी शमीम आजाद, मुजीबुर्रहमान, मुकेश राठौर, अनीत त्रिवेदी एडवोकेट, रमेश यादव, तकवीम हसन, शरीफ कुरैशी, डा. इफ्जालुर्रहमान खां, शाहीना खातून, गुलिस्तां खान एडवोकेट, असगर यासिर, हमीद खिजर, कलीम खां, तनवीर खां एडवोकेट आदि कई लोग मौजूद रहे। अंत में आयोजक शहीद के पौत्र आफाक उल्ला खां ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## पराली जलाने पर रोक लगाने के लिये एसडीएम ने की बैठक

**पराली जलाने की घटना के दोषी 5 किसानों पर 15 हजार रूपये जुर्माना, 107/116 की कार्यवाही करते हुए पट्टे को निलंबित की कार्रवाई क गयी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। धान एवं गन्ने की पराली जलाने की घटनाओं की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत बुधवार को पराली जलाने के मामले में विभिन्न गाँवों बलेरा, रामनगर , बेलडांडी मे एस डी एम डाक्टर अवनीश कुमार द्वारा जगह जगह बैठक आयोजित की गई तथा पराली न जलाने की अपील की गई तथा पराली जलाने की घटना के दोषी 05 किसानों पर 15000जुर्माना, 107/116 की कार्यवाही करते हुए सट्टे को निलंबन किया गया।

अपील की गई एवं किसानों को बताया गया कि पराली जलाने की घटनाओं को दिन या रात के अँधेरे मे करके छिपाया नहीं जा सकता क्योंकि इसकी निगरानी आसमान में घूम रहे सेटेलाइट द्वारा की जाती हैं जो कि किसी भी पराली जलने के स्थान की लोकेशन लेकर प्रशासन को भेज देता है और अधिकारी उसी लोकेशन से सीधे पराली जलाने वाले के खेत पर पहुंच जाते है एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार तहसील क्षेत्र के अलग-अलग गांव में दस्तक देकर पराली जलाने के दुष्प्रभाव बता रहे हैं। अफसरो ने ग्रामीणों को बताया कि फसल कटाई के दौरान प्रयोग की जाने वाली कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रारीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बेलर अथवा अन्य कोई फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्र का उपयोग अनिवार्य रूप से हो तथा उक्त व्यवस्था बगैर कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर से कटाई न करने पाये। यदि कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बेलर या अन्य फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्रों के बगैर चलते हुयी मिले तो उसको तत्काल सीज करते हुये कम्बाइन मालिक के स्वयं के खर्च पर सुपर स्ट्रा-मैनेजमेन्ट सिस्टम लगवाकर ही छोड़ा जाये। इस दौरान ग्रामीण विशेष कर किसानों को पराली ना जलाने का संकल्प दिलाया गया।

## खड़े ट्रक से टकराई कार, दंपति और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मैगलगंज, खीरी। जिले के मैगलगंज क्षेत्र से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। एनएच-30 हाईवे टोल प्लाजा के पास एक तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक में जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार दंपति सहित दो मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस व टोल कर्मियों को सूचना दी। पुलिस टीम और टोल प्लाजा कर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे और बड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला।सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी पसगवां भेजा गया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका उपचार जारी है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा कार की तेज रफ्तार और अचानक सामने आए ट्रक के कारण हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।इस हादसे ने एक बार फिर हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था और ओवरस्पीड वाहनों पर नियंत्रण को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि टोल प्लाजा के आसपास दुर्घटना संभावित स्थलों पर चेतावनी संकेत और स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद से क्षेत्र में दहशत और चिंता का माहौल है।

## शहीद अशफाक उल्ला खां पूरे देश के गौरव हैं: फूल मियां

शाहजहांपुर। आजादी के महान क्रांतिकारी एवं शहीद-ए-वतन अशफाक उल्लाह खां की 125वीं जयंती मदरसा नूरुलहुदा बिजलीपुरा में बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मदरसे के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने की। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अशफाक उल्ला खां न केवल शाहजहांपुर के, बल्कि पूरे देश के गौरव हैं। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर यह साबित किया कि मातृभूमि के प्रति समर्पण सर्वोपरि है। कहा कि युवाओं को शहीद अशफाक उल्ला खां के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। गोष्ठी में शिक्षकों ने भी अपने-अपने विचार रखे और विद्यार्थियों को शहीदों के बलिदान की गाथाएं सुनाईं। छात्रों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावनात्मक बना दिया। अंत में शहीद ए वतन अशफाक उल्ला खान को खिराजे अकीदत पेश की गई। इस मौके पर इजहार हसन, कामरान हुसैन, मोईन खान, शारिक अली खान, साजिद अली खान, ममनून खान, मोहम्मद जाहिद, सुबूही, शारिक अली आदि कई लोग मौजूद रहे।

## सात दिवसीय रामलीला मेलों का शुभारंभ



पिपरिया धनी खीरी। कल दिन मंगलवार को शाम लगभग आठ बजें गांव झखरा में स्थित 22 सालों से लगातार मेलें का आयोजन किया जा रहा हैं।जिसमें मेंलों में मुख्य अतिथि के रूप में दर्जा प्राप्त राजकीय पंचायतीराज मंत्री (विधायक)लोकेंद्र प्रताप सिंह ने मेंलें का उद्घाटन किया उद्घाटन के बाद श्री गणेश भगवान जी की आरती के बाद विविध प्रकार के कार्यक्रम कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत किए गएं।वहीं पर ग्राम पंचायत भुड़िंया के प्रधान राजेश कुमार व समस्त कमेंटी के द्वारा मुख्य अतिथि कों मालां डालकर शॉल उड़ाकर समस्त कमेंटी के द्वारा सम्मानित किया गया।और सैकड़ो की संख्या में मौजूद क्षेत्रीय ग्रामीणों ने मेंलें का आनंद लिया।इस मौके पूर्व मंडल अध्यक्ष रामभेरोस वर्मा,उपाध्यक्ष दुर्वेश सिंह,उपाध्यक्ष प्रेमाद कुमार मिश्रा,नरेंद्र सिंह,प्रधान राजेश कुमार,साहबगंज प्रधान सुदेश,संजीव सिंह,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रितेश सिंह तोमर,विक्की कुमार,वहीं पर सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस चौकी रेहरिया इंचार्ज हिमांशु आनंद सिंह, मौके पर मौजूद रहें।

## नाबालिग से छेड़छाड़ का अभियुक्त गांजा के साथ गिरफ्तार

शाहजहांपुर । थाना पुवायां पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ के वांछित अभियुक्त को एक किलोग्राम से अधिक गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।दरअसल, थाना पुवायां क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके घर के सामने 60 साल के जलालुदीन पुत्र खैराती की दुकान है। मंगलवार को उसकी 10 साल की बेटी उसकी दुकान पर चिप्स का पैकेट लेने गई थी। वहां, आरोपी जलालुदीन ने चाकलेट का लालच देकर उसके कपडे फाडकर अश्लील हरकत की। तहतरी के आधार पर पुलिस ने आरोपी जलालुदीन पुत्र खैराती के खिलाफ धारा 76 बीएनएस व 7/8 पास्को एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की और आरोपी की दुकान पर दविश दी। पुलिस ने अभियुक्त को एक किलो 158 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति उसे गांजा देकर जाता है और लोगों को बेचता है। बताया कि गांजा को बेचकर वो अपने घर का खर्चा चलाता है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने कबूल किया कि बच्ची उसकी दुकान पर चिप्स लेने आई थी और उसने चाकलेट का लालच देकर कपडे फाडकर उससे अश्लील हरकत की थी। फिलहाल, पुवायां पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त जलालुदीन को जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना पुवायां के वरिष्ठ उपनिरीक्षक राकेश सिंह के साथ उपनिरीक्षक अजीत सिंह, हेड कांस्टेवल धीरेन्द्र प्रताप व कांस्टेवल तरुण कुमार मौजूद रहे।

## एन एच एम कर्मियों के आंसुओं में डूबी रोशनी

**वेतन न मिलने से दीवाली हुई काली, एएनएम को दो महीनों से नहीं मिला वेतन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां, सीतापुर। जहां एक ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में सभी त्योहारों को बड़ी ही खुशी, उल्लास व धूमधाम से मनाये जाने के लिए हर समाज को सुविधाएं मुहैया कराने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखते हैं वहीं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत एएनएम को दो महीनों से वेतन न मिलने से उनकी दिवाली काली हो गई। किन्हीं कारणों से विगत दो महीना से उन्हें वेतन नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि तीसरा महीना चल रहा है परन्तु पता नहीं सिस्टम में कहां क्या खराबी है जिससे उन्हें विगत दो महीनों से वेतन नहीं मिला। इस दीपावली महापर्व पर भी वेतन नहीं मिला जिससे उनकी दिवाली काली हो गई। बिसवां विकास खण्ड के सुखावां कलां केन्द्र पर काफी समय से एएनएम नेहा शुक्ला की तैनाती है। उन्हें विगत दो महीनों से वेतन नहीं मिल सका है। अपनी व्यथा बताते हुए एएनएम ने बताया कि इस बारे में जिम्मेदारों से कई बार निवेदन किया परन्तु उन्होंने सिस्टम में गलती होना बता कर टाल दिया। पता नहीं सिस्टम में क्या खराबी है जो मुझे वेतन नहीं मिला। इतना ही नहीं अन्य केन्द्रों पर तैनात एएनएम को भी एक से दो माह का वेतन नहीं मिल सका है जिससे परिवार चलाने के लाले पड़ गए हैं।

## बच्चों की शिक्षा छीनकर उनको अनपढ़ बनाना चाहती है सरकार: तनवीर खां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। पुवायां विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक बंडा के गांव नभीची में समाजवादी पीडीए पंचायत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुवायां विधानसभा अध्यक्ष विपिन दीक्षित उर्फ नीटू ने की और कार्यक्रम का आयोजन गौरव भारती ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां ने ग्रामवासियों को पीडीए की अपील बांटी और कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार सर्व समाज के दबे कुचले और बेसहारा लोगों के साथ अन्याय कर रही है और पीडीए के लोगों का लगातार शोषण और उत्पीड़न कर रही है। कहा कि यह सरकार बच्चों की शिक्षा छीनकर उनको अनपढ़ बनाना चाहती है। जबकि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, डॉ राम मनोहर लोहिया, संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, जय प्रकाश नारायण और मुलायम सिंह यादव के सपनों को साकार करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 2027 सभी लोगों को मिलकर पीडीए व समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। इस मौके पर नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा नेता जितेंद्र प्रसाद, दोदराम वर्मा, पुवायां विधानसभा अध्यक्ष विपिन दीक्षित, शिक्षक नेता श्यामलाल यादव, गौरव शुक्ला एडवोकेट आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सपा जिला उपाध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल, असलम खान, खुटार ब्लॉक अध्यक्ष अतेंद्र वर्मा, सरदार मंजीत सिंह, रामनिवास यादव, बलविंदर यादव, शिवकुमार दीक्षित, सिद्दीक खान, राजकुमार शर्मा, पीएल गौतम, संजय पासी, सुनील कुमार, विमलेश, अनुज, राहुल, रवि कुमार आदि कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सपा बंडा ब्लाक अध्यक्ष मोनू मिश्रा ने किया।

# जुए के रुपये को लेकर किसान की ईंट से सिर कुचलकर हत्या

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सिर में गंभीर चोट से मौत की पुष्टि हुई है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। दिवाली की पूजा करने के बाद जुआ खेलने गए किसान की रुपयों के लेनदेन के विवाद में ईंट से सिर में वार करके हत्या कर दी गई। शव गांव के पास ही खेत में फेंक दिया गया। मंगलवार की सुबह लोगों ने शव खेत में पड़ा देखा तो कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सिर में गंभीर चोट से मौत की पुष्टि हुई है। परिवार के लोगों ने तहरीर नहीं दी है। पुलिस ने किसान के शव का अपनी मौजूदगी में अंतिम संस्कार करा दिया है। उघैती थाना क्षेत्र के गांव कोठा निवासी राम प्रकाश (60) का मंगलवार की सुबह शव खेत में खून से लथपथ पड़ा मिला तो सनसनी फैल गई। राम प्रकाश खेती करके अपने परिवार का पालन-पोषण करते आ रहे थे। परिजनों के मुताबिक, वह होली-दिवाली पर जुआ भी खेल लिया करते थे। सोमवार रात करीब आठ बजे दिवाली की पूजा करने के बाद वह जुआ खेलने के लिए घरवालों को बिना बताए ही निकल गए। परिवार के लोगों ने समझा कि वह खेत पर फसल की रखवाली करने गए होंगे। परिजनों का कहना है कि वह रोजाना खेत पर जाते थे तो ऐसी कोई चिंता की बात भी नहीं थी। मंगलवार सुबह एक ग्रामीण ने गांव के नजदीक खेत में राम प्रकाश का शव खून से लथपथ पड़ा देखा तो सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के शव को जिला मुख्यालय पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सिर में वजनदार चीज से वार करने मौत की पुष्टि हुई है। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है। फड़ लगाकर हो रहा था जुआ गांव के लोगों का कहना है कि करीब चार दिन से थाना पुलिस की देखरेख में गांव के बाहर टैंट लगाकर जुआ का फड़ लग रहा था। पुलिस रुपये ले रही थी। सोमवार की रात गांव के जुआ खेलने के शौकीन लोग वहां मौजूद थे।

बताया जा रहा है कि रामप्रकाश मोटी रकम जुआ में जीत गए थे। इसी बात को लेकर गांव के ही हारने वाले लोगों ने उनकी हत्या कर दी और उनके रुपये भी छीन लिए। हत्या कर शव खेत में फेंक दिया गया। फड़ पर चल रही थी शराब की पार्टी जहां जुए का फड़ लगा था वहां शराब की पार्टी भी चल रही थी। लोग शराब के नशे में थे और जुआ खेल रहे थे। इसी दौरान जुए के रुपये को लेकर किसान की हत्या कर दी गई। जुए में मौजूद लोगों को इसकी जानकारी भी है, लेकिन पुलिस ने अबतक इस मामले में किसी को हिरासत में नहीं लिया है। न ही किसान के परिजनों ने ही इस मामले में कोई तहरीर ही दी है। बेटे की पांच साल पहले दिल्ली में हुई थी हत्या परिजनों का कहना है रामप्रकाश जुआ खेलने के शौकीन थे। इस दिवाली भी वह जुए में अच्छी खासी रकम जीत गए थे। इसलिए अन्य जुआरियों ने उनकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। उनके एक बेटा था, जिसकी पांच साल पहले दिल्ली में हत्या कर दी गई थी। उनके दामाद की भी सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। रामप्रकाश की मौत से परिजनों में कोहराम है। संजीव कुमार, सीओ बिल्सी ने बताया कि किसान रामप्रकाश सोमवार रात से लापता था। उसका शव खेत में मिला है। हत्या क्यों की गई है, इसकी छानबीन पुलिस कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को जेल भेजा जाएगा। हालांकि अभी तक जुए में रुपये के लेनदेन को लेकर हत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सिर में गंभीर चोट से मौत की पुष्टि हुई है।

## शहीद हुए जवानों की स्मृति में 'शहीद परेड' का आयोजन, दी श्रद्धांजलि

प्रयागराज । रेलवे सुरक्षा बल/उत्तर मध्य रेलवे द्वारा आज सूबेदारगंज स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में वर्ष 2024-25 के दौरान ड्यूटी के समय शहीद हुए टध्क्क जवानों की स्मृति में ''शहीद परेड'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बल के शहीद सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रेनू पुष्कर छिब्बर, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त (टध्क्क), उत्तर मध्य रेलवे रहीं, जिन्होंने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि देश और रेलवे की सुरक्षा में अपना जीवन न्योछावर करने वाले जवानों का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा।इस भावपूर्ण अवसर पर विजय प्रकाश पंडित, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त/प्रयागराज मंडल सहित रेलवे सुरक्षा बल मुख्यालय, मंडल व प्रशिक्षण केंद्र के अनेक अधिकारी और बड़ी संख्या में जवान मौजूद रहे।समारोह के दौरान शहीदों के प्रति सम्मान स्वरूप दो मिनट का मौन रखा गया। उपस्थित अधिकारियों और जवानों ने शहीदों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और बलिदान को नमन करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया।इस तरह के आयोजनों से न केवल शहीदों को सम्मान मिलता है, बल्कि बल के वर्तमान जवानों को भी प्रेरणा मिलती है।

# दीपावली के बाद जिले की हवा में घुला धुआं

**प्रदूषण नियंत्रण विभाग की रिपोर्ट में जिले का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 165 दर्ज किया गया, जो सामान्य सीमा से दो गुना है। आने वाले दो–तीन दिनों में तेज हवा चलने से वायु की स्थिति में होगा सुधार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। दीपावली की रात पटाखों की गूंज और दीपों की जगमग रोशनी में नहाया जिला अब प्रदूषण की मार झेल रहा है। सोमवार की रात दीपोत्सव के बाद मंगलवार सुबह हवा में धुएं और धूलकणों की परत छाई रही।

प्रदूषण नियंत्रण विभाग की रिपोर्ट में जिले का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 165 दर्ज किया गया, जो सामान्य सीमा से दो गुना है। आने वाले दो-तीन दिनों में तेज हवा चलने से वायु की स्थिति में होगा सुधार। डॉक्टरों के अनुसार, यह स्तर मॉडरेट कैटेगरी में आता है, लेकिन अस्थमा और फ़ेफड़ों से जुड़ी बीमारियों वाले मरीजों के लिए यह खतरनाक है। मंगलवार को जिला अस्पताल और प्राइवेट डॉक्टरों के पास सांस लेने में तकलीफ और आंखों में जलन की शिकायत लेकर पहुंचे मरीजों की संख्या अधिक रही। सीएमएस डॉ. अमित वार्ष्णेय ने बताया कि प्रदूषण से खासतौर पर बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने सलाह दी कि सुबह के समय सैर पर न निकलें और जरूरत पड़ने पर ही बाहर जाएं। वहीं, नगर पालिका ने मंगलवार सुबह से सफाई अभियान चलाया। कचहरी रोड, सिविल लाइन, कोतवाली, स्टेशन इलाकों में पटाखों के अवशेष और राख की सफाई की गई। वहीं, पर्यावरण प्रेमियों ने ग्रीन दिवाली का संदेश देते हुए अपील की कि लोग अगले वर्ष कम पटाखे जलाएं। मिट्टी के दीयों का प्रयोग बढ़ाएं। प्रदूषण विभाग के अधिकारी ने बताया कि हवा में पीएम 2.5 कणों की मात्रा बढ़ने से एक्यूआई में यह उछाल आया है। आने वाले दो-तीन दिनों में तेज हवा चलने से वायु की स्थिति सुधरने की उम्मीद है। नवंबर 2020 में रही थी सबसे खराब स्थिति जानकारों के मुताबिक, वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) नवंबर 2020 में सबसे खराब 253 रहा था। वहीं 2021 में 121, 2022 में 135, 2023 में 106, 2024 में 88 और 2025 अक्तूबर में 165 दर्ज किया गया।

# गोवर्धन पूजा पर विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में रोटरी क्लब गंगा ने किया गौ पूजन

**गोसेवा से जीवन में समृद्धि और शांति आती है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल, बबराला। गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में रोटरी क्लब गंगा द्वारा गौ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले गौ माता लक्ष्मी का विधिवत पूजन किया गया।

तत्पश्चात माँ श्यामा, माँ ललिता, माँ गौरी और माँ लक्ष्मी को रोली, चंदन, अक्षत और पुष्प अर्पित कर टीका लगाया गया। पूजन के बाद चारों माताओं को अंगवस्त्र भेंट किए गए तथा फूल, फल, मिठाई, गुड़ और हरा चारा अर्पित कर गोसेवा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में भजन और गोवर्धन पूजा के पारंपरिक गीतों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बन गया। रोटरी क्लब गंगा के चेयरमैन रोटेरियन अतुल गोयल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता को माता के समान स्थान प्राप्त है।

गोसेवा से जीवन में समृद्धि और शांति आती है। उन्होंने कहा कि इस परंपरा को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना हमारा दायित्व है। कार्यक्रम में उमेश गुप्ता, योगेन्द्र सिंह, विजय गोयल, कार्तिक गोयल, गर्वित, आद्विक, सात्विक, प्रियांशु तथा प्रबन्धक पं. श्याम बिहारी मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को प्रसाद वितरण किया गया और विद्यालय प्रबंधन की ओर से उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# रंजिश के चलते युवक की पीट–पीटकर हत्या



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना कांट क्षेत्र के गांव सफ्तयारा में बीती शाम रंजिश के चलते एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। सूचना पर एसपी राजेश द्विवेदी ने मौका मुआयना किया और परिजनों से घटना की जानकारी ली। वहीं, फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस को घटनास्थल से तीन गिलास और शराब का एक पौव्वा मिला है। मामला दो समुदाय से जुड़ा होने के कारण गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है। जानकारी के अनुसार, थाना काटं क्षेत्र के गांव सफ्तयारा निवासी 25 वर्षीय ओमकार करीब पांच साल पहले दूसरे समुदाय की एक युवती को अपने साथ ले गया था। इस मामले में युवती के परिजनों की तहरीर पर ओमकार के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसके बाद पुलिस ने युवती को बरामद कर आरोपी ओमकार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। ओमकार इस समय जमानत पर जेल से छूटा हुआ था। बताया जा रहा है कि इसी रंजिश के चलते ओमकार की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि आरापियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों को लगाया है। जल्द आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगें।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को मिला दीपावली का तोहफा

**एडिशनल एसपी अनुकृति शर्मा एवं थाना प्रभारियों ने जरूरतमंद महिलाओं संग मनाई दीपावली**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गुन्नौर, बबराला। मिशन शक्ति-5 अभियान के अंतर्गत मंगलवार को बबराला में पुलिस प्रशासन द्वारा समाज के अत्यंत गरीब वर्ग की महिलाओं के साथ दीपावली का पर्व संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकार के साथ मनाया गया। थाना बबराला प्रभारी नरेंद्र कुमार एवं एडिशनल एसपी अनुकृति शर्मा ने संयुक्त रूप से क्षेत्र की तीन अत्यधिक गरीब महिलाओं को चिन्हित कर उनके घर पहुंचकर दीपावली का उपहार भेंट किया। इस दौरान उन्हें रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुएं एवं त्योहारी सामग्री प्रदान की गई। अधिकारियों ने इन महिलाओं को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके जीवन में खुशियों की कामना की। इसी क्रम में थाना गुन्नौर प्रभारी अखिलेश प्रधान ने भी एडिशनल एसपी अनुकृति शर्मा के साथ काशीराम आवास पहुंचकर वहां निवासरत लोगों के साथ दीपावली की खुशियों में सहभागिता की। अधिकारियों ने गरीब परिवारों को मिठाई और उपहार वितरित किए तथा दीप प्रज्वलित कर सबके साथ पर्व का उल्लास साझा किया।इस अवसर पर एडिशनल एसपी अनुकृति शर्मा ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, उनकी सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना है। पुलिस प्रशासन केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के हर तबके के साथ संवेदनशील रूप से जुड़ा है। दीपावली के इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों की यह पहल न केवल मानवीयता का संदेश देती है, बल्कि मिशन शक्ति के वास्तविक उद्देश्य को भी धरातल पर साकार करती है।

## मॉल के बाहर महिला से छेड़छाड़, शाम होते ही लगता है आवारा लड़कों का डेरा

बदायूँ। सदर कोतवाली क्षेत्र के बीचो-बीच एक मॉल के बाहर रोड पर महिला से कुछ आवारा लड़कों ने महिला से छेड़छाड़ कर दी। वहीं आवारा लड़के मौका देखकर फरार हो गए। वहीं लोगों ने बताया कि छेड़छाड़ के बाद काफी देर तक महिला व उसके पति वह रुक रहे। वहीं आरोप यह भी है कि ना तो पुलिस का सिपाही कोई ग्रस्त करता है। और ना ही पुलिस पैकेट रहती है। जिसको लेकर आवारा लड़कों का बोल-वाला है। वहीं ऐसी घटनाओं पर पुलिस पर सवालिया निशान पैदा होता है। वही इस क्षेत्र के चौकी का एक सिपाही भी बहुत चर्चा में है। ऐसी कोई तहरीर या शिकायत नहीं आई है, फिर भी मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।-प्रवीण कुमार सिंह शहर कोतवाल

## गो आश्रय स्थल घासीपुर पहुँच कर डीएम ने किया मंत्रोच्चारण तथा पूजा अर्चना

संभल। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा गोवर्धन पर्व के अवसर पर विकास खण्ड बहजोई के गो आश्रय स्थल घासीपुर पहुँच कर मंत्रोच्चारण तथा पूजा अर्चना कर की गौ पूजा, दिया संरक्षण एवं सेवा का संदेश। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई, युवक की मौत

संभल, गुन्नौर। बुधवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बबराला थाना क्षेत्र के गांव मीरमपुर निवासी राजवीर (35 वर्ष) पुत्र प्रेमपाल गाजियाबाद में मेहनत-मजदूरी करता था। मंगलवार देर शाम वह अपने गांव मीरमपुर आया था। बुधवार सुबह करीब 9 बजे वह जुनावई थाना क्षेत्र के गांव मडकावली स्थित अपने ससुराल जा रहा था। बताया गया कि जैसे ही वह गुन्नौर नगर स्थित रजिस्ट्री कार्यालय के सामने पहुंचा, तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर के खंभे से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (एक्कए) गुन्नौर पहुंचाया, जहां चिकित्सक डॉ. अज़हर अली ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों से तहरीर प्राप्त कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार, राजवीर अपनी पत्नी सुशीला को बुलाने ससुराल जा रहा था। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, जिसके बाद बाइक डिवाइडर से टकरा गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दिवाली पर बिक गए पांच करोड़ रुपये से अधिक के पटाखे

बदायूं। इस दिवाली पर करीब पांच करोड़ रुपये के पटाखे बिक गए। पटाखा कारोबारियों के मुताबिक, लोगों ने जमकर पटाखे खरीदे। यही कारण रहा कि पांच करोड़ से अधिक के पटाखे बिक गए। अकेले बदायूं शहर में ही दो करोड़ से ज्यादा के पटाखे बिक्री की बात कही जा रही है। पटाखे इस बार खासे महंगे भी थे। इस बार पटाखे खरीदने गए लोग कम से कम एक से डेढ़ हजार रुपये खर्च करके लौटे। अनुमानन लोगों ने आठ-दस हजार रुपये तक की आतिशबाजी खरीदी। शहर के एचपी मैदान में पटाखा बाजार सजाया गया। जहां प्रशासन की अनुमति से करीब 70 से अधिक दुकानें लगीं, जिन पर पटाखों की बिक्री हुई। इसके अलावा जिले में 400 स्थानों पर पटाखा बाजार लगा। शहर के साथ ही बिसौली, वजीरगंज, बिल्सी, सहसवान, दातागंज, बिनावर, अलापुर, कादरचौक, उझानी, इस्स्लामनगर आदि जगहों पर पटाखों की दुकानें लगीं। जिन पर लोग खरीदारी के लिए पहुंचे। ग्रामीण क्षेत्रों में भी खूब पटाखे खरीदे और जलाए गए।पूरा कारोबार पांच करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश सिंह पाल ने बताया कि शहर समेत करीब 400 दुकानें पटाखे की लगीं, कारोबार करीब पांच करोड़ से अधिक का होने का अनुमान है।

## ओपीडी रही बंद, इमरजेंसी में लगी मरीजों की भीड़

बदायूं। दीपावली के अवकाश के कारण मंगलवार को जिला अस्पताल की ओपीडी बंद रही, लेकिन इमरजेंसी वार्ड में मरीजों की भीड़ रही। त्योहार के दौरान खानपान की गड़बड़ी और पटाखों के धुएं से लोगों को स्वास्थ्य समस्याएं हुईं। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में सुबह से ही मरीजों का आना-जाना लगा रहा। अधिकतर मरीज पेट दर्द, उल्टी-दस्त और सांस की दिक्कत जैसी शिकायतें लेकर पहुंचे। अस्पताल रिकॉर्ड के अनुसार, मंगलवार को करीब 80 मरीजों ने इमरजेंसी में इलाज कराया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित वार्ष्णेय ने बताया कि दीपावली पर आमतौर पर ऐसी स्थिति बनती है। इसलिए पहले से स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई थी। इमरजेंसी में दो डॉक्टर, तीन नर्स और फार्मासिस्ट लगातार ड्यूटी पर रहे। उन्होंने कहा कि प्रदूषण और मिठाइयों के अत्यधिक सेवन से ऐसी दिक्कतें आम हैं। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि त्योहार के अवकाश की वजह से ओपीडी बंद है। वहीं, अस्पताल में सफाई अभियान चलाया गया और मरीजों के लिए अतिरिक्त दवाओं की व्यवस्था की गई। सीएमएस ने लोगों से अपील की कि त्योहारों में खानपान पर संयम रखें। उन्होंने कहा कि अस्थमा, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज के मरीजों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। इधर, शहर में प्राइवेट डॉक्टरों ने भी बताया कि त्योहारों के बाद मरीजों की संख्या बढ़ गई है। कई क्लीनिक पर शाम तक जांचें चलती रहीं।

## फर्जी रिपोर्ट बनाने का माहिर दरोगा सहित दो सिपाही निलंबित

बदायूं। तेजतर्रार एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह ने एक दरोगा, दो सिपाही निलंबित कर दिए हैं। आपको बता दें कि सिविल लाइन थाना क्षेत्रान्तर्गत सन्तोष सिंह तिराहे के पास हुई मारपीट की घटना में लापरवाही बरतने पर दरोगा और दो सिपाही को एसएसपी ने निलंबित किया है। वही यह दरोगा फर्जी रिपोर्ट बनाने में माहिर था। आपको बता दे कि थाना मुसाझाग निवासी पिछले 15 दिन से इस दरोगा के चक्कर काट रहा है। वही इस दरोगा ने दूसरे पक्ष आर्थिक साठ-गांठ कर फर्जी रिपोर्ट बनाकर कोर्ट में चार्जसीट लगाने पर तुला हुआ है। वही इस दरोगा के क्षेत्र में काफी चर्चाएं हैं। जिसको लेकर, अब यह विवादों में बना रहेगा। वही एसएससी में बताया कि दरोगा भूपेन्द्र सिंह चौकी इंचार्ज सिविल लाइन्स, का0 सोवेन्द्र बैसला, अंकुर कुमार अधाना को निलंबित किया गया है। वही जांच क्षेत्राधिकार नगर को सौंपी गई है।

## पटाखे चलाने के विवाद में पिता–पुत्र को दबंगों ने पीटा, हालत गंभीर

बदायूं। दीपावली की रात में पटाखे चलाने को लेकर दो पक्षो में विवाद हो गया जिसके चलते एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को मारपीट कर लहुलुहान कर दिया। जानकारी के अनुसार बिल्सी वार्ड नंबर चार स्थित कांशीराम आवास के रहने वाले आकाश बाबू पुत्र महिपाल तथा उनके पिता महिपाल पुत्र बुद्धि को अपने पड़ोसियों को भारी आवाज वाले पटाखे को न चलाने को कहना भारी पड़ गया इससे क्रोधित होकर दबंगों ने पटाखा चलाने वाले पाइप सरिया और डंडे से लैस होकर आकाश बाबू 25 व उसके पिता 55 पर हमला कर दिया जिसमें आकाश बाबू के सर गाल तथा नाक पर गहरी चोटें आई हैं तथा उसके पिता के भी सर में कई जगह गहरे जख्म हो गए साथ ही यह भी आरोप है कि जब पीड़ित पक्ष रिपोर्ट लिखाने थाने गया था उस दौरान आरोपियों ने उनके घर में घुसकर सोने की चेन तथा कान के कुंडल भी छीन लिए पीड़ित पक्ष नहीं है अभी बताया कि उन्होंने थाना बिल्सी में कई बार पुलिस से मिलकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की लेकिन समाचार लेकर जाने तक आरोपी पीड़ित पक्ष को खुलेआम धमकाते हुए घूम रहे थे।

# किन्नर के घर में घुसे सात बदमाश, लूट ले गए 35 लाख नकदी व 700 ग्राम सोना

**थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। चोरी की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए चार टीमें गठित की गईं हैं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिले में दिवाली पर चोरों ने कई घर खंगाल डाले फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा ओरछी में किन्नर व उसके साथियों को गन प्वाइंट पर लेकर सात नकाबपोश बदमाश 35 लाख रुपये व 700 ग्राम सोने के जेवर छीन ले गए। किन्नरों के पास इतना पैसा व जेवर कहां से आए, इसकी जांच के लिए टीम गठित कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

इसके अलावा इसी गांव में राय सिंह के घर से भी लाखों का सामान चोरी हो गया। वहीं बिनावर थाना क्षेत्र में चोर 35 लाख रुपये चुरा ले गए। वहीं सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के नवादा पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर चोरों ने एक कार चोरी कर ली। ओरछी निवासी टीना किन्नर ने बताया कि सोमवार को दिवाली पर वह अपने साथियों के साथ गांव-गांव नेग लेने के लिए पूरे दिन घूमती रही। देर रात घर पर आकर सभी लोग सो गए। रात में किसी समय सात बदमाश घर में घुस आए और 35 लाख रुपये व सात सौ ग्राम सोने के आभूषण (कीमत करीब 92 लाख रुपये) गन प्वाइंट पर उसे व उसके साथियों को लेकर लूट ले गए। इसी के साथ ही रामसिंह के घर से भी चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर गई। जांच पड़ताल की। तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज कर जल्द ही दोनों घटना का खुलासा किया जाएगा।

हालांकि मामला संदिग्ध लग रहा है। किन्नरों के पास इतना पैसा व जेवर कहां से आए इसकी जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला थमने का नहीं ले रहा नाम बेखौफ चोरों ने शहीद भगत सिंह चौक से मात्र 100 मीटर की दूरी पर कृष्णा मेडिकल स्टोर से नकदी समेत लाखों रुपये की दवा चोरी कर ली। छत पर चढ़कर चोर जीने के बराबर की दीवार काटकर मेडिकल स्टोर में घुस गए। मेडिकल स्टोर स्वामी बंटी ने बताया कि गोलक में रखे तीस हजार रुपये चोरी हो गए हैं। साथ ही लाखों रुपये कीमत की दवा भी चोरी हुई है। मेडिकल स्टोर स्वामी ने जब मंगलवार की सुबह दुकान खोली तो उसके होश उड़ गए। घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मौका मुआयना किया। मेडिकल स्टोर स्वामी ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। उधर, थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाईवे स्थित पराग फैक्टरी के पास ब्रह्मदेव मंदिर पर बीते दो दिन पहले चोरी का प्रयास किया गया। चोरी करने आए युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक देर रात मंदिर के पास तक जाता है और आहट होने पर निकल जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बीते दो माह पहले भी देवस्थान पर चोरी हुई थी, जिसमें मंदिर में रखी नगदी और घंटे आदि सामान चोरी हुआ था। पुलिस ने न तो रिपोर्ट दर्ज की और न ही घटनाओं का ही खुलासा किया। बिनावर थाना क्षेत्र के बगुली नगर गांव में रविवार रात हुई घटना परिवार के सदस्य कमरे में सो रहे थे। रविवार रात किसी समय चोर घर में घुस आए और पांच लाख की नगदी समेत 50 लाख रुपये के जेवर चुरा ले गए। सोमवार सुबह परिवार के लोग कमरे में पहुंचे और सामान बिखरा देखा तो होश उड़ गए। अलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण व नगदी गायब थी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव बगुली नगर निवासी समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला सचिव मोद प्रकाश पाल रविवार रात खाना खाने के बाद कमरे में सोने चले गए। परिवार के अन्य सदस्य भी अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। रात में किसी वक्त चोर घर में घुस आए। पीड़ित के मुताबिक, चोर एक कमरे की अलमारी में रखे पांच लाख रुपये और सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। मोद प्रकाश पाल ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ दूसरे कमरे में गहरी नींद में सो रहे थे। रात में किसी समय चोरों ने मौका पाकर सीधे उसी कमरे को निशाना बनाया, जिसमें नगदी व सोने-चांदी के आभूषण तिजोरी में बंद थे। चोरों ने तिजोरी काटकर घटना को अंजाम दिया।

थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। चोरी की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए चार टीमें गठित की गईं हैं। ओरछी में भी घटना चोरी की है, हालांकि पीड़ित इसे डकैती बता रहे हैं। इस मामले में भी जांच के लिए टीम बना दी गई है, जो नकदी और 700 ग्राम सोने के आभूषणों की जांच करेगी कि आखिर किन्नरों के पास इतना रुपया और सोना कहां से आया। अन्य सभी घटनाओं का जल्द ही खुलासा होगा। - **डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसएसपी**

# जहरीला पदार्थ खाने से 10 साल के मासूम व मां की मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना बंडा क्षेत्र में एक महिला ने पहले अपने 10 साल के बेटे को खाने में जहर दिया, इसके बाद खुद भी जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे दोनों की मौत हो गई। सूचना पर एसपी ग्रामीण ने मौका मुआयना किया और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुटी है।बीती रात थाना बंडा क्षेत्र के गांव नारायणपुर गंगा निवासी पंकज अग्निहोत्री की 32 वर्षीय पत्नी आरती ने पहले अपने 10 वर्षीय बेटे प्रतीक को खाने में जहरीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया। इसके बाद खुद भी जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे दोनों की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बुधवार सुबह उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। सूचना पर एसपी ग्रामीण ने मौका मुआयना किया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे अरूण ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के मायके वालों के आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिसे पाला पोसा, वह बेटा बना कातिल मां को सिल बट्टे से कूचकर मार डाला

**कातिल बेटे को पड़ोसियों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा। जिस बेटे को पाल पोसकर बड़ा किया जिसे अपने पैरों पर खड़े होने के लायक बनाया आज उसी बेटे ने अपनी मां को बेरहमी से मार डाला। कातिल बेटे को पड़ोसियों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। हत्याकांड की वजह नौकरी को लेकर चल रहा विवाद बताया जा रहा है।

दरअसल,मां ने छोटे बेटे को पिता की जगह पर सरकारी नौकरी दिलवा दी थी।वह खुद सं विदा पर सफाईकर्मी थी और अपनी जगह पर बड़े बेटे को नौकरी पर भेज रही थी।इसके अ लावा वो पिछले कई महीनों से बड़े बेटे को सैल री का हिस्सा भी नहीं दे रही थी।जबकि, अपने भाई यानी बच्चों के मामा को लगातार पैसे दे र ही थी।इसी बात से बड़ा बेटा नाराज था।मंगल वार रात उसने मां से नौकरी को लेकर खूब झ गड़ा किया।गुस्से में आकर उसने आंगन में रखे सिलबट्टे से मां पर ताबड़तोड़ वार किए।वह तब तक नहीं रुका जब तक मां ने दम नहीं तोड़ दि या,इस दौरान बीच बचाव में आए मामा का भी सिर फोड़ दिया।शोर सुनकर पड़ोसियों ने माम ले की सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। घायल मामा का सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है।वारदात नगर कोतवाली क्षेत्र के ब भनी कानूनगो गांव की है।

बभनी कानूनगो गांव की रहने वाली कांति देवीके पति नंदलाल 58 राजकीय पॉलिटेक्निक में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे।उनकी पिछले साल मौत हो गई थी।उनके दो बेटे संदीप और प्रदीप हैं। प्रदीप बड़ा है,जबकि संदीप मंझला भाई है। स बसे छोटे बेटे की दो साल पहले मौत हो चुकी है।पति की मौत के बाद कांति देवी 60 ने मृत क आश्रित के तौर पर छोटे बेटे प्रदीप (30) की नौकरी लगवा दी थी। कांति खुद नगर पालिका में संविदा पर सफाई कर्मचारी थीं।लेकिन,छह महीने से वो खुद काम पर न जाकर अपने बड़े बेटे संदीप (35) को भेज रही थीं।आसपास के लोगों ने बताया कि प्रदीप की सरकारी नौकरी लगवाने और उसको संविदा की नौकरी करवा ने की बात से संदीप नाराज था। इसके अलावा संदीप को जब वेतन मिलता था तो कांति देवी सैलरी के पैसे अपने भाई सूरज वाल्मीकि को दे देती थीं।पति की मौत के बाद घर के कामों में हाथ बंटाने के लिए कांति ने अपने भाई सूरज को अपने पास बुला लिया था।कांति ने अपने साथ घर में कई बार इन्हीं बातों को लेकर विवा द भी हो चुका था।रात 11 बजे घर पहुंचा था संदीप बताया जाता है कि बीती रात करीब 11 बजे संदीप वाल्मीकि नशे में घर पहुंचा।उसकी मां से नौकरी और पैसों को लेकर कहासुनी हुई गुस्साए संदीप ने आंगन में रखे सिलबट्टे से मां की हत्या कर दी।शोर सुनकर मामा सूरज पहुंचे तो डंडे से उनका भी सिर फोड़ दिया।हत्याकांड की सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस और अप र पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत मौ के पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण किया। डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीमों ने सबूत जुटाए।घायल संदीप को जिला अस्पताल भिजवा या।उनके सिर में दस से ज्यादा टांके लगाए गएमृतक कांति देवी के शव को कब्जे में लेकर पं चनामा कराया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।

मौके से ही आरोपी संदीप वाल्मीकि को हिरासत में ले लिया गया है आरोपी से पूछताछ की जा रही।अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हत्या का कारण पारिवारिक विवा द है।नौकरी व वेतन को लेकर मां-बेटे में कहा सुनी हुई।इसके बाद उसने सिलबट्टे से मां के सिर पर वार कर उनकी हत्या कर दी। महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# बीच सड़क पर दबंगों ने युवक की बाइक रोक कर पीटा,वीडियो वायरल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में एक युवक से बीच सड़क पर मारपीट का मामला सामने आया है।दबंगों ने बाइक रोककर युवक को पीटा और घटना का वीडियो बना लिया।आरोप है कि बीस हजार रुपए न देने पर यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।पुलिस मामले की जांच कर रही है।यह घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के गायत्री पुरम मोड़ के पास रिलायंस शोरूम के सामने हुई है।जहां इमलिया गुरुदयाल गांव के रहने वाले अंकित राव के साथ दबंगों ने मार पीट की।मारपीट के दौरान दबंगों ने पूरे घटना क्रम का वीडियो बनाया और अंकित से बीस हजार रुपए की मांग की।पैसे न देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई थी।वीडियो सो शल मीडिया पर वायरल होने के बाद अंकित रा व ने नगर कोतवाली में तहरीर दी है।उन्होंने आ रोप लगाया कि बीस अक्टूबर की देर शाम वह कृषि विभाग के अंदर स्थित देव स्थल पर साफ सफाई कर दीप जलाने जा रहे थे। रास्ते में दो मोटरसाइकिल पर सवार अर्पित पांडे, साहिल और अन्य लोगों ने उन्हें रोका और जमकर मार पीट की है।पीड़ित अंकित राव ने यह भी आरो प लगाया है कि मारपीट के बाद हमलावरों ने उनकी जेब से नौ हजार रुपए निकाल लिए है और मौके से फरार हो गए। जाते-जाते उन्होंने अंकित को जान से मारने की धमकी दी और बीस हजार रुपए और देने की बात कही।पैसे न देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई थी,जिसे बाद में वायरल कर दिया गया।अंकित के अनुसार, इससे उनकी सामाजिक छवि को नुकसान पहुंचा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा यह वीडियो बीस अक्टूबर शाम 5:30 बजे का बताया जा रहा है। नगर कोतवाल ने बताया कि वायरल वीडियो और मिली तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आरोपियों के खि लाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# गोण्डा में अन्नपूर्णा स्वीट की दुकान पर खूब बिकी फफूँद लगी मिठाइयां,वीडियो वायरल

**वायरल वीडियो में उपभोक्ता ने खराब मिठाई देने के मामले में खाद्य विभाग से सख्त कार्रवाई की मांग की है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंड़ा। जिले की एक प्रतिष्ठित दुकान अन्नपूर्णा स्वीट्स एक बार फिर सवालों के घेरे में है जिले में दीपावली त्यौहार के सीजन में एक व्यक्ति ने अन्नपूर्णा स्वीट से खरीदी गई मिठाई में फंगस निकलने का मामला सामने आया है, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 19 अक्टू बर सुबह 11 बजे नगर कोतवाली क्षेत्र में स्थित अन्नपूर्णा स्वीट्स की दुकान से एक ग्राहक ने मिठाई खरीदी थी। जो मिठाई डिब्बे में पैक करके ग्राहक को दिया गया था ग्राहक जब घर पर पहुंच कर डिब्बा खोला तो डिब्बे के अंदर रखी मिठाई में पहले से ही फंगस लग चुकी थी।

ग्राहक ने इसकी शिकायत अन्नपूर्णा स्वीट की दुकान के काउंटर पर करते हुए खराब मिठाई का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया,जो तेजी से वायरल हो रहा है। गोंडा जिले के अन्नपूर्णा स्वीट की दु कान पर दूध, दही, लस्सी, और मिठाई सहित कई उत्पाद बनाता है,ऐसे में दीपावली के त्यो हार के सीजन में ग्राहकों को फंगस लगी मिठा ई मिलना बड़ी लापरवाही मानी जा रही है। स्था नीय उपभोक्ताओं का कहना है कि अन्नपूर्णा स्वीट्स पर भरोसा कर लोग उत्पाद खरीदते हैं, लेकिन इस तरह की घटनाएं उपभोक्ता सुरक्षा और गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं. फिलहाल इस मामले में खाद्य विभाग की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।वही अन्नपूर्णा स्वीट्स की फफूंद लगी मिठाइयों का वीडियो वायरल होने से लोगों में आक्रोश फैल गया है।वायरल वीडियो में उपभोक्ता ने खराब मिठाई देने के मामले में खाद्य विभाग से सख्त कार्रवाई की मांग की है।वहीं लोगों का कहना है कि त्योहारों की मिठास पर दुकानदा रों की लालच भारी पड़ रही है और उपभोक्ता ओ के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

## लोकतंत्र सेनानी सत्यनारायण गुप्ता की स्मृति में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन

रायबरेली। लोकतंत्र सेनानी सत्यनारायण गुप्ता की स्मृति में 45 वीं दंगल प्रतियोगिता का आयोजन ब्लाक परिसर में किया गया। आयोजित दंगल प्रतियोगिता में लखनऊ के बाबी मिश्रा झांसी के आलोक यादव को चित्त कर दंगल केशरी घोषित। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राजा राजेश प्रताप सिंह ने कहा कि कुश्ती भारत देश का प्रमुख खेल रहा है ऐसे आयोजन भारतीय कला को जीवित रखने के जरिया है। विशिष्ट अतिथि चेयर मैंन पति प्रभात साहू ने दंगल में स्थापित बजरंग बली की पूजा अर्चना की। एवं फीता काट कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। दंगल की पहली कुश्ती बाल पहलवान कस्बे के ही राजू व मयंक के बीच हुई । जिसमें राजू ने बाजी मारी। इसके अलावा झांसी के अंकित, आलोक, कानपुर के पहलवान विजय, बनारस के पहलवान अनिल, लखनऊ के बाबी मिश्रा, धर्मेंद्र , बसंत,रवि सन्नी हरदोई के कल्लू रायबरेली के अमावा से पहलवान आलोक, झबरा के बादल , सूरज सिंह, पंजाब के पहलवान चीता , राजू , अयोध्या रमेश चंद्र दास व महिला पहलवान शुभी के अलावा दर्जनों पहलवानों ने अपने दांव दिखाए।

# बैठना तो दूर,खड़े होकर सफर को मजबूर

**छठ पर बिहार आ रहे यात्रियों से खचाखच भरी ट्रेन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। छठ पूजा के त्योहार के मद्देनजर बिहार जाने और वहां से उत्तर प्रदेश आने वाली ट्रेनों में भारी भीड़ देखी जा रही है।रेलवे द्वारा चलाई जा रही विशेष ट्रेनों में यात्रियों को क्षमता से अ धिक संख्या में यात्रा करते देखा गया,जिससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।यात्री डिब्बों में एक-दूसरे के ऊपर बैठे हुए हैं।कुछ यात्रियों ने चादरों और साड़ियों को झूला बनाकर उस पर भी जगह बनाई है।भीड़ इतनी अधिक है कि लोग शौचालय केबिन को भी अपनी सीट बनाकर यात्रा करने को मजबूर हैं रेलवे विभाग ने छठ पूजा के लिए कई विशेष ट्रेनें चलाई हैं।गोंडा से होकर बिहार के लिए 15 पूजा स्पेशल ट्रेनें जा रही हैं, जबकि बिहार से गोंडा के लिए लगभग सात ट्रेनें आ रही हैं। इन सभी ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ है।यात्रा की कठिनाई का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एक महिला दोपहर में मंजन कर ती हुई दिखाई दी।यह स्थिति दर्शाती है कि त्यो हार मनाने के लिए लोगों को किस हद तक परे शानियों का सामना करना पड़ रहा है।शौचालय में यात्रियों के बैठे होने से लोग शौचालय नहीं जा पा रहे हैं ऐसे में और काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।वही किसी तरीके से ट्रेनों में बैठकर छठ पूजा त्यौहार को लेकर बि हार की यात्रा कर रहे यात्रियों ने बताया।कि उ न्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वह शौचालय में ही बैठकर के जा रहे हैं। औ र काफी उन्हें दिक्कतें हो रही है कई कई घंटे ट्रेन लेट चल रही है।कंफर्म टिकट होने के बाद भी जनरल बोगियों में लोग बैठकर जाने को म जबूर हैं।एक सीट पर दस लोग बैठे हुए हैं जि न्हें बैठने में भी काफी दिक्कतें हो रही है। राज कीय रेलवे पुलिस और आरपीएफ द्वारा गोंडा रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर सुरक्षा व्य वस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

गोंडा रे लवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो से सबसे ज्या दा ट्रेन बिहार जाती है।इस प्लेटफार्म पर भी या त्रियों की काफी भीड़ देखने को मिल रही है घं टो- घंटो प्लेटफार्म पर बैठकर यात्री पूजा स्पे शल ट्रेनों का इंतजार कर रहे हैं।

# नानपारा के समीर ने जीता यूपी जनपदीय 6 रेड स्नूकर चैम्पियनशिप 2025 का खिताब

**नानपारा के समीर ने जीता यूपी जनपदीय 6 रेड स्नूकर चैम्पियनशिप 2025 का खिताब**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। खेल जगत में नानपारा का नाम एक बार फिर गर्व से ऊँचा हुआ है। यूपी जनपदीय 6 रेड स्नूकर चैम्पियनशिप 2025 में नानपारा के उभरते खिलाड़ी समीर (सोनू हैंडलूम) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय का परचम लहराया।जिले के प्रमुख आयोजनकर्ताओं खन्ना टीवीएस बंजारी मोड़ और शोएब स्नूकर पार्लर के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस रोमांचक टूर्नामेंट में करीब 20 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबले के बीच समीर ने बेहतरीन खेल कौशल दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।विजेता समीर को रू 5,000 नकद पुरस्कार, ड्राई फ्रूट बॉक्स, ट्रॉफी, मेडल और कंबल देकर सम्मानित किया गया। वहीं द्वितीय स्थान पाने वाले खिलाड़ी जाहिद को रू 3,000 नकद राशि, मेडल और कंबल प्रदान किया गया। टूर्नामेंट के रेफरी के रूप में तालिब और शोएब ने अपनी सेवाएँ दीं। खेल में विजय की खबर मिलते ही मटेरा विधानसभा के भावी प्रत्याशी शादाब खान ने समीर के घर पहुँचकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने समीर को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया और कहा ऐसे ही आगे भी क्षेत्र और जिले का नाम रोशन करते रहो। नानपारा स्थित सोनू हैंडलूम के प्रतिष्ठान पर समीर के परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाइयाँ दीं। उनके घर पर मुबारकबाद का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

# युवक का झाड़ियों में मिला शव, हत्या या फिर एक्सीडेंट पुलिस कर रही है जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। कोतवाली नगर क्षेत्रअंतर्गत ग्राम महादेवा निवासी तीस वर्षीय पंकज गिरी की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई।उनका शव मंगल वार की सुबह करीब 5:30 बजे झाड़ियों में प ड़ा मिला,जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प रिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए नगर कोतवाली में तहरीर दी है।वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

## झाड़ियों में मिला शव,परिजनों में मचा कोहराम

पंकज गिरी सोमवार रात करीब 9:30 बजे अपने गांव के ही दो युवको के साथ चंदवपुर घाट की ओर गए थे।परिजनों के अनुसार देर रात तक जब वह घर नहीं लौटे तो उनकी पत्नी ने फोन किया।साथियों ने जल्द लौटने की बात कही, लेकिन सुबह होने तक पंकज घर नहीं पहुंचे। परिजन उन्हें खोजने निकले और कुछ ही दूरी पर वंशापुर मोड़ के पास झाड़ियों में उनका शव पड़ा मिला। शव पर चोट के कई निशान देखे गए, जिससे परिवार ने हत्या की आशंका जताई है।

## हत्या का आरोप गांव के चार लोगों पर

मृतक के भाई बृजेश गिरी ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर गांव के ही निवासी चार युवकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बृजेश गिरी ने बताया की चारों आरोपियों से उनकी पुरानी रंजिश चली आ रही है।चारो लोगों द्वारा पंकज की हत्या किये जाने की आशंका जताते हुए आरो पियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

घटना की सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर ने बताया कि घटना की गहनता से जांच की जा रही है। शव पर कुछ चोट के भी निशान हैं,पंकज के साथ गए दोनों युवक भी घायल हैं उनका इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है,जिससे पता चल सके कि घटना के समय मौके पर कितने लोग मौजूद थे साथ ही घायल साथियों के बयान और उनकी मेडिकल रिपोर्ट भी जांच में मददगार साबित होंगी।परिवार के सदस्यों के द्वारा लगाए गए आरोपों को भी नजर में रखते हुए गहनता से छानबीन की जा रही है।

# जिले में पराली जलाने पर 07 कृषकों पर लगाया गया अर्थ दण्ड

**किसानों से पराली न जलाने की डीएम ने की अपील**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिले में पराली जलाने पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा जनपद के 07 कृषकों पर अर्थदण्ड लगाया गया है। विकास खण्ड मिहींपुरवा के विजय कुमार मलिक व नसीम, ब्लाक शिवपुर के गोमती, नजीर व मुर्तजा अली, ब्लाक बलहा के गुलाम वारिस पर रू. 2500-2500 तथा ब्नाक लित्तौरा के कृषक प्रेमचंद पर रू. 5000=00 का अर्थदण्ड लगाया गया है।जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण पर प्रभावी अंकुश, पशुओं के लिए पर्याप्त चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को रोकने के उद्देश्य से जनपद के कृषकों से अपील की है कि फसल अपशिष्ट को खेतों में न जलायें बल्कि वैज्ञानिक विधि से इसका निस्तारण करें ताकि खेतों की उर्वरा शक्ति में भी इज़ाफा हो सके। डीएम द्वारा कंबाइन हार्वेस्टर स्वामियों को सचेत किया है कि कंबाइन मशीन के साथ अनिवार्य रूप से स्ट्रा रीपर लगाकर ही कटाई करें अन्यथा की स्थिति में कंबाइन को सीज करते हुए सम्बन्धित के विरुद्ध पर्यावरण क्षतिपूर्ति हेतु अर्थ दंड लगाने के साथ-साथ नियमानुसार विधिक कार्यवाही भी की जायेगी। डीएम ने जनपद के समस्त लेखपालों तथा ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया है कि से अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में यह सुनिश्चित करें कि कोई भी किसान अथवा व्यक्ति फसल अवशेष ना जलाए। डीएम नेजिलाधिकारी ने जनपद के प्रगतिशील किसानों से अपील की है कि खेतों में पड़ी पराली एवं फसलों के अवशेष को जनपद की गौशालाओं में निराश्रित पशुओं के चारे के लिए दान कर दें। इससे जहां एक ओर गो आश्रय स्थल में संरक्षित गोवंशों के लिए चारा उपलब्ध हो जायेगा वहीं दूसरी ओर आसन्न शरद ऋतु में पशुओं के लिए बिछावन भी उपलब्ध हो सकेगा। डीएम ने कृषि विभाग को यह भी निर्देश दिया है कि पराली जलाने वाले किसानों को चिन्हित कर उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत मिलने वाली सम्मान निधि तथा कृषि निवेशों पर मिलने वाले अनुदान से भी रोक दिया जाय।

# गौ संवर्धन से ही हमारी सुख एवं समृद्धि संभव है: संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट

**गायत्री पर्यवराजक पंडित जगदीश मिश्र ने कहा कि गौ संवर्धन के लिए समाज मे विशेष अभियान चला कर गौ पालन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । माँ गायत्री चेतना केंद्र गायत्रीपुरम (मैदानी बाबा आश्रम) घसियारीपुरा परिसर में गोवर्धन पर्व के पावन अवसर पर गायत्री परिजन व पर्यावरणविदों ने गौ पूजन कर गौ संवर्धन हेतु सामुहिक शपथ लिया तथा मानव जगत के उत्तम स्वास्थ, सुख समृद्धि हेतु विशेष पूजन अर्चन भी किया ।

माँ गायत्री चेतना केंद्र परिसर में उपस्थित गौ भक्त ,गौ पालक व पर्यावरणविदों को सम्बोधित करते हुए संरक्षक महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि सनातन संस्कृति में गायों का विशेष महत्व है गौ संवर्धन से ही हमारी सुख एवं समृद्धि संभव है।उन्होंने आवाहन किया कि सनातनधर्मी लोग अपने घरों में गाय अवश्य पाले तभी समाज, धर्म एवं राष्ट्र मजबूत एवं अखंड बना रह सकता है।

गायत्री पर्यवराजक पंडित जगदीश मिश्र ने कहा कि गौ संवर्धन के लिए समाज मे विशेष अभियान चला कर गौ पालन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए तभी समाज में सुख एवं शांति की अपेक्षा की जा सकती है ।महासचिव प्रेम चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि गायत्री चेतना केंद्र के माध्यम से गायो के महत्ता से जन जन को अवगत कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमे जन सहभाग की आवश्यकता है । आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ गौ आरती के सस्वर गायन से हुआ। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गौ पालक शिव पूजन वर्मा, दुर्गेश मिश्रा , उपाध्यक्ष अनिल मिश्रा एडवोकेट,कांति मिश्रा,उपाध्यक्ष इंजीनियर राधे श्याम श्रीवास्तव, प्रवक्ता डॉ पंकज श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।समापन अवसर पर गौ संवर्धन हेतु सामुहिक संकल्प भी लिया गया।धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधक आर0पी0एन0 श्रीवास्तव ने किया।

## तमंचा-कारतूस के साथ हत्या के प्रयास का वांछित गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना रोजा पुलिस ने तमंचा-कारतूस के साथ हत्या का प्रयास के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।थाना रोजा पुलिस टीम ने बुधवार को करीब डेढ़ बजे मुखबिर की सूचना पर ग्राम पैतापुर से रोजा की तरफ जाने वाले रास्ते पर एफसीआई गोदाम के पास से हत्या का प्रयास के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने एक तमंचा और कुछ कारतूस भी बरामद किए हैं। पकड़ा गया अभियुक्त थाना रोजा क्षेत्र के गांव रामापुर बरकतपुर का रहने वाला जैनेन्दर सिंह उर्फ रीतू पुत्र सुरेन्दर सिंह है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त जैनेन्दर सिंह पर धारा 110/115(2) बीएनएस पंजीकृत है। जिसमें अभियुक्त वांछित चल रहा था। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना रोजा के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के साथ उपनिरीक्षक सुमित कुमार, कांस्टेवल प्रवेन्द्र कुमार व कपिल कुमार मौजूद रहे।

# पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ ने केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री से की भेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ (PRKS) के महामंत्री विनोद राय और वरिष्ठ नेता दीपक चौधरी ने आज केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी जी से मुलाकात की। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य रेलवे चिकित्सालयों में कार्यरत ड्रेसरों की ग्रेड-पे से संबंधित लंबित मामले को उठाना था। संघ ने मंत्री को अवगत कराया कि इस मुद्दे को हल करने के लिए कार्य स्थापना निदेशालय (Work Establishment Directorate) द्वारा सभी जोनल रेलवे को पत्र भेजा जाना आवश्यक है, जो अभी तक नहीं भेजा गया है। महामंत्री विनोद राय ने मंत्री पंकज चौधरी को बताया कि रेलवे चिकित्सा ड्रेसरों की ग्रेड-पे में सुधार को लेकर लंबे समय से मांग चल रही है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड को पूर्व में ही ज्ञापन दिया जा चुका है, जिसमें अन्य सरकारी विभागों के ड्रेसरों के समान वेतनमान की मांग की गई है। राय ने जोर देकर कहा कि इस मामले को आगे बढ़ाने और सभी रेलवे में लागू करने के लिए कार्य स्थापना निदेशालय को जल्द से जल्द पत्र जारी करना चाहिए, ताकि ड्रेसरों के साथ हो रहे अन्याय को समाप्त किया जा सके।मुलाकात के बाद, महामंत्री विनोद राय ने मंत्री पंकज चौधरी जी की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा, ''पंकज चौधरी जी का नेतृत्व दूरदर्शी है और वे हमेशा कर्मचारियों के हितों के प्रति संवेदनशील रहे हैं। उनका सरल स्वभाव और आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनना सराहनीय है।'' राय ने विश्वास जताया कि मंत्री जी के हस्तक्षेप से ड्रेसरों की ग्रेड-पे से जुड़ी समस्या का जल्द ही समाधान हो जाएगा।ड्रेसरों की ग्रेड-पे के अलावा, संघ ने आगामी वेतन आयोग (पे कमीशन) और अन्य कर्मचारी समस्याओं पर भी मंत्री। जी से विस्तार से चर्चा की। एक ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों की मांगों को मंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर उन्होंने सकारात्मक आश्वासन दिया। इस अवसर पर संघ का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल मौजूद था, जिसमें केंद्रीय सहायक मंत्री ओपी सिंह जी, मंडल मंत्री फिरोज उल हक जी, मुख्यालय सतीश श्रीवास्तव , कोषाध्यक्ष कारखाना बृजपाल सिंह जी, यूथ अध्यक्ष कारखाना देवेश सिंह जी, अनिल गौतम, अभिषेक गुप्ता, कार्यकारिणी अध्यक्ष कारखाना कुलदीप मणि, मंडल मंत्री कारखाना राजू रावत समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# दो हाइवे को जोड़ने वाली लिंक रोड के पुनर्निर्माण में गड़बड़ी

## तीन इंच की जगह बिछाई जा रही मात्र दो इंच मोटी गिट्टी की परत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फोटो न0-02

सुलतानपुर। लखनऊ-वाराणसी और अयोध्या-प्रयागराज हाईवे को जोड़ने वाली आठ किलोमीटर लंबी लिंक रोड के पुनर्निर्माण कार्य में मानक से कम मोटाई की परत बिछाने का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि जहां तकनीकी रूप से तीन इंच मोटी गिट्टी की परत डाली जानी चाहिए, वहीं महज दो इंच पर ही कार्य पूरा किया जा रहा है।

भदैया मुख्यालय के दोमुंहा चौराहे से अयोध्या हाइवे बाईपास (वाया सुलतानपुर शहर) तक बनने वाली यह सड़क करीब पाँच वर्ष पूर्व सांसद निधि से तत्कालीन सांसद मेनका गांधी की देखरेख में चौड़ीकरण योजना के तहत बनी थी। अब गारंटी अवधि समाप्त होने पर शासन की रोटेशन योजना के तहत लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से इसका पुनर्निर्माण कराया जा रहा है।

निर्माण कार्य आलोक इन्फ्राटेक कंपनी को सौंपा गया है, जबकि इसकी निगरानी लोक निर्माण विभाग (च्ँ्क) के अधीन हो रही है। बताया जा रहा है कि यह मार्ग धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह मार्ग अयोध्या धाम और वाराणसी स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख संपर्क मार्ग है। स्थानीय निवासियों ने सड़क बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की है, परंतु मानक के विपरीत कार्य को लेकर नाराज़गी भी जताई है।

# चिकित्सा अधिकारी की मुख्यमंत्री को चिट्ठी भेज की शिकायत फर्जी क्लिनिक मामलें में कार्यवाही की जगह की गई लीपापोती


कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।बिना डिग्री फर्जी चिकित्सा व्यवसाय किये जाने की शिकायत पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं औषधि निरीक्षक ने छापामार कार्रवाई की थी। जिसमें कथित चिकित्सक को रोगी का उपचार करते हुए पाया गया। साथ ही दुकान से दवाइयां भी बरामद हुई। इस मामले में कार्रवाई करने की जगह कुछ ही दिनों में लीपा पोती कर पूरे मामले को सिरे से ही नकार कर दिया गया। बल्कि उल्टा शिकायतकर्ता पर ही पूर्व में हुई वैधानिक कार्रवाई का हवाला देते हुए सवालिया निशान खड़ा कर दिया गया। इस मामले में शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री को पूरे प्रकरण से अवगत कराते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है धर्मेंद्र कुमार, पवन सिंह, अनमोल सिंह, अभिषेक, देवशरण, गौतम, मदनलाल, अशोक प्रजापति, विनोद राठौर, शिव चरन कुशवाहा, शिव पाल, चरनजीत सिंह, गेदन लाल, गंगा राम पाल, रामदुलारे, दीन दयाल, राम सिंह ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री को पूर्व में दर्ज कराई गई शिकायतें जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी पीलीभीत के विरुद्ध 40015125022623, 40014512502133 8, 60000250225838 औषधि निरीक्षक पीलीभीत के विरुद्ध 40015125022770, 40015125021333 प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पूरनपुर पीलीभीत 40015125022629 शिकायतों का हवाला देते हुए कहा गया कि कपूर कंप्यूटर नामक दुकान में फर्जी क्लिनिक संचालन मामले में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पूरनपुर तथा औषधि निरीक्षक द्वारा छापेमारी की गयी थी। जिस पर बलजीत सिंह को 2 दिन का नोटिस दिया गया था कि वह इलाज करने से सम्बन्धित समस्त दस्तावेज कार्यालय में पेश करे। इसके बाद पूरे मामले में क्या खेल हुआ यह बात एक रहस्य बनी हुई है। बताते चलें कि शिकायतकर्ता की तमाम शिकायतों का निस्तारण शिकायतकर्ता पर पूर्व में हुई वैधानिक कार्रवाई का हवाला देते हुए कर दिया गया। अवैध रूप से क्लीनिक का संचालन करने वाले पर क्या कार्रवाई हुई उसने दिनांक 22-08-2025 को क्लिनिक संचालन से संबंधित दस्तावेज दिखाएं अथवा नहीं ? यह बात अभी तक सार्वजनिक नहीं हो सकी। जो कि पूरे मामले को आर्थिक साथ घाट से निपटाए जाने की तरफइशारा कर रहा है। इसको लेकर शिकायतकर्ताओं ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर स्पष्ट रूप से कहा कि यह पूरा प्रकरण केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि संगठित भ्रष्टाचार साक्ष्य छुपाने और फरियादी को ही दोषी ठहराने की साजिश है। इस पूरे मामले में जांच टीम गठित कर पुनः जांच कराते हुए अवैध रूप से चिकित्सा व्यवसाय करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई कराए जाने सहित उसे संरक्षण प्राप्त कर शिकायतों का मनमाने तरीके से निस्तारण करने वाले जिम्मेदारों पर सख्त विभागीय करवाही करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को चिट्ठी भेज कार्यवाही कि मांग की है।

# सर्प दंश से वृद्ध की मौत, मचा कोहराम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुड़वार/सुल्तानपु। खेत में कार्य करने करने गए वृद्ध को जहरीले जंतु ने काट लिया। गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के चंदापुर कोटा गांव से जुड़ा है। जहां बुधवार को सुबह गांव निवासी वृद्ध किसान सुरेंद्र कुमार तिवारी(66)पुत्र काली प्रसाद तिवारी घर के बगल खेत में काम करने गए थे।तभी कृषि कार्य करते समय उन्हें जहरीले सांप ने डस लिया।थोड़ी ही देर में शरीर काला पड़ने लगा तो परिजन लेकर स्थानीय सीएचसी पहुंचे। जहां मौजूद चिकित्सक ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन शव लेकर गांव चले गए। मृतक के बेटे पंकज तिवारी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के एक बेटा व तीन बेटियां है सभी का शादी विवाह हो



चुका है।प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने बताया कि मृतक के बेटे की सूचना पर शव को मर्चरी भेजकर विधिक कार्यवाही की जा रही है। तहसीलदार सदर देवानंद तिवारी ने बताया कि जहरीले जंतु के काटने की सूचना पर लेखपाल दिवाकर यादव को मौके पर भेजा गया था।पोस्टर्माटम रिपोर्ट में जहरीले जंतु के काटने की पुष्टि होने के बाद परिवारजनों को दैवीय आपदा के तहत सहायता राशि दिलाई जाएगी।

## जगदीशपुर पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को धरदबोचा

अमेठी । थाना जगदीशपुर पुलिस ने एक शातिर अपराधी को अठारह ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह द्वारा नफीस पुत्र रफीक निवासी गौहर का पुरवा मजरे गडरियाडीह थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब पचपन वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में उसके कब्जे से अठारह ग्राम स्मैक बरामद हुई है।इस सम्बंध में थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त युवक के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक अपराधिक मामले पूर्व से ही दर्ज हैं।

## खत्म होती जा रही है प्रशासन की राष्ट्रीय पर्व व त्यौहार पर बधाई देने की परंपरा

सुल्तानपुर। जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के चलते अब राष्ट्रीय पर्वो व त्यौहारों पर जिले वासियों को बधाई देने की परिपाटी अब बंद हो रही है। पूर्व में स्वतंत्रता दिवस, गांधी जयंती, जिले के सबसे बड़े आयोजन दुर्गा पूजा महोत्सव सहित दीपावली पर किसी भी जनपद स्तरीय अधिकारी का शुभ कामना संदेश नहीं आया। बता दे कि पूर्व में योगी सरकार की मंशानुसार श्री राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा के समय जिले के प्रमुख कार्यालयों में लाइटिंग के साथ सजावट कराई गई थी। और जिले के जिलाधिकारी सहित आलाधिकारियों ने पूरे आयोजन को भव्य तरीके से मनाया था। साथ ही स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस के साथ होली, दीपावली पर भी जिला स्तरीय अधिकारियों के जिले वासियों के बधाई संदेश सूचना विभाग के ग्रुप व पुलिस मीडिया सेल पर पहुंच जाते थे। लेकिन वर्तमान समय में स्वतंत्रता दिवस, दुर्गा पूजा महोत्सव, गांधी जयंती, दीपावली पर किसी भी अधिकारी का कोई भी बधाई संदेश या सतर्कता के लिए कोई बयान जारी नहीं हुआ। जिससे ऐसा लगता है कि केवल चंद लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक करके ही पूरे जिले को सजग किया जा रहा है। जबकि पूर्व के वर्षों पर गौर करें तो जिलाधिकारी के रूप में जिले में तैनाती के दौरान कृतिका ज्योत्सना, जसजीत कौर, रवीश गुप्ता सहित सभी जिलाधिकारियों द्वारा सूचना विभाग के सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से बधाई संदेश जिलेवासियों तक पहुंचाए जाते थे।

# परदेश पहुंचकर मांगी अपने वतन हिंदुस्तान के लिए अमन चैन की दुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। जनपद की तहसील पूरनपुर के गांव शेरपुर कला निवासी मात्र 14 वर्षीय अदनान रजा खान पुत्र हाजी रियाजत नूर खान ने सऊदी अरब के मक्का मदीना उमरा करने गए हैं।उमरा मुकम्मल करने के बाद अल्लाह ताला के मुकद्दस घर खाने काबा में हाथ उठाकर अपने वतन हिंदुस्तान के अमानो अमन के लिए दुआ की उन्होंने कहा हमारे देश का नाम पूरी दुनिया में ऊंचा हो हमारे देश के लोग खूब तरक्की करें साथ ही आपस में भाईचारा एक दूसरे से बना रहे जिससे हमारे देश की एकता अखंडता मजबूत हो साथ ही अपने देश हिंदुस्तान के मुसलमान समाज के लोगों से अपील भी की है। कि बे हज करने आए या उमरा आए जवानी पर ही क्योंकि यहां की परिक्रमा बहुत कठिन है। बड़ी ताकत और मेहनत की जरूरत पड़ती है। बुढ़ापे पर फिर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए कोशिश करें जवानी पर ही हज उमरा करना चाहिए यहां पर दुआ करने के दरमियान खाने काबा में मौजूद गौसिया हज उमरा टूर ट्रेवल्स के ऑपरेटर मौलाना शाने रजा खान के साथ में पूरे देश भर साथ में गए होजाज इकराम दुआओं में शामिल रहे हैं।

## जिलाधिकारी द्वारा देवीपुरा गौशाला का किया गया निरीक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा देवीपुरा गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोवंशों हेतु भूसा, पेयजल व्यवस्था व साफ सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गौशाला पहुंचकर गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया एवं गौ पूजन कर गौवंशों को माला पहनाकर गुड, फल खिलाएं। आयोजित कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर द्वारा भी गोवर्धन पूजा की गई एवं गोवंशों को फल खिलाएं। इसके साथ ही उन्होंने डीसी मनरेगा को गौशाला से जल निकासी हेतु नाला निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर, सचिव, ग्राम प्रधान एवं गौ संगठन से जुड़े गौरव, शर्मा विक्रांत मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## घर में घुसा मगरमच्छ, दहशत के बीच वन विभाग ने किया रेस्क्यू

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के थाना घुघंचाई क्षेत्र के गांव मटैना कॉलोनी में उस समय हड़कंप मच गया जब एक विशाल मगरमच्छ अचानक एक ग्रामीण के घर में घुस आया। घर के अंदर मगरमच्छ को देखकर परिवार के सदस्य भयभीत हो गए और शोर मचाते हुए बाहर निकल आए। देखते ही देखते कॉलोनी के आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर वन दरोगा मोहित कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने सूझबूझ और सावधानी के साथ रेस्क्यू अभियान चलाया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया गया। वन विभाग की टीम ने बताया कि बारिश और जलभराव के कारण मगरमच्छ पास के जलाशय से भटककर रिहायशी इलाके में पहुंच गया था। मगरमच्छ को पकड़ने के बाद वन कर्मियों ने उसे वन क्षेत्र में ले जाकर सुरक्षित रूप से छोड़ दिया। मगरमच्छ के घर में घुसने की घटना से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल निकासी की व्यवस्था कराने और ऐसे घटनाओं से बचाव के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। वन दरोगा मोहित कुमार ने लोगों से अपील की है कि किसी भी वन्यजीव को देखने पर खुद कार्रवाई न करें, बल्कि तुरंत वन विभाग को सूचना दें ताकि जानवर और इंसानों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। वुधवार सुबह 8 बजे वन दरोगा मोहित कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी तत्काल मगरमच्छ को रेस्क्यू किया गया है।

## घर में घुसा बाघ, पड़िया को बनाया निवाला, गांव में दहशत का माहौल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव नजीरगंज में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब ग्रामीणों को जानकारी मिली कि एक बाघ गांव में घुस आया है। बताया जा रहा है कि बाघ देर रात गांव निवासी ग्रामीण के घर में प्रवेश कर गया और वहां बंधी पड़िया (बछिया) पर हमला कर दिया। बाघ के हमले में पड़िया की मौके पर ही मौत हो गई। वुधवार सुबह जब परिवार के लोग पशुओं को चारा डालने पहुंचे तो खून से सना दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए और गांव में बाघ की चहलकदमी को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वुधवार सुबह आठ बजे मामले की सूचना वन विभाग को दी गई है।

## पटाखे चलाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, सात लोग घायल मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पटाखे को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे और धारदार हथियार चले इससे सात लोग घाल हो गए उन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया कार्रवाई के लिए दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है कोतवाली क्षेत्र के गांव मुजफ्फरनगर के रहने वाले रामगोपाल वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके घर के बच्चे बाहर पटाखे जला रहे थे। इसी बात को लेकर पड़ोसी मुकुट बिहारी से विवाद हो गया। आरोप है मुकुट बिहारी और उनके परिजनों ने घर में घुसकर लाठी डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में विनोद कुमार, धर्मवीर, रामगोपाल, प्रमोद कुमार और रामपाल घायल हो गए। मारपीट के दौरान दूसरे पक्ष से मुकुट बिहारी और मथुरा प्रसाद भी घायल हो गए। मारपीट के बाद अफरा तफरी मच गई। दोनों पक्षों के घायलों को परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया वही पुलिस को दी तहरीर के आधार पर मुकुट बिहारी , राजकुमार, मथुरा प्रसाद, रामसागर, देवेन्द्र के खिलाफ बीएनएस के धारा 115(2), 190, 191(2), 191(3), 333, मे मुकदमा दर्ज कर दिया है।

## पुरानी रंजिश में युवक की गला दबाकर हत्या

चांदा/सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली चांदा क्षेत्र के ढाकापुर गांव में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक युवक की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान राजकुमार (22) के रूप में हुई है। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। मृतक के घर कोहराम मचा है, वहीं गर्भवती पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। तीन मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। परिजनों के अनुसार गांव के ही कुछ युवकों ने राजकुमार को पास के बाग में बुलाया था। वहां पहले उसकी बेरहमी से पिटाई की गई और फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो राजकुमार अचेत अवस्था में पड़ा मिला। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार का आरोप है कि गांव में भूमि विवाद और राशन गोदाम को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी। उसी विवाद के चलते आरोपितों ने इस घटना को अंजाम दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर रामचन्द्र, श्यामचन्द्र, लक्की यादव और महावीर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि मृतक के छोटे भाई की बारात 12 दिन बाद निकलनी थी।

## अमेठी में जूता के गोदाम में आग लगने से लाखों की सामग्री जलकर राख

अमेठी । थाना अमेठी क्षेत्र के आर्य समाज गली स्थित एक जूते चप्पल की गोदाम में बीती रात अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। दीपावली की रात हुई इस घटना से इलाके में अफरातफरी मच गई।आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरा गोदाम जलकर राख हो गया। थाना क्षेत्र के गांव बेलखरी निवासी राजेश शुक्ला और मुकेश शुक्ला ब्रदर्स की बताई जा रही है। दोनों का जूते-चप्पलों का थोक कारोबार है। दीपावली की शाम पूजा पाठ के बाद दोनों भाई दुकान बंदकर घर चले गये थे।स्थानीय लोगो की मानें तो रात करीब बारह बजे गोदाम से धुआं उठता दिखा कुछ ही देर में तेज लपटें उठने लगी। मोहल्ले के लोगों ने तत्काल दुकानदारों और पुलिस को सूचना दी। आसपास के लोगों ने पानी और रेत डालकर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग इतनी भीषण थी कि कोई भी पास नही जा सका और देखते ही देखते पूरा गोदाम आग की चपेट में आ गया।बताया जाता है कि गोदाम में बड़ी मात्रा में जूते-चप्पल का नया माल रखा हुआ था।

# गौरीगंज में विधायक के आवास पर आज से शुरु होगी श्रीराम कथा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज का दर्जनों स्थानों पर स्वागत किया जायेगा**

**मुख्यमंत्री योगी के साथ ही दर्जनों मंत्री और विधायकों के भी श्रीराम कथा में शामिल होने की संभावना**

अमेठी। गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह के निज निवास मंगलम भवन गौरीगंज में आगामी तेइस अक्टूबर से श्रीराम कथा होगी और एक नवम्बर को पूर्णाहुति के साथ विशाल भण्डारा और रात्रिपाली में शौर्य गाथा का आयोजन किया गया है। श्रीराम कथा के आयोजक व गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि आगामी तेइस अक्टूबर से जामो मार्ग पर स्थित मंगलम भवन के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज के मुखारविंद से श्रीराम कथा का रसपान नियमित दो बजे से पांच बजे कराया जायेगा और आगामी एक नवम्बर को सायं छह बजे से नौ बजे तक शौर्य गाथा होगी।गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि तेइस अक्टूबर से हमारे निवास ''मंगलम भवन'' गौरीगंज में आरम्भ हो रही श्रीराम कथा के पावन अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज के आगमन पर तेइस अक्टूबर गुरुवार को होने वाले स्वागत कार्यक्रम मे पौने दस बजे थौरी मे उपस्थित होकर महाराज जी का भव्य स्वागत करें एवं गौरीगंज तक शोभायात्रा मे सम्मिलित होकर कथा का श्रवण करें। उन्होंने बताया कि स्वागत यात्रा थौरी,अढ़नपुर, कादूनाला, पिण्डारा,नंदमहर चौराहा,कमला नगर,रामगंज, कथा स्थल मंगलम भवन जामों रोड गौरीगंज होगा। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि सूबे के मुख्यमंत्री के साथ ही कई मंत्रियों और विधायकों को भी श्रीराम का आमंत्रण पत्र प्रदान किया गया है जिनके आगमन की भी संभावना पाई जाती है। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने आम जनमानस से अनुरोध किया है कि इस दिव्य श्रीराम कथा में पधारकर श्रीराम कृपा का लाभ अवश्य प्राप्त करें।

## पीलीभीत पुलिस लाइन मे एसपी ने शहीदो को दी श्रद्धांजलि, नम हो गई हर किसी की आंखे

पीलीभीत। पुलिस लाइन मे मंगलवार को शहीद दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन मे शहीद स्मारक पर एक गरिमामय एवं भावनात्मक समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर पीलीभीत पुलिस ने उन अमर वीर जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए जिन्होंने देश और जनता की सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए अमर शहीद जवानों के नाम एक-एक कर पढ़े और उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की इस दौरान सम्पूर्ण पुलिस लाइन परिसर ल्भारत माता की जयङ्क और ल्अमर रहे हमारे वीरङ्क के नारों से गूंज उठा कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर,पुलिस स्टाफ के अधिकारी/कर्मचारीगण एवं पीलीभीत जिले के शहीद जवानों के परिजन उपस्थित रहे सभी ने शहीद स्मारक पर पुष्पमालाएं अर्पित कर नमन किया तथा मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की भारत में 21 अक्टूबर का दिन शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है ।

# चित्रगुप्त समाज में कलम पूजन की धूम आज 11 बजे से होगा भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। श्री चित्रगुप्त धाम परिसर में इस वर्ष का वार्षिक कलम पूजन समारोह बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ आयोजित किए जाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज 23 अक्टूबर 2025 सुबह 11 भेजे से होने जा रहे इस पारंपरिक आयोजन में लगभग दो हजार श्रद्धालु जनों के उपस्थित रहने की संभावना है। तैयारी समिति के अनुसार पूरे मंदिर प्रांगण को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। दीवारों पर पुष्प सज्जा और दीपमालाओं से वातावरण भक्तिमय हो उठा है। समाज के युवाओं से लेकर वरिष्ठ जनों तक ने सजावट, व्यवस्थापन और पूजन की तैयारी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान चित्रगुप्त महाराज के जीवन और उनके समाज के योगदान पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। श्रद्धालुओं को उनके उपदेशों, लेखन और कर्म मार्ग के महत्व से अवगत कराया जाएगा। समाज के वरिष्ठजनों ने बताया कि ल्कलम पूजनङ्क केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि ज्ञान, न्याय और सत्य के प्रति समर्पण का प्रतीक है। समाज के लोगों ने बताया कि इस आयोजन में हर वर्ष की तरह सामूहिक आरती, भजन संध्या और प्रसाद वितरण का भी कार्यक्रम रहेगा। आयोजन समिति ने सभी चित्रांश बंधुओं से समय पर पहुँचने और परिवार सहित सम्मिलित होने की अपील की है।

# खेत में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से मवेशी की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । थाना जामो क्षेत्र के गांव गोंदीपुर में को करंट की चपेट में आने से एक भैंस की दर्दनाक मौत हो गई। पशु पालक ने स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी है। पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये जांव पड़ताल की जा रही है।थाना क्षेत्र के गांव गोंदीपुर निवासी टिकई ने अपनी फसल को आवारा पशुओं से बचाने के लिए खेत के चारों ओर विद्युत करंट का तार दौड़ा रखा था। इसी दौरान एक भैंस उस तार की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गईं।घटना की सूचना मिलते ही पशु पालक विजय कुमार ने स्थानीय थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित तहरीर दी है जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुये कहा कि आज भैंस की जान गई है कल कोई बच्चा या बुजुर्ग भी इस करंट की चपेट में आ सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से ऐसे खतरनाक इंतज़ाम पर सख्त कार्यवाही की मांग की है।

## सम्पादकीय

# उपभोक्ता बना आत्मनिर्भरता का शिल्पकार

दिवाली की इस बार की जगमगाहट दीपों तक सीमित नहीं रही है, उसने भारतीय अर्थव्यवस्था के हर कोने में आत्मनिर्भरता की लौ जलाई। बाजारों की रौनक और उपभोक्ताओं के उमंग में इस बार जो बात सबसे अधिक झलकी, वह है 'मेड इन इंडिया' के प्रति अभूतपूर्व विश्वास। देश के व्यापारी, कारीगर और उपभोक्ता, तीनों एक साथ उस दिशा में चलते दिखाई दिए, जहाँ स्वदेशी विकल्प से अधिक प्राथमिकता बनता दिखा।

वस्तुतः कंफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की ताजा रिपोर्ट ने इस परिवर्तन को अंकों में पिरोकर सामने रखा है। त्योहारी सीजन में देशभर में लगभग 6.05 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हुआ, जो अब तक का सबसे बड़ा आँकड़ा है। इसमें सबसे उल्लेखनीय तथ्य यह है कि 87 प्रतिशत भारतीय उपभोक्ताओं ने विदेशी वस्तुओं के बजाय स्वदेशी उत्पादों को चुना। यह सीधे तौर पर भारत के आर्थिक उछाल का संकेत तो है ही साथ में आत्मनिर्भर भारत के विचार की वास्तविक विजय को भी दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' का आह्वान किया था, तब ध्यान में आया था कि पीएम देशवासियों के माध्यम से भारतीय अस्मिता और स्थानीय उत्पादन के पुनरुद्धार को नई दिशा देना चाहते हैं। आज परिणाम भी उसी अनुरूप आया है, जैसा वे चाहते हैं। इस बार दीपावली के बाजारों में चीनी उत्पादों की चमक लगभग गायब रही, वहीं भारतीय वस्तुओं की बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज हुई। दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, अहमदाबाद और जयपुर जैसे प्रमुख शहरों के बाजारों में स्थानीय उत्पादों की बहार थी। हर स्टॉल पर, हर दुकान में यह विश्वास झलक रहा था कि भारत की मिट्टी में बने उत्पाद किसी भी अंतरराष्ट्रीय ब्रांड से कम नहीं। यही वह स्वदेशी चेतना है जो उपभोक्ता व्यवहार को बदल रही है। यहां इस सत्य को भी खुले मन से स्वीकार करना होगा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और उससे प्रेरित संगठनों ने वर्षों से इस स्व से जुड़ी स्वदेशी चेतना को जीवित रखा है। स्वदेशी खरीदोऽदेश बनाओ जैसे अभियानों ने इस वर्ष जनांदोलन का रूप ले लिया। संघ के आर्थिक दर्शन का मूल ही यह है कि आत्मनिर्भरता सिर्फ उद्योग तक सीमित नहीं है, यह राष्ट्र निर्माण का आधार है। यही कारण है कि इस बार दीपावली के उत्सवों में सांस्कृतिक भावना के साथ आर्थिक स्वराज का भाव भी उतना ही प्रबल दिखा है। आरएसएस से प्रेरित संगठनों ने 'स्वदेशी उत्सव' और 'हस्तशिल्प मेले' जैसे आयोजन कर यह संदेश दिया कि स्वदेशी केवल व्यापार नहीं, बल्कि विचार है। स्वदेशी जागरण मंच के अनुसार, यह दौर भारत की आर्थिक स्वराज यात्रा का नया अध्याय है। उनका मानना है कि यदि यह प्रवृत्ति कुछ वर्षों तक निरंतर बनी रही, तो भारत न केवल आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि एक सशक्त निर्यातक राष्ट्र के रूप में भी दुनिया के सामने खड़ा होगा। मोदी सरकार की नीतियाँ भी इसी दिशा में गूँथी हुई हैं; प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया, वोकल फॉर लोकल, और मेक इन इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने स्वदेशी भावना को संस्थागत रूप दिया है। इन योजनाओं ने छोटे व्यापारियों और ग्रामीण उद्यमियों को सशक्त बनाया है, जो अब त्योहारी अर्थव्यवस्था के केंद्र में हैं। कैट ने बताया है कि कैसे छोटे व्यापारियों की ऐतिहासिक वापसी हुई है। इस वर्ष कुल बिक्री में 85 प्रतिशत योगदान गैर-कारपोरेट और पारंपरिक बाजारों से आया। दिल्ली के सदर बाजार, चांदनी चौक, शास्त्री नगर और लाजपत नगर जैसे इलाकों में पैर रखने की जगह नहीं थी।

# उत्सव मेरे प्राण–भारतीयता का स्वर दीपावली

**भारतीयता का प्रथम स्वर अध्यात्म का है – वह आंतरिक प्रकाश जो बाहरी जगमगाहट से कहीं अधिक स्थायी और सार्थक है। जब हम दीप प्रज्वलित करते हैं, तो वस्तुतः अपने भीतर के अंधकार को दूर कर आत्मप्रकाश की ओर अग्रसर होने का संकल्प लेते हैं। भगवान राम की अयोध्या वापसी उसी दिव्य यात्रा का प्रतीक है – जहाँ अंधकार पर ज्ञान, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म का आलोक विजयी होता है। बृहदारण्यक उपनिषद् की वाणी तमसो मा ज्योतिर्गमय आज भी प्रासंगिक है, क्योंकि आधुनिक जीवन के तनाव, अपेक्षाएँ और आत्मकेंद्रितता हमें भीतर लौटने की आवश्यकता दिखाते हैं।**



डॉ. शिवानी कटारा

भारतीय उत्सव केवल पर्व नहीं, बल्कि सनातन चेतना के दीप हैं – जो हर युग में हमारे भीतर धर्म, प्रेम, शक्ति और एकता की ज्योति प्रज्वलित करते रहे हैं। भारत की आत्मा जब मुस्कुराती है, तो वह उत्सव के रूप में अभिव्यक्त होती है। यहाँ ऋतुएँ बदलती हैं तो पर्व जन्म लेते हैं, फसल पकती है तो त्यौहार मनाए जाते हैं, और जीवन के हर मोड़ पर कोई न कोई संस्कार साथ चलता है। विदेशी आक्रमणों के समय यही उत्सव हमारी सांस्कृतिक रक्षा-पंक्ति बने और भारतीय अस्मिता के प्रहरी रहे। सनातन संस्कृति में उत्सव मात्र परंपरा नहीं, बल्कि भारत की वास्तविक प्राणशक्ति हैं। भारतीयता के स्वर, जो सनातन संस्कृति से उद्भूत हैं, उनमें उत्सव जीवन के मधुर राग बनकर प्रवाहित होते हैं। हर उत्सव किसी गहन दर्शन से जुड़ा है। महर्षि पतंजलि ने कहा – योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः, अर्थात योग मन की वृत्तियों का निरोध है। उत्सव वही योग हैं – जहाँ व्यक्ति 'मैं' से ऊपर उठकर 'हम' में विलीन होता है, क्योंकि धर्म जीवन से अलग नहीं, बल्कि उसका स्वाभाविक और गतिशील अंग है। दीपावली इसका श्रेष्ठ उदाहरण है – जो अध्यात्म, संस्कृति, मानवता, नारी, प्रकृति, सत्य और सह-अस्तित्व के स्वरों को एक साथ झंकृत करती है।

भारतीयता का प्रथम स्वर अध्यात्म का है – वह आंतरिक प्रकाश जो बाहरी जगमगाहट से कहीं अधिक स्थायी और सार्थक है। जब हम दीप प्रज्वलित करते हैं, तो वस्तुतः अपने भीतर के अंधकार को दूर कर आत्मप्रकाश की ओर अग्रसर होने का संकल्प लेते हैं। भगवान राम की अयोध्या वापसी उसी दिव्य यात्रा का प्रतीक है – जहाँ अंधकार पर ज्ञान, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म का आलोक विजयी होता है। बृहदारण्यक उपनिषद् की वाणी तमसो मा ज्योतिर्गमय आज भी प्रासंगिक है, क्योंकि आधुनिक जीवन के तनाव, अपेक्षाएँ और आत्मकेंद्रितता हमें भीतर लौटने की आवश्यकता दिखाते हैं। आज Gen Z जब माइंडफुलनेस और सेल्फ-अवेयरनेस की बात करती है, तो दीपावली सिखाती है कि सच्चा प्रकाश किसी स्क्रीन पर नहीं, बल्कि हमारे भीतर की सजगता, संयम और चेतना में है। भारतीयता का दूसरा स्वर संस्कृति का है – जो विविधता में एकता का उज्ज्वल संदेश देता है। दीपावली इस भावना को मूर्त करती है, जब पूरा भारत एक ही आलोक में दिखता है – उत्तर में राम की विजय, दक्षिण में कृष्ण का नरकासुर-वध, पूर्व में माँ काली की आराधना और पश्चिम में नए वर्ष का स्वागत। रूप अलग हैं, पर भाव एक – अंधकार से प्रकाश की यात्रा। यही विविधता भारतीयता की पहचान है, जैसा ऋग्वेद कहता है – एकं सत् विप्रा बहुधा वदन्ति, सत्य एक, रूप अनेक; यही स्वर वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को भी सजीव करता है। यही वह क्षण है जब भारतीयता का स्वर आधुनिकता से संवाद करता है – जहाँ सनातन परंपरा आधुनिकता को विरोध नहीं, बल्कि पूरक दृष्टि से देखती है। सोशल मीडिया पर जेन ज़ेड की #SustainableDiwali और #Local for Vocal जैसी पहलकदमियाँ दीपोत्सव को आत्मनिर्भर ही नहीं बना रहीं, बल्कि मिट्टी के दीयों को फिर से लोकप्रिय बनाकर संस्कृति और प्रकृति से जुड़ने वाली नई भारतीयता की आवाज़ बन रही हैं। यही आधुनिक भारतीयता का सार है – जहाँ परंपरा प्रकाश देती है और आधुनिकता दिशा। भारतीयता का अगला स्वर मानवता और सह-अस्तित्व का है – जो सिखाता है कि जीवन का अर्थ केवल अपने सुख में नहीं, बल्कि साझा आनंद में है। अयोध्या का दीपोत्सव इसी का प्रतीक है – जब पूरा नगर अपने नायक के साथ जुड़कर धर्म और नैतिक व्यवस्था की पुनर्स्थापना का उत्सव मनाता है, और लोग स्वयं को एकजुट और सुरक्षित महसूस करते हैं। अतः दीपावली सामूहिक आनंद और सामाजिक एकता का अनुष्ठान है – जो संदेश देता है कि प्रकाश तभी सार्थक है जब वह दूसरों तक पहुँचे। आज की युवा पीढ़ी – विशेषकर जेन ज़ेड– जब सामाजिक प्रभाव, मानसिक स्वास्थ्य और सामुदायिक निर्माण की बात करती है, तो वे अनजाने में उसी भारतीय परंपरा को आधुनिक संदर्भ में जी रही होती हैं। जब युवा झुग्गियों में दीप जलाते हैं, वह क्षण सह-अस्तित्व और करुणा के जीवंत प्रतीक बन जाता है। भारतीयता का चौथा स्वर नारीशक्ति है – सृजन, संतुलन और संवेदना का प्रतीक, जिसकी दीपावली में माँ लक्ष्मी के रूप में आराधना होती है; पर आज की लक्ष्मी केवल धन की नहीं, बल्कि ज्ञान, विवेक और नेतृत्व की देवी हैं। जब माताएँ श्रम और सौंदर्य से घर सजाती हैं, तो यह इंगित करता है कि भक्ति और सौंदर्य विरोधी नहीं, बल्कि एक ही साधना के दो आयाम हैं। आज की युवा नारी उसी ज्योति का आधुनिक स्वरूप है – जो परंपरा में आत्मविश्वास और आधुनिकता में मर्यादा का प्रकाश लाती है। छोटी दीपावली भी उसी स्मृति की लौ है जब कृष्ण ने नरकासुर से सोलह हज़ार स्त्रियों को मुक्त किया। यह प्रसंग स्मरण कराता है कि नारी सम्मान और स्वतंत्रता भारतीय चेतना का मूल है । यह अन्याय के विरुद्ध सामाजिक प्रतिरोध को उद्बोधित करता है – बताते हुए कि धर्म मात्र पूजा-पाठ नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक साहस का सजीव प्रकाश है।



भारतीयता का अगला स्वर प्रकृति-सामंजस्य का है। मिट्टी के दीपक, फूलों की मालाएँ और गोबर की सजावट सिखाती हैं कि जीवन का सौंदर्य प्रकृति के संतुलन में है। मिट्टी के दीये और बर्तन जीवन की क्षणभंगुरता के प्रतीक हैं और याद दिलाते हैं कि रूप, धन और सत्ता अंततः मिट्टी में लौट जाते हैं। दीपावली के अगले दिन मनाया जाने वाला अन्नकूट पर्व भारतीय कृषि-संस्कृति का उज्ज्वल प्रतीक है। इस दिन भगवान कृष्ण ने इंद्र की पूजा त्यागकर गोवर्धन पर्वत और गौवंश की आराधना का संदेश दिया – कि सच्चा धर्म केवल देवताओं की उपासना में नहीं, बल्कि प्रकृति और अन्नदाता के प्रति आदर में निहित है। बलराम का 'हलधर' रूप कृषि और श्रम की पवित्रता का प्रतिनिधित्व करता है। विविध अन्नों से सजा अन्नकूट वेदवाक्य अन्नं ब्रह्म – अन्न ही ब्रह्म है – की सजीव व्याख्या है। आज जब जेन जेड हरित इको फ्रेंडली दीवाली का संकल्प लेती है, तो वह प्राचीन कृषि-दर्शन को आधुनिक रूप देती है – यह दर्शाते हुए कि सच्चा विकास विवेक और पर्यावरणीय संतुलन में निहित है – यही आधुनिक भारतीयता का सार है, जहाँ प्रकाश का अर्थ सचेत जीवन है। दीपावली का अंतिम और सबसे प्रभावी स्वर 'सत्य, कर्तव्य और मर्यादा' का है – जो केवल उपदेश नहीं, जीवन का आचरण है। भगवान राम की विजय मर्यादा, सत्य और करुणा की पुनर्स्थापना थी, यह सिखाते हुए कि सच्ची शक्ति शस्त्र में नहीं, आत्मसंयम और चरित्र में है – सत्यं वद, धर्मं चर। इसी संदर्भ में माता लक्ष्मी की कथा बताती है कि समृद्धि संघर्ष (मंथन) से उत्पन्न होती है, न कि संयोग से। लक्ष्मी पूजन स्मरण कराता है कि अर्थव्यवस्था भौतिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक प्रक्रिया है। एक धर्मनिष्ठ अर्थव्यवस्था (Ethical Economy) में धन साधन है, साध्य नहीं; वह तभी पवित्र है जब मानवता की सेवा में हो। आर्थिक दृष्टि से भी दीपावली व्यापार का नया वर्ष और आर्थिक नवचेतना (Economic Renewal) का प्रतीक है। इस समय समाज में विनिमय (Exchange) और पुनर्वितरण (Redistribution) की प्रक्रिया सक्रिय होती है। उपहार, मिठाई और वस्त्रों का आदान-प्रदान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि पारस्परिकता (Reciprocity) का प्रतीक है जो सामाजिक संबंधों को सुदृढ़ करता है।

अतः सामाजिक दृष्टि से दीपावली सांस्कृतिक एकात्मता (Cultural Integration) और सामूहिक पुनर्जागरण का उत्सव है, जबकि आध्यात्मिक दृष्टि से यह अंधकार से प्रकाश, स्वयं से विश्व और क्षण से अनंत की ओर अग्रसर एक शाश्वत यात्रा है – जहाँ प्रत्येक दीप कहता है, मैं जलता हूँ ताकि कोई अंधेरे में न रहे यही भारतीयता का प्रखर स्वर है – जो जीवन को समग्र सृष्टि के कल्याण हेतु जीने की प्रेरणा देता है। उपनिषदों का मंगल मंत्र इसी भावना को सार रूप में व्यक्त करता है –

सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्।

# आम आदमी की उड़ान के 9 साल

**सियाराम पांडेय**

आसमान में उड़ना हर किसी का सपना होता है। मनुष्य के पास उड़ने के लिए पंख भले न हों लेकिन उसके पास उम्मीदों के पंख तो हैं ही और जब हौसलों का साथ हो, मन में उल्लास हो तो संसार को जीतना आसान हो जाता है। आकाश तक विकास की ऊंची छलांग तो लगाई ही जा सकती है। दीपावली के उमंग और उल्लास भरे पुनीत अवसर पर उड़ान योजना के नौ साल पूरे हो गए। विमान सेवा को आम आदमी की पहुंच में लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21 अक्टूबर, 2016 को यह योजना शुरू की थी। हालांकि इस योजना के तहत पहली उड़ान 27 अप्रैल 2017 को शिमला से दिल्ली के लिए शुरू हुई थी। यह योजना 10 साल के लिए शुरू की गई थी लेकिन अब इसकी अवधि दस साल और बढ़ा दी गई है।

निश्चित ही इसका लाभ न केवल विमानन क्षेत्र को मिलेगा बल्कि मध्यमवर्गीय समाज भी इससे बहुत हद तक लाभान्वित हो सकेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के 2025-26 के बजटीय भाषण पर गौर करें तो आगामी साल में इस योजना में 120 नए गंतव्य शामिल किए जाएंगे, जिससे 4 करोड़ अतिरिक्त यात्रियों को सस्ती हवाई सेवा का लाभ मिल सकेगा। इस निमित्त भले ही उन्होंने नागरिक उड्डयन मंत्रालय के लिए कुल परिव्यय का खुलासा नहीं किया लेकिन बजट में 2025-26 में उड़ान योजना के लिए 540 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा तो शुरू की ही थी।

उड़ान योजना के तहत अब तक 625 उड़ान मार्ग चालू किए गए हैं जो पूरे भारत में 90 हवाई अड्डों को जोड़ते हैं, जिनमें 2 जल हवाई अड्डे और 15 हेलीपोर्ट भी शामिल हैं। इस योजना से उड़ान के अंतर्गत 1.49 करोड़ से अधिक यात्री किफायती क्षेत्रीय हवाई यात्रा का लाभ उठा चुके हैं। भारत के हवाई अड्डा नेटवर्क पर विचार करें तो वर्ष 2014 तक देश में 74 हवाई अड्डे थे जो बढ़कर 159 हो गए हैं। हवाई अड्डों तक पहुंच गया जो एक दशक में दोगुने से भी अधिक है। वंचित एवं दूरदराज के क्षेत्रों में वायु संपर्क बढ़ाने के लिए सरकार ने व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) के रूप में 4,023.37 करोड़ रुपये बांटे हैं।

उड़ान योजना से जाहिर तौर पर क्षेत्रीय पर्यटन को गति मिली है। स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बढ़ी है और व्यापार को मजबूती मिली है। टियर-2 और टियर-3 शहरों में आर्थिक विकास में उछाल आई है। आकाश को छूना देश के अधिकांश लोगों का सपना हुआ करता था लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसमें अपना एक और सपना जोड़ दिया और वह सपना था कि हवाई सेवा इतनी सस्ती होनी चाहिए कि उसमें चप्पल पहनने वाला आम नागरिक भी सफर कर सके। 'उड़े देश का आम नागरिक' के स्लोगन के साथ जब यह योजना शुरू हुई तो उनके विरोधियों ने इसका उपहास भी किया लेकिन जब नीति और नीयत साफ हो तो संकल्प अपनी सिद्धि को प्राप्त करता ही है। उड़ान योजना के साथ भी कमोबेश ऐसा ही कुछ हुआ। यह कहने में शायद ही किसी को संकोच हो कि इस योजना ने तब से अब तक भारत के क्षेत्रीय वायु संपर्क परिदृश्य को बदल दिया है।

अनगिनत नागरिकों के लिए आसमान खोलना किसी उपलब्धि से कम नहीं है। इसके लिए सरकार को काफी कुछ व्यय भार झेलना भी पड़ा। किफायती किराया सुनिश्चित करने के लिए एयरलाइनों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करानी पड़ी हवाई किराये की सीमा निर्धारित करनी पड़ी। कम आकर्षक बाजारों में उड़ानें संचालित करने के लिए एयरलाइनों को आकर्षित करने की दिशा में भी सरकार को अनेक प्रयास करने पड़े। केंद्र सरकार ने प्रथम तीन सालों के लिए आरसीएस हवाई अड्डों पर खरीदे जाने वाले एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर उत्पाद शुल्क 2 प्रतिशत तक सीमित किया। एयरलाइन्स को अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए कोड शेयरिंग समझौते के लिए प्रोत्साहित करने में वह पीछे नहीं रही। इस क्रम में राज्य सरकारों का सहयोग भी कमतर नहीं आंका जा सकता। राज्यों ने दस वर्षों के लिए एटीएफ पर वैट को 1 प्रतिशत या उससे कम करने तथा सुरक्षा, अग्निशमन सेवाओं और उपयोगिता सेवाओं जैसी आवश्यक सेवाएं कम दरों पर उपलब्ध कराई। सहयोग की इस युति ने एक ऐसा वातावरण तैयार किया है, जहां एयरलाइन्स कंपनियां लंबे समय से उपेक्षित क्षेत्रों में भी सेवाएं प्रदान करने का साहस नहीं जुटा पाईं, वहां भी

## सेहत मंत्र

# हाइपरसोमनिया से पीड़ित हैं तो घबराएं नहीं, ऐसे करें इलाज


क्या आप हर जगह बैठे-बैठे झपकी लेने लगते हैं ? क्या रात्रि में आठ से दस घंटे सोने के बाद भी आपकी नींद पूरी नहीं होती? क्या आप हरदम सुस्ती महसूस करते हैं और सोने के बहाने ढूंढते हैं? अगर इन सभी सवालों के जवाब हां हैं तो यह हाइपरसोमनिया के लक्षण हो सकते हैं। बेहतर नींद भले ही अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हो लेकिन जरूरत से ज्यादा सोना भी हेल्थ के लिए अच्छा नहीं माना जाता। इतना ही नहीं, कुछ लोगों को स्लीपिंग डिसआर्डर होता है और उन्हें इसके बारे में पता भी नहीं होता। तो चलिए जानते हैं हाइपरसोमनिया के बारे में? क्या है हाइपरसोमनिया ? हाइपरसोमनिया एक ऐसी स्थिति है, जिसमें व्यक्ति को हरदम नींद आती है। इतना ही नहीं, वह कोई भी काम करते हुए सो सकते हैं। जरा सोचिए कि अगर किसी व्यक्ति को कार या बाइक चलाते हुए नींद आ जाए तो यह स्थिति उसके व अन्य लोगों के लिए कितनी घातक होगी। इसके अतिरिक्त इस स्लीप डिसआर्डर में व्यक्ति के भीतर ऊर्ज़ा का स्तर काफी कम होता है। जिसके कारण वह हमेशा ही थकान व सुस्ती का अनुभव करता है। होते हैं यह कारण- हाइपरसोमनिया स्लीप डिसऑर्डर कई कारणों से विकसित होता है। सबसे पहले तो दिन में सोने की आदत कब स्लीप डिसऑर्डर में तब्दील हो जाती है, इसका व्यक्ति को पता ही नहीं चलता। इसके अतिरिक्त रात में ठीक तरह से न सोना, सोते हुए खर्राटे लेना, आवश्यकता से अधिक वजन, किसी ड्रग या अल्कोहल का सेवन, सिर पर चोट लगने या कोई न्यूरोलॉजिकल बीमारी व कुछ खास तरह की दवाईयां व डिप्रेशन आदि भी हाइपरसोमनिया का कारण बनती हैं। ऐसे करें पहचानः हाइपरसोमनिया की पहचान का सबसे आसान तरीका यह है कि अगर आपको दिन में भी व कभी भी नींद आने लग जाए तो समझ जाइए कि अब डॉक्टर से मिलने का वक्त आ गया है। आप डॉक्टर से मिलने पर अपनी स्लीपिंग रूटीन के बारे में बताएं। साथ ही अगर आप किसी खास तरह की दवाई का सेवन कर रहे हैं या इमोशनली आपको किसी तरह की परेशानी है तो उसके बारे में भी अवश्य बताएं। इसके बाद ब्लड टेस्ट, सीटी स्कैन, ईईजी व पॉलिओमोग्राफी एक तरह का नींद परीक्षण करके इस डिसऑर्डर के बारे में आसानी से पता लगाया जा सकता है।

## धर्म मंत्र

# वनदेवी मंदिरः फल-फूल नहीं इस मंदिर में देवी मां को चढ़ाएं जाते हैं पत्थर

भारत में कई धर्मों के लोग रहते हैं और वो अलग-अलग मान्यताओं को मानते हैं। हिंदू धर्म की बात करें तो मंदिरों में लोग देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना करते हैं। साथ ही उन्हें चंदा और अन्य सामान अर्पित करते हैं। वहीं, भगवान को लोग फूल, फल और मीठे का भोग लगाया जाता है। हालांकि, कई बार ऐसे मंदिरों के बारे में भी सुना जाता है कि जहां पर अजीब चीजें चढ़ाई जाती हैं जिनमें मदिरा या समोसा आदि शामिल होता है। लेकिन क्या कभी आपने ऐसे किसी मंदिर के बारे में सुना है जहां पर देवी को कंकड़ पत्थर चढ़ाए जाते हैं। इस मंदिर का नाम है वनदेवी मंदिर। यह मंदिर छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर के पास खमतकाई में स्थित है। इसका नाम वनदेवी मंदिर है। यहां लोग देवी मां को फूल, फल या चढ़ावा नहीं बल्कि पत्थर का भोग लगाते हैं। सदियों से यहां पर यही परंपरा चली आ रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि खेतों में मिलने वाले गोटा पत्थर को देवी मां चढ़ाया जाता है। यह पत्थर देवी मां को काफी पसंद हैं। मान्यता है कि जो व्यक्ति ऐसा करता है उसकी हर मनोकामना पूरी होती है। यहां मातारानी को नारियल, फूल, पूजा सामग्री का चढ़ावा नहीं चढ़ाया जाता है। यहां पर लोग अपनी मनोकामना को पूरा करने के लिए मां को पत्थर का भोग लगाया जाता है। भक्त यहां पर 5 गोटा पत्थर लेकर जाते हैं और अपनी मन्नतों के पूरी होने की फरियाद लगाते हैं।

## पर्यटन



# खूबसूरत जैसलमेर के बाजारों में भी रहती है खूब रौनक

जैसलमेर को अगर 'जादुई शहर' कहा जाए तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। ऐसा प्रतीत होता है कि किसी सुनहरी तूलिका से यहां के किले, हवेलियां, रेत के टीले, सुनहरे रंग से रंग दिए हों। ऐसा रंग व दृश्य राजस्थान में आपको यहीं देखने को मिलेगा। एक पौराणिक कथा के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने भविष्यवाणी की थी कि उनके यदुवंश का कोई वंशज त्रिकुट पहाड़ी पर कालान्तर में अपना राज्य बसायेगा, जिसे सदियों बाद 1155 ईसवीं में रावल जैसल ने सत्य कर दिखाया। निकट ही स्थित लौद्रवा से अपनी राजधानी हटाकर यहां उन्होंने एक परिनुमा किला बनवाया, जो जैसलमेर किले के नाम से जाना गया। भाटी शासकों का राज्य दिल्ली व सिंध के व्यापारिक मार्ग पर था, इसलिए माल-वाहकों से प्राप्त कर ही उनके राज्य की आय का परिपूर्ण स्रोत बन गया था। इस व्यापारिक मार्ग से शासकों का ही नहीं, स्थानीय व्यापारियों का भी लाभ होता था जिसका उपयोग उन्होंने अपने लिए शानदार हवेलियां बनाने में किया। यहां आपको कई सुंदर नक्काशीयुक्त हवेलियां मिलेंगी, जिनमें नथमल की हवेली, पटवों की हवेली व सालिम सिंह की हवेली कला की दृष्टि से बेजोड़ हैं। शहर में पैदल घूमना एक अनूठा अनुभव है, बस एक बार चलना शुरू कीजिए, और शहर का वास्तु-वैभव व बाजारों की रौनक देखते हुए कब आप अपनी मंजिल पर पहुंच जायेंगे, इसका पता ही नहीं चलेगा। विश्व पर्यटन जगत में तेजी से लोकप्रिय होते ही यहां पर्यटकों के लिए स्तरीय आवास व आहार सुविधाओं का विकास हुआ है। यह एक ऐसा अनोखा शहर है, जहां का हर व्यक्ति पर्यटकों को लुभाने व रिझाने में माहिर है। अन्य लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में गढ़ीसर-झील, लोद्रवा, वुड फॉसिल पार्क, अमर सागर, बड़ा बाग व मशहूर सम के धीरे (पीले रेत के टीले) कुलधरा गांव आदि हैं। निश्चय ही यहां घूमते समय आपके मन में यह विचार जरूर आएगा कि काश! आप यहां की अनूठी व सुंदर नक्काशीयुक्त हवेलियां भी अपने साथ ले जा सकते, पर ऐस संभव नहीं है, बेहतर होगा कि आप यहां के हस्त-शिल्पकला के नमूने, कढ़ाई करे कपड़े, ऊनी शॉल, कम्बल, ऊंट के चमड़े के बने सामान वगैरहा देख, अपनी पसंदीदा वस्तुओं की खरीददारी करें, जिन्हें साथ ले जाने में भी आसानी होगी।

# बिटिया लक्ष्मी बनी एक दिन की कोतवाल मातहतों को दिए दिशा निर्देश

## मिशन शक्ति फ़ेज-5 के तहत बेटियों को मिला सशक्तिकरण का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी पुलिस अधीक्षक बाराबंकी के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के लिए संचालित मिशन शक्ति फ़ेज-5 के अंतर्गत थाना हैदरगढ़ पुलिस द्वारा एक अनूठी पहल की गई।

सरस्वती शिशु मंदिर, कस्बा हैदरगढ़ की कक्षा 10 की होनहार छात्रा लक्ष्मी सोनी को एक दिन के लिए प्रभारी कोतवाली बनाया गया। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और पुलिस व्यवस्था के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।कार्यभार संभालने से पहले उपनिरीक्षक दीपिका द्वारा लक्ष्मी को बुके भेंट कर शुभकामनाएं दी गईं। तत्पश्चात छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, महिला हेल्प डेस्क, महिला सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं, आपराधिक नियंत्रण, साइबर अपराध, मानव तस्करी, यातायात नियंत्रण और कानून व्यवस्था से संबंधित विषयों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।एक दिन की कोतवाल बनने का अवसर पाकर लक्ष्मी ने कहा कि यह अनुभव उनके लिए प्रेरणादायक रहा और अब वह समाज में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए जागरूकता फैलाने का संकल्प लेंगी।इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक शैलेश यादव, कपिल देव यादव, सौरभ यादव, पवन यादव, राम मिश्रा, आदर्श अवस्थी सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम ने सपत्नीक मनाया दीपावली का त्यौहार, किशोरियों, वृद्धो को दिए उपहार, वृद्धो का जाना कुशल क्षेम

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। दीपावली के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं उनकी पत्नी श्रीमती शैलजा त्रिपाठी ने राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोरी) में संवासित किशोरियों के साथ दीपावली मनाई। इस अवसर पर संस्था में जिला प्रोबेशन अधिकारी और प्रभारी अधीक्षिका राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोरी ) भी उपस्थित रहे ।

दीपावली के अवसर पर उन्होंने किशोरियों को ऊनी वस्त्र, मिठाईयां, चॉकलेट और फुलझडियां उपहार दिए।जिलाधिकारी ने किशोरियों की आवश्यकताओं के बारे में भी सभी से वार्ता की और सभी किशोरियों को शुभकामनाओं के साथ सुरक्षित दीपावली मनाने का संदेश दिया।

जिलाधिकारी वृद्ध जनों के साथ मनाई दिवाली- जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शैलजा त्रिपाठी वृद्धा आश्रम पहुँचे और आवासित बुजुर्गों में उपहार स्वरूप ऊनी साल व मिष्ठान भेंटकर उनका कुशल क्षेम जाना।तथा वृद्धाश्रम द्वारा उपलब्ध कराई गई कराई जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने जनपदवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि त्यौहार,सामाजिक एकता एवं खुशियों के आदान-प्रदान का माध्यम होता है। हम सब को त्योहार की खुशी, सबके बीच साझा करनी चाहिए। उन्होंने सभी से सौहार्द,आपसी प्रेम के साथ त्योहार मनाने की अपील की। दीपावली प्रकाश, सदभाव और सामाजिक एकता का प्रतीक पर्व है।

# मजार आई महिला जायरीन से छेड़छाड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। कस्बा बांसा शरीफ स्थित हज़रत सैय्यद अब्दुर्रज्जाक शाह दरगाह पर आयी एक महिला के साथ दरगाह के ही निकट रहने वाले एक मनचले युवक ने छेड़छाड़ की महिला के विरोध पर युवक ने मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना की जाँच शुरु कर दी है। बताते चले जनपद लखनऊ ट्रांसपोर्ट नगर अमौसी एयरपोर्ट थाना सरोजनीनगर लखनऊ निवासी एक महिला की पुत्री काफी दिनों से मानसिक रूप से बीमार है तमाम इलाज के बाद भी ठीक न होने पर महिला विगत काफी दिनों से कस्बा बांसा शरीफ स्थित हज़रत सैय्यद अब्दुर्रज्जाक शाह रहमतुल्लाह अलेह बाबा की दरगाह पर पुत्री को लेकर आती है आस्था के प्रतीक इस स्थान से पुत्री के सेहत मे कुछ सुधार होने के कारण महिला हमेशा दरगाह शरीफ पर पुत्री के साथ आती रहती है ।

बीते शनिवार की रात करीब साढ़े आठ बजे बांसा निवासी मुज्जिम पुत्र अज्ञात जो दरगाह के निकट रहता है महिला के साथ अशोभनीय हरकत की। विरोध पर मुज्जम मारपीट पर उतारू हो गया , जिससे महिला को काफी चोटे लग गयी महिला की चीख पुकार पर दरगाह परिसर मे रुके अन्य जायरीन दौड़े जिस पर मुज्जम ने धमकी देते हुए फरार हो गया। जायरीन ने घटना की जानकारी डायल 112 पर दी जब तक पुलिस पहुंचती तब तक छेड़छाड़ का आरोपी फरार हो गया।

पीड़िता ने थाने पर छेड़छाड़ की तहरीर दी है मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मसौली थाना प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर मिली है आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।किसी धार्मिक स्थल पर इस तरह की घटना दुःखद है ।

# पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता ने जरूरतमंद बच्चों संग मनाई दीपावली, सौ से अधिक बच्चों को बांटे दीये, मिठाई और पटाखे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दरियाबाद बाराबंकी । क्षेत्र के अलियाबाद गांव में इस बार दीपावली का त्योहार कुछ विशेष रहा। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष (पूर्वी) महेश गुप्ता ने समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए जरूरतमंद बच्चों एवं उनके परिवारों के साथ दीपावली का पर्व मनाया। इस अवसर पर उन्होंने सौ से अधिक बच्चों को दीये, मिट्टी के खिलौने, मिठाई और पटाखे वितरित किए।महेश गुप्ता पिछले दस वर्षों से लगातार ऐसे ही आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के बीच दीपावली मनाते आ रहे हैं। उनका कहना है कि ह्लदीपावली केवल रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि मुस्कान बांटने का उत्सव है। जब हम अपनी खुशियां दूसरों के साथ साझा करते हैं, तभी त्योहार का असली आनंद मिलता है।ङ्ककार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उत्साह का जो दृश्य देखने को मिला, उसने पूरे वातावरण को भावुक और उल्लासमय बना दिया। इस अवसर पर नरेंद्र, लाला हरिश्चंद्र, अंकुर चौरसिया, विपिन सहित अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और महेश गुप्ता की इस सामाजिक पहल की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर दीप जलाए और एक-दूसरे को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## रोडवेज बस की टक्कर, बाइक सवार की मौत




रामनगर लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग 927 पर थाना रामनगर अंतर्गत बुधवार शाम करीब छः बजे एचपी पेट्रोल पंप नचना के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस यूपी 32 एस एन 8886 ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक चलक की मौके पर मत हुई। हादसा कर चालक भाग निकला। बताते हैं कि पुलिस मौके पर पहुंची घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर भेजा। तब तक बहुत देर हो गई थी।मृतक सहादतगंज निवासी 38 वर्षीय चूड़ी व्यापारी रिजवान पुत्र मोहम्मद नासिर बताया गया है। प्रभारी अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि बस चालक की तलाश की जा रही है।

## जुआंरी भीड़ दो लहूलूहान, तहरीर

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम मरकामऊ में जुआं खेलते समय हार जीत को लेकर हुए विवाद में दो युवकों को लहुलुहान कर दिया गया। पीड़ित संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर पहुचे। कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम मरकामऊ के अंकित मौर्या पुत्र साधूराम मौर्या ने कोतवाली बदोसरांय में मुकदमा दर्ज कराया।प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बदोसरांय अजीत कुमार विद्यार्थी ने बताया है कि मामले की जांच की जा रही है।

## दवा लेने जा रही महिला की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

दरियाबाद बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार टिकैतनगर थाना क्षेत्र के खेमापुर गांव की निवासी निर्मला देवी पत्नी झब्बर लाल वर्मा अपने गांव के ही ब्रजेश शर्मा के साथ बाइक से दरियाबाद स्थित सीएचसी मथुरानगर दवा लेने जा रही थीं। बताया जाता है कि जब वे मियांगंज समिति के पास पहुँचीं, तभी मियांगंज निवासी रामू पुत्र पोलर यादव की बाइक अचानक अनियंत्रित होकर उनकी बाइक से टकरा गई। जोरदार टक्कर लगने से निर्मला देवी सड़क पर गिर पड़ीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उन्हें सीएचसी मथुरानगर पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। हादसे की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

## दरियाबाद में आपसी रंजिश के चलते हिंसक झड़प, दोनों पक्षों के 24 लोगों पर मुकदमा दर्ज

दरियाबाद बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना दरियाबाद क्षेत्र के महदीपुर गांव में आपसी रंजिश के चलते दो परिवारों के बीच मंगलवार की शाम जमकर विवाद हो गया। देखते ही देखते बात बढ़ी और लाठी-डंडे चल गए। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। सूचना पर दरियाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। सभी घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथुरानगर भेजा गया।कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार सोनकर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला आपसी रंजिश का प्रतीत होता है। दोनों पक्षों की तहरीर पर कुल 24 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने गांव में एहतियातन गश्त बढ़ा दी है ताकि किसी भी प्रकार की दोबारा हिंसा की स्थिति न उत्पन्न हो।

## चार बच्चों संग लापता हुई महिला, बुजुर्ग सास ने जताई साजिश की आशंका

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । कोठी थाना क्षेत्र के डिघावा गांव में एक बुजुर्ग महिला ने अपनी बहू और चार नाबालिग पोते-पोतियों के रहस्यमय तरीके से लापता होने की शिकायत पुलिस से की है।डिघावा निवासी शांति देवी पत्नी स्वर्गीय सुरसेन ने बताया कि उनके पुत्र राकेश की दो वर्ष पूर्व बीमारी के कारण मृत्यु हो गई थी। इसके बाद बहू अपने चार बच्चों — लवकुश (10), दास (8), पवन (6), अंशिका (3) और नंदिनी (2) — के साथ 2 अक्टूबर को मायके निर्वाचन (नैहर) गई थी।शांति देवी का कहना है कि 10 अक्टूबर के बाद से न तो बहू वापस लौटी और न ही बच्चों का कोई पता चला। उनका आरोप है कि बहू के मायके वालों की मिलीभगत से उसे किसी अन्य व्यक्ति के साथ भेज दिया गया है।बुजुर्ग सास ने बताया कि बेटे की मृत्यु के बाद सरकार की ओर से बहू को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत धनराशि मिली थी। वह सारा पैसा और जेवरात लेकर चली गई और तब से उसका कोई अता-पता नहीं है।शांति देवी ने पुलिस प्रशासन से अपनी बहू और बच्चों की खोजबीन कर न्याय की गुहार लगाई है।इस संबंध में थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि फिलहाल इस प्रकरण में कोई औपचारिक तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## गौशालाओ में धूमधाम से हुई गोवर्धन पूजा

सिरौली गौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में बुधवार को पूर्ण श्रद्धा से गोवर्धन पूजा कर प्रसाद वितरण किया गया। विकासखंड सिरौली गौसपुर के ठाकुरपुर, श्याम नगर, रामसहाय, मेलरायगंज, हजरतपुर और बरोलिया सहित विभिन्न गांवों में गौशालाओं में गायों की विशेष पूजा-अर्चना की गई।इस अवसर पर गौशालाओं में हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। गौशाला प्रबंधकों और स्थानीय निवासियों ने गायों को गुड़, केला, फल और मिष्ठान खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।बुधवार को ठाकुरपुर गौशाला में प्रधान संघ अध्यक्ष और ठाकुरपुर के प्रधान विकेश वर्मा ने गोवर्धन पूजा का आयोजन किया। यहां मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन किया गया और गायों को फूल माला पहनाकर फल व मिष्ठान खिलाए गए। इसी क्रम में, हजरतपुर में गौशाला प्रबंधक प्रधान प्रतिनिधि ऑन मियां राम सहाय में ग्राम प्रधान दया शंकर शुक्ला और बरोलिया में ग्राम प्रधान जयप्रकाश वर्मा ने भी पूजा-पाठ कर गायों को मिष्ठान और फल खिलाए।

# पुलिस उपाधीक्षक गरिमा ने किया महिला कारागार एवं राजकीय संप्रेक्षण गृह का औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी : मिशन शक्ति फ़ेज-05 के तहत क्षेत्राधिकारी रामनगर सुश्री गरिमा पंत द्वारा मंगलवार को जिला महिला कारागार तथा राजकीय संप्रेक्षण विशेष गृह (किशोरी) का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला बंदियों एवं किशोरियों की दैनिक आवश्यकताओं, आवासीय सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा एवं सुरक्षा व्यवस्था का गहन परीक्षण किया।क्षेत्राधिकारी ने रसोईघर, शौचालय, आवासीय कक्षों तथा प्रशिक्षण कक्षों की स्वच्छता की स्थिति की जांच कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सुश्री गरिमा पंत ने महिलाओं एवं किशोरियों से संवाद स्थापित कर उन्हें महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया।सुश्री गरिमा पंत (क्षेत्राधिकारी रामनगर) ने कहा ह्लमहिलाओं और किशोरियों की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से नारी सशक्तिकरण को धरातल पर साकार करने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।ङ्क इस अवसर पर प्रभारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन सुश्री रत्ना कुमारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## युवती से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार गया जेल

मुरादाबाद। मुरादाबाद जनपद के थाना सोनकपुर पुलिस ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपित को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आज शाम आरोपित को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। थाना सोनकपुर क्षेत्र की रहने वाली पीड़ित युवती ने नौ अक्टूबर को क्षेत्र के भूड़ावास निवासी शैलेंद्र उर्फ बिट्टू के खिलाफ केस दर्ज कराया था जिसमें पीड़िता ने बताया कि करीब पांच साल पहले एमकॉम करने के बाद वह नौकरी की तलाश में थी। इसी दौरान आरोपित शैलेंद्र उर्फ बिट्टू से उसकी जान-पहचान हो गई थी। आरोपित नौकरी लगवाने के बहाने उसे अपने साथ मेरठ, बरेली, मुरादाबाद और पाकबड़ा लेकर गया था। एक दिन घर लौटते समय रात होने पर अपने दोस्त के घर ले गया था, वहां आरोपित ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया और मोबाइल से वीडियो बना लिया था। इसके बाद आरोपित ने वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया था। पुलिस अधीक्षक देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि आज मामले में आरोपित शैलेंद्र उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## मुरादाबाद में खुलेगी एंटी करप्शन कोर्ट, पांच जिलों के मामलों की होगी सुनवाई

मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने भ्रष्टाचार पर लगाम कसने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए मुरादाबाद मंडल को भी एंटी करप्शन कोर्ट दी है। प्रमुख सचिव संजय प्रसाद द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रदेश के 18 जिलों में 22 नए विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) बनाए जा रहे हैं। इनमें से एक अदालत मुरादाबाद में स्थापित की जाएगी, जहां मंडल के मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, संभल और बिजनौर जिलों के मामलों की सुनवाई होगी। दि बार एवं लाइब्रेरी मुरादाबाद के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता ने एंटी करप्शन कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह उनकी पहली सफलता है। इसके लिए वह काफी समय से प्रयासरत थे।

## रामलीला मेले में आग से पांच दुकानें जली, 15 लाख का नुकसान

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में राठ कस्बे के रामलीला मेला में बुधवार को विद्युत ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट के चलते भीषण आग लग गई। थोड़ी ही देर में आग ने मेला में लगी दुकानों को चपेट में ले लिया। जिससे पांच दुकानें जलकर राख हो गई है। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मी व पड़ोसियों ने आग पर काबू पाया। आग लगने से करीब 15 लाख के नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आग लगने से हुए नुकसान से दुकानदारों का रो रोकर बेहाल हैं। बुधवार को राठ कस्बे के रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला मेला के पास रखे विद्युत ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट के चलते भीषण आग लग गई। थोड़ी ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने से रामलीला में अफरा तफरी मच गई। मेले में आए चरखारी निवासी राकेश गुप्ता की स्टील और प्लास्टिक की दुकान भी जलकर राख हो गई। दुकान में रखा छोटा सिलेंडर भी ब्लास्ट हो गया। दुकानदार ने बताया कि दुकान में रखी 90 हजार की नकदी, तीन मोबाइल भी जल गए हैं। बताया कि उसका करीब दस लाख रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं कस्बे के जुल्हेटी मोहल्ला निवासी बबलू पेंटर ने बताया कि उनकी फ्लावर की दुकान भी आग की चपेट में राख हो गई है। उसका करीब डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है। मैंकू और दौलत की चप्पल और प्लास्टिक की दुकान भी जल गई है। दुकानदार का दो लाख रुपए का नुकसान हुआ है। राघवेंद्र की चाबी, छल्ला गुच्छे की दुकान भी आग से जलकर राख हो गई है। राघवेंद्र ने बताया कि उसका करीब पचास हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

मौके पर सीओ राजीव प्रताप सिंह, कोतवाल अमित सिंह भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। सूचना पर चेयरमैन श्रीनिवास बुधौलिया पहुंचे। जहां नगर पालिका की टीम बुलाकर आग बुझवाई है। मेला समिति के मंत्री सुरेश खेवारिया ने बताया कि आग पूरी तरह से बुझ गई है। आगजनी से हुए नुकसान पर पीड़ित दुकानदारों को 50-50 रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है। सीओ ने बताया कि आग ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट से लगी जिससे मेले में लगी पांच दुकानें जल गई है। बताया कि हादसे की जांच कराई जा रही है।

# दीपावली से मनाई गई दीपावली जगमग हुए तीर्थ स्थल





कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलेभर में प्रकाश पर्व दीपावली परंपरागत हर्षोल्लास और से मनाया गया। अब्दुल्ला गिरी का शिव मूर्ति क्षेत्र रोशनी से जगमग हुआ।सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों पर दीपोत्सव का दृश्य देखते बना। चांद ढलते ही सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री कोटवा धाम व महादेवा मंदिर जगमग हुए थे।स्थानीय कस्बा सिद्धौर समेत क्षेत्र के कोठी,सेमरावां, केसरगंज आदि स्थानों पर भारी भीड़ भाड़ के मध्य शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस सक्रिय रहीं।कस्बा सिद्धौर में सिद्धौर चौकी प्रभारी रामप्रकाश मिश्रा, अंजनी तिवारी,अरुण जायसवाल आदि पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र में सक्रिय रहे। दीपावली पर पूरा ग्रामीण अंचल रोशनी से नहा था। ''मसौली ''कस्बा मसौली, बांसा, सआदतगंज, रामपुर, बड़ागाँव, सफदरगंज, रसौली, त्रिलोकपूर सहित ग्रामीण अंचलों में दीपावली का त्यौहार उल्लास के साथ मनाया गया। लोगो ने घरो को रंगबिरंगी झालरों से सजा कर जमकर आतिशबाजी की। तथा लक्ष्मी गणेश की पूजा कर धन सम्पदा की कामना की। किसानों ने खेतो की कोनियो में आग जलाकर धरती माता से अधिक उपज की कामना की।

# गोल्फर उदयन माने और वाणी कपूर करेंगे आईजीपीएल के जयपुर चरण में डेब्यू

**एजेंसी**

जयपुर। ओलंपियन उदयन माने और भारतीय महिला प्रो गोल्फ में सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक वाणी कपूर इस सप्ताह जयपुर में इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) टूर में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। टूर अब तक चंडीगढ़, जेपी ग्रीन्स नोएडा और पुणे में हो चुका है और अब जयपुर में अपने अगले चरण में पहुंचा है। प्रतिष्ठित रामबाग गोल्फ क्लब में होने वाले इस टूर्नामेंट में 54 खिलाड़ियों का फील्ड हिस्सा लेगा – जिसमें 36 पुरुष प्रोफ़ेशनल, 12 महिला प्रोफ़ेशनल और 6 एमेच्योर खिलाड़ी शामिल हैं।



उदयन माने ने ठीक 10 साल पहले यहीं रामबाग क्लब में अपना पहला प्रो टाइटल जीता था। उन्होंने एक बयान में कहा, ल्जयपुर मेरे लिए बहुत खास जगह है। यहां की कोर्स चुनौतीपूर्ण है और मैंने यहां शानदार यादें बनाई हैं। मैं इस बार भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करता हूं।ङ्क

उनके अलावा अमन राज (दो बार) और सचिन बइसोया ने भी इसी कोर्स पर खिताब जीते हैं। वाणी कपूर अपने करियर के शुरुआती दिनों में जयपुर में प्ले-ऑफ में हार चुकी हैं। इस बार वह इस नतीजे को सुधारना चाहती हैं। उन्होंने कहा, ल्मुझे यहां जीतने की कमी खलती है। इस बार पुरुष खिलाड़ियों के साथ मुकाबला करना रोमांचक होगा।ङ्क

वाणी इस वर्ष महिला गोल्फ एसोसिएशन ऑफ इंडिया में चार खिताब जीत चुकी हैं और हीरो विमेंस इंडियन ओपन में टॉप-10 में जगह बनाई थी। वह जर्मनी में भी छठे स्थान पर रहीं। उनके अलावा इस टूर्नामेंट में अमंदीप द्राल और स्नेहा सिंह जैसी स्टार महिला खिलाड़ी भी हिस्सा ले रही हैं, जिन्होंने इस सीजन में कई खिताब जीते हैं।

आईजीपीएल सीईओ उत्तम सिंह मुंडी के अनुसार, ल्फील्ड काफी मजबूत है, भले ही गगनजीत भुल्लर और करणदीप कोछर इस सप्ताह अंतरराष्ट्रीय सीरीज़ में व्यस्त हैं। कपिल कुमार, कार्तिक, सचिन बइसोया और पुख़राज सिंह गिल जैसे खिलाड़ी खिताब जीतने की स्थिति में हैं।ङ्क

कपिल कुमार, जिन्होंने पुणे में अपना पहला प्रो खिताब जीता था, इस सप्ताह जीत के साथ गगनजीत भुल्लर (?45 लाख) को पछाड़कर ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर पहुंच सकते हैं। कपिल के पास फिलहाल ?29,93,925 हैं और जीतने पर ?22.50 लाख और मिलेंगे।

इसी तरह किशोर प्रतिभा कार्तिक सिंह, जिनके पास ?28,71,557 हैं, जीत के साथ टॉप पर पहुंच सकते हैं। वर्ष 1944 में स्थापित रामबाग गोल्फ क्लब 18-होल, पार-70 का एक चैंपियनशिप कोर्स है। यह ऐतिहासिक रामबाग पैलेस के भीतर स्थित है, जो कभी जयपुर के महाराजा का निवास हुआ करता था। इस कोर्स पर कई यादगार मुकाबले खेले जा चुके हैं।

# महिला विश्व कप: भारत और न्यूज़ीलैंड 'करो या मरो' मुकाबले में आमने-सामने, बारिश बन सकती है बड़ा फैक्टर

**एजेंसी**

नई दिल्ली। नवी मुंबई में गुरुवार को होने वाले अहम मुकाबले में भारत और न्यूज़ीलैंड की टीमें सेमीफाइनल की उम्मीदों के लिए मैदान में उतरेंगी। टूर्नामेंट में लगातार तीन हार झेल चुकी भारतीय टीम पर काफी दबाव है। पांच मैचों के बाद भी टीम संयोजन तय न कर पाने के कारण भारत की आलोचना बढ़ गई है। हालांकि, टीम अब नवी मुंबई लौट रही है, जहां के मैदान में कई खिलाड़ी टी20 अंतरराष्ट्रीय और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में खेल चुके हैं और जहां उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए बस एक जीत चाहिए। दूसरी ओर न्यूज़ीलैंड की स्थिति भी आसान नहीं है। बारिश के कारण उनके पिछले दो मुकाबले रद्द हो गए, और अब उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए भारत और इंग्लैंड, दोनों के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी। यह मुश्किल जरूर है लेकिन नामुमकिन नहीं, खासकर जब वे अपने टी20 विश्व कप खिताब की पहली



वर्षगांठ मना रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि उस विश्व कप में उन्होंने उद्घाटन मैच में भारत को हराया था। कुल 57 वनडे में से न्यूज़ीलैंड ने 34 मुकाबले जीते हैं और 2022 के बाद से भारत के खिलाफ पिछले 9 में से 6 में बाज़ी मारी है। भारत ने हर मैच में अलग-अलग योगदान देखा है, लेकिन कोई स्थायी संयोजन नहीं बन पाया। इंग्लैंड के खिलाफ पिछले मैच में टीम ने पांच गेंदबाज़ों के बजाय एक अतिरिक्त गेंदबाज़ को शामिल करने के लिए जेमिमा रोड्रिग्ज़ को बाहर किया था। गेंदबाज़ों ने इंग्लैंड को 288 रन पर रोकने में अच्छा काम किया, लेकिन बल्लेबाज़ी दबाव में एक बार फिर लड़खड़ा गई। यह समस्या अब टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता बन चुकी है। कोलंबो में लगातार दो मैच धुल जाने पर न्यूज़ीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने इसे ल्निराशाजनकङ्क कहा था। नवी मुंबई में भी मौसम की भविष्यवाणी अच्छी नहीं है। मैच से दो दिन पहले ही तेज बारिश के कारण भारतीय टीम का ट्रेनिंग सेशन रद्द करना पड़ा। अगर मैच धुल जाता है तो भारत के लिए फायदा होगा, क्योंकि न्यूज़ीलैंड को इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम से भी भिड़ना है।

भारत की युवा तेज़ गेंदबाज़ क्रांति गौड़ ने शानदार शुरुआत के बाद डेथ ओवरों में रन लुटाए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने शुरुआती ओवरों में 1/19 का आंकड़ा दिखाया था, लेकिन अंतिम ओवरों में 40 रन दे बैठीं।

# एडिलेड में वनडे सीरीज जीतने की फिराक में ऑस्ट्रेलिया, भारत को भी चाहिए वापसी

**एजेंसी**

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया में इस सीजन को क्रिकेट इतिहास का 'सबसे बड़ा गर्मियों का सीज़न' बताया जा रहा है, लेकिन पर्थ में खेले गए पहले वनडे की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। लगातार हुई फुहारों ने मुकाबले को अधूरा छोड़ दिया। हालांकि, इस कम ओवरों वाले मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत पर अपना दबदबा जरूर बनाया और 7 विकेट से जीत दर्ज की। अब एडिलेड में गुरुवार को होने वाले दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया सीरीज अपने नाम करने के इरादे से उतरेगी, जबकि भारत के सामने 'करो या मरो' की स्थिति होगी।

पर्थ में खेले गए पहले वनडे में जोश हेज़लवुड और मिचेल स्टार्क ने भारतीय टॉप ऑर्डर को झकझोर कर रख दिया। हेज़लवुड ने पिच की अतिरिक्त उछाल और गति का पूरा फायदा उठाया। पैट कमिंस की अनुपस्थिति में हेज़लवुड का रोल आने वाली एशेज सीरीज़ में और अहम हो गया है। टीम के लिए एक और अच्छी खबर रही मैथ्यू रेनशॉ और मिचेल ओवेन का वनडे डेब्यू पर शानदार प्रदर्शन। साथ ही मैट कूहनेमन और जोश फिलिप ने भी गहराई में मजबूती दिखाई, जो टीम के 2027 वर्ल्ड कप ट्रांज़िशन प्लान के लिए अच्छा संकेत है।

भारत के लिए पहले वनडे में अच्छी बात बस नितीश कुमार रेड्डी की पारी और अर्शदीप सिंह की नई गेंद से शानदार गेंदबाज़ी रही। विराट कोहली खाता नहीं खोल सके और रोहित शर्मा केवल 8 ही रन बना सके, जबकि कप्तान शुभमन गिल भी बड़ी पारी नहीं खेल पाए। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद भारत का यह पहला वनडे था और दिल्ली टेस्ट के तुरंत बाद खेलने के कारण खिलाड़ी कुछ थके हुए भी दिखे। अब एडिलेड में टीम इंडिया को हर हाल में बेहतर प्रदर्शन करना होगा ताकि सीरीज़ को बराबर पर लाया जा सके। यहां भी दर्शक दीर्घा में नीली जर्सी की भरमार होने की उम्मीद है।

मैथ्यू शॉर्ट का पहला वनडे खास नहीं रहा और वो केवल 8 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि एडिलेड उनका घरेलू मैदान है और बिग बैश लीग में उन्होंने यहां खूब रन बनाए हैं। उम्मीद है कि उन्हें एक और मौका दिया जाएगा।

रोहित शर्मा पर्थ में हेज़लवुड की गेंद पर 8 रन बनाकर आउट हुए। आईपीएल के बाद यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय मैच था। एडिलेड में वह नेट्स पर जमकर अभ्यास कर रहे हैं, ताकि अपनी फॉर्म वापस पाकर वर्ल्ड कप को लेकर उठ रहे सवालों को शांत कर सकें। विराट कोहली भी दबाव में होंगे, क्योंकि वह भी खाता नहीं खोल सके।

ऑस्ट्रेलिया में एलेक्स कैरी और एडम ज़म्पा की वापसी लगभग तय है।

# सुखविंदर बावा बोले– पिता त्रिलोचन सिंह बावा के मेडल घर में हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत

**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारतीय हॉकी लंबे समय से विश्व में एक मानक के रूप में देखी जाती रही है। ओलंपिक खेलों में 8 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य पदक जीतकर भारत ने कुल 13 पदक अपने नाम किए हैं, जो इस गौरवशाली विरासत का प्रमाण हैं।

इन्हीं में से एक ऐतिहासिक पदक 1948 के लंदन ओलंपिक में जीता गया था। यह पहला मौका था जब आज़ाद भारत का तिरंगा ओलंपिक में लहराया और राष्ट्रगान गूंजा। इस ऐतिहासिक जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले खिलाड़ियों में से एक थे त्रिलोचन सिंह बावा, जिन्होंने लंदन में भारत की स्वर्णिम जीत में अहम गोल दागे। वेम्बली स्टेडियम में हुए फाइनल में भारत ने ग्रेट ब्रिटेन को हराकर इतिहास रचा था। त्रिलोचन सिंह बावा ने फाइनल में



चौथा और निर्णायक गोल किया था। वहीं, ग्रुप चरण में स्पेन के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने भारत के लिए पहला गोल किया, जिससे टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की और अपराजित रहते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। त्रिलोचन सिंह बावा भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मज़बूत स्तंभ थे। लम्बे और सशक्त फुल बैक के रूप में विरोधियों के लिए उन्हें पार करना आसान नहीं था। भले ही वे ज्यादा ड्रिब्लिंग नहीं करते थे, लेकिन उनके पास शानदार स्कूप शॉट था जिससे खेल की दिशा बदल जाती थी।

उनकी मेहनत और समर्पण ने ही आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित किया। उनके पोते राज अंगद सिंह बावा ने 2022 में भारत को अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। संयोग देखिए, त्रिलोचन सिंह बावा ने 1948 में ग्रेट ब्रिटेन को हराया था और उनके पोते ने 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में पांच विकेट झटके थे। पिता की इस उपलब्धि को याद करते हुए उनके बेटे सुखविंदर बावा ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, ल्पिताजी हमेशा कहा करते थे कि 1948 में लंदन में गोल्ड मेडल जीतना भारतीय हॉकी और भारतीय खेल जगत के लिए एक बहुत बड़ा क्षण था। देश को आज़ादी मिले केवल एक साल हुआ था। जब टीम ओलंपिक पोडियम पर खड़ी हुई और तिरंगा फहराया गया तो वह गर्व का क्षण शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। पिताजी कहा करते थे कि ऐसा गर्व महसूस हुआ मानो ब्लेज़र फट जाएगा!ङ्क

उन्होंने आगे कहा, ल्पिताजी के मेडल हमने घर में फ्रेम करवाकर लगाए हैं। यह हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। मेरे बेटे ने भी उसी विरासत को आगे बढ़ाया है और देश के लिए खेला है। पिताजी अपने पोते-पोतियों को अक्सर अपने खेल के दिनों की कहानियां सुनाया करते थे। 1948 सच में भारतीय खेल इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय है।

हॉकी इंडिया आने वाले दिनों में इसी अभियान के तहत भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ियों की और भी यादगार कहानियां साझा करेगा, जिनकी वजह से भारत ने बीते 100 वर्षों में विश्व खेल मानचित्र पर अपनी विशेष पहचान बनाई है।

# नोवाक जोकोविच ने पेरिस मास्टर्स से नाम वापस लिया

**एजेंसी**

पेरिस,। विश्व टेनिस के महान खिलाड़ियों में शुमार सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने अगले सप्ताह होने वाले पेरिस मास्टर्स से हटने की घोषणा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर उक्त घोषणा की।

उन्होंने यह फैसला सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी टूर्नामेंट के दौरान पैर में लगी चोट के चलते लिया है। 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने इस सीज़न में बहुत कम टूर्नामेंट खेले हैं। चारों ग्रैंड स्लैम के अलावा उन्होंने सिर्फ आठ एटीपी टूर इवेंट्स में हिस्सा लिया।

38 वर्षीय जोकोविच इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और यूएस ओपन- सभी चार ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल तक पहुंचे। मई अंत से सितंबर के अंत तक उन्होंने केवल उन्हीं तीन स्लैम टूर्नामेंट में भाग लिया। हाल ही में खेले गए शंघाई मास्टर्स में भी जोकोविच को हिप (कूल्हे) की समस्या से जूझना पड़ा था, जिसके चलते वह सेमीफाइनल में बाहर हो गए थे।

जोकोविच पिछले हफ्ते सऊदी अरब में आयोजित सिक्स किंग्स स्लैम में शामिल हुए थे, जहां उन्हें शुरुआती राउंड में बाई मिली थी। पहले मैच में वह जानिक सिनर से हार गए और तीसरे स्थान के लिए टेलर फ्रिट्ज़ के खिलाफ मुकाबले में एक सेट खेलने के बाद चोट के कारण मैच छोड़ना पड़ा।

जोकोविच ने पहले ही एटीपी फाइनल्स (9 से 16 नवंबर, ट्यूरिन, इटली) के लिए क्वालीफाई कर लिया है, लेकिन उन्होंने 2024 में यह टूर्नामेंट छोड़ दिया था। इस बार भी उनकी भागीदारी को लेकर अब संशय बढ़ गया है।

# हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए श्रीलंका की टीम घोषित, लाहिरु मदुशांका कप्तान

**एजेंसी**

हांगकांग। गत विजेता श्रीलंका ने बुधवार को हांगकांग सिक्सेस 2025 टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। यह टूर्नामेंट 7 से 9 नवंबर 2025 तक हांगकांग के टिन क्वोंग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड में खेला जाएगा।

श्रीलंका 2024 में शानदार जीत के बाद इस बार अपने खिताब की रक्षा करने उतरेगा। पिछले साल फाइनल में पाकिस्तान को हराकर श्रीलंका ने अपना दूसरा हांगकांग सिक्सेस खिताब जीता था। इस बार टीम पूल डी में बांग्लादेश और हांगकांग, चीन के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच खेलेगी।

लाहिरु मदुशांका को टीम का कप्तान बनाया गया है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाजी ऑलराउंडर ने घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम में धनंजय लक्षन भी शामिल हैं, जो बाएं हाथ से



बल्लेबाजी और दाएं हाथ से तेज गेंदबाजी करते हैं और राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रभाव दिखा चुके हैं।

दाएं हाथ के ओपनर थानुका दाबारे अपने दमदार घरेलू प्रदर्शन के साथ टीम में जगह बनाए हुए हैं। इसके अलावा 2023 एशियाई खेलों में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले निमेश विमुक्ति टीम के स्पिन विभाग को मजबूती देंगे। क्रिकेट हांगकांग, चीन की चेयरपर्सन बुरजी श्रॉफ ने कहा, ल्श्रीलंका की टीम हमेशा हांगकांग सिक्सेस में जोश, स्टाइल और जज्बे के साथ उतरती है। गत विजेता के रूप में उनकी वापसी टूर्नामेंट में उत्साह को और बढ़ाती है। हमें उम्मीद है कि वे एक बार फिर वैसी ही ऊर्जा दिखाएंगे और इतिहास रचने का प्रयास करेंगे।ङ्क

लाहिरु समरकून, जिन्होंने 2023 एशियाई खेलों में टी20आई डेब्यू किया था, भी टीम का हिस्सा हैं। वहीं थरिंदु रत्नायके हाल ही में जून 2025 में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर चुके हैं। दाएं और बाएं दोनों हाथ से गेंदबाजी करने वाले इस गेंदबाज ने अपने पहले ही टेस्ट में छह विकेट लेकर सुर्खियां बटोरी थीं। लंका प्रीमियर लीग के स्टार सचिथा जयतिलका भी टीम में शामिल हैं। हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस 2025 में कुल 12 टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें चार पूलों में बांटा गया है। श्रीलंका अपना पहला मुकाबला शुक्रवार, 7 नवंबर को हांगकांग, चीन के खिलाफ खेलेगा। गत विजेता होने के नाते श्रीलंका इस टूर्नामेंट में एक बार फिर अपने प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश करेगा।

# यूईएफए चैंपियंस लीग: पीएसजी ने बायर लेवरकुसेन को 7-2 से रौंदा, न्यूकैसल ने बेनफिका को 3-0 से हराया

लेवरकुसेन। बायर लेवरकुसेन और पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) के बीच मंगलवार को खेला गया चैंपियंस लीग मुकाबला गोलों, पेनल्टी और रेड कार्ड से भरपूर रहा। मौजूदा चैंपियन पीएसजी ने इस धमाकेदार मैच में 7-2 से बड़ी जीत दर्ज की और गोल अंतर के आधार पर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया।

मैच के पहले हाफ में ही 6 गोल, दो रेड कार्ड और दो पेनल्टी देखने को मिलीं। पीएसजी ने शुरुआती बढ़त 7वें मिनट में विलियम पाचो के हेडर से हासिल की। इसके बाद मैदान पर जबरदस्त एक्शन देखने को मिला। 25वें मिनट में लेवरकुसेन को पेनल्टी मिली, लेकिन एलेक्स ग्रिमाल्डो पोस्ट पर शॉट मार बैठे और मौका गंवा दिया। कुछ देर बाद कप्तान रॉबर्ट एंडरिच को वीएआर समीक्षा के बाद कोहनी मारने के कारण सीधे रेड कार्ड से बाहर कर दिया गया। हालांकि, इसके बाद पीएसजी के इल्या ज़ाबार्नी को भी रेड कार्ड दिखाया गया, जिन्होंने क्रिश्चियन कोफाने को गोल के सामने गिरा दिया था और पहली पेनल्टी भी उन्हीं के कारण मिली थी। इस बार एलेइक्स गार्सिया ने गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। यह खुशी ज्यादा देर तक नहीं टिकी। 41वें मिनट में डिज़ायरे डूए ने गोल कर बढ़त फिर से पीएसजी को दिलाई। इसके तीन मिनट बाद ख्विचा क्वारात्सखेलिया ने शानदार गोल दागा और इंजरी टाइम में डूए ने अपना दूसरा गोल कर हाफटाइम तक स्कोर 4-1 कर दिया।

दूसरे हाफ में भी पीएसजी का दबदबा जारी रहा। 50वें मिनट में नूनो मेंडेस ने गोल कर स्कोर 5-1 किया। लेवरकुसेन के गार्सिया ने लंबी दूरी से बेहतरीन गोल कर अपना दूसरा गोल दागा, लेकिन यह वापसी की शुरुआत नहीं बन सका। अंत में पीएसजी के ओस्मान डेम्बेले और वितिन्हा ने दो और गोल कर स्कोर 7-2 पर खत्म किया। बेनफिका के खिलाफ खेले गए मुकाबले में न्यूकैसल ने 3-0 से जीत हासिल की। मैच का सबसे यादगार पल 70वें मिनट में देखने को मिला जब गोलकीपर निक पोप ने अपने थ्रो से गोल का मौका बनाया।

# शेयर बाजार में बलि प्रतिपदा की छुट्टी पूरी तरह से बंद रहेगी ट्रेडिंग

**एजेंसी**

नई दिल्ली। दिवाली की छुट्टी के बाद आज बलि प्रतिपदा के अवसर पर भी घरेलू शेयर बाजार में छुट्टी है। इस छुट्टी के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई लगातार दूसरे दिन बंद है और आज किसी तरह की कोई ट्रेडिंग नहीं हो रही है। यानी आज शेयर बाजार में पूरी तरह से छुट्टी है। आज बलि प्रतिपदा और गोवर्धन पूजा का आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही हिन्दू परंपरा के मुताबिक आज से कारोबारी नव वर्ष की शुरुआत होती है।

दिवाली की छुट्टी के मौके पर कल शेयर बाजार में परंपरागत मुहूर्त ट्रेडिंग का आयोजन किया गया था। दोपहर 1:45 से 2:45 बजे तक यह पूजा हुई। 1 घंटे की ट्रेडिंग में बीएसई का सेंसेक्स 0.07



प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ था। इसी तरह एनएसई के निफ्टी ने 0.10 प्रतिशत कुशल कर मूर्ति ट्रेडिंग का अंत किया था। शेयर बाजार में दिवाली के दिन परंपरागत रूप से मुहूर्त ट्रेडिंग का आयोजन किया जाता है। इसे कारोबारी हिंदू वर्ष के दौरान होने वाले कारोबार के शुरुआती संकेत का प्रतीक माना जाता है।

स्टॉक एक्सचेंज की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार आज बीएसई में इक्विटी सेगमेंट और इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट समेत एसएलबी सेगमेंट, करेंसी डेरिवेटिव्स सेगमेंट्स, एनडीएस-आरएसटी, ट्राई पार्टी रेपो, कमोडिटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट, इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीप्ट्स (ईजीआर) सेगमेंट सभी के लिए ट्रेडिंग हॉलिडे है। एनएसई में भी आज इक्विटीज, इक्विटी डेरिवेटिव्स, कमोडिटीज डेरिवेटिव्स, कॉरपोरेट बॉन्ड्स, न्यू डेट सेगमेंट्स, निगोशिएटेड ट्रेड रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म, म्यूचुअल फंड्स, सिक्योरिटी लेंडिंग एंड बॉरोइंग स्कीम्स, करेंसी डेरिवेटिव्स और इंट्रेस्ट रेट डेरिवेटिव्स सभी सेगमेंट्स में छुट्टी रहेगी। इसके अलावा मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में भी बलि प्रतिपदा के मौके पर आज छुट्टी रहेगी।

दिवाली के बाद बलि प्रतिपदा की छुट्टी होने के कारण निवेशकों और कारोबारियों को लगातार 2 दिन का कारोबारी अवकाश मिल गया है। अब शेयर बाजार में कल यानी 23 अक्टूबर से सामान्य कामकाज की शुरुआत हो जाएगी। दिवाली के इस सप्ताह में शेयर बाजार में कुल 4 दिनों की छुट्टी रहने वाली है। इनमें दिवाली और बलि प्रतिपदा की छुट्टियों के अलावा शनिवार और रविवार का साप्ताहिक अवकाश भी शामिल है। शेयर बाजार के सामान्य कारोबार की बात करें, तो इस सप्ताह सोमवार को सामान्य कारोबार हुआ था। इसके बाद अब गुरुवार और शुक्रवार को दो दिन सामान्य कारोबार होगा।दिवाली और बलि प्रतिपदा के बाद बाकी बचे हुए साल 2025 में शनिवार-रविवार के अलावा शेयर बाजार में नवंबर की 5 तारीख को गुरु पूरब की छुट्टी होगी, जबकि 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर स्टॉक मार्केट बंद रहेगा। इन छुट्टियों के अलावा करेंसी डेरिवेटिव सेगमेंट में 5 सितंबर को ईद-ए-मिलाद की भी छुट्टी रहेगी।

# त्रिकोणीय महिला मैत्री फुटबॉल टूर्नामेंट: ईरान ने भारत को 2-0 से हराया

शिलॉन्ग, 22 अक्टूबर (हि.स.)। भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम को त्रिकोणीय महिला अंतरराष्ट्रीय मैत्री टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में मंगलवार रात ईरान के हाथों 0-2 से हार का सामना करना पड़ा।

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में ईरान की स्थानापन्न खिलाड़ी सारा दीदार ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर मेहमान टीम को जीत दिलाई।

पहले हाफ में दोनों टीमें गोलरहित रहीं, लेकिन दूसरे हाफ में ईरान ने खेल की गति पूरी तरह अपने पक्ष में कर ली। दीदार ने 64वें और 74वें मिनट में लगातार दो बार भारतीय रक्षा को भेद दिया।

भारत, जिसने इस साल की शुरुआत में ऐतिहासिक एएफसी महिला एशियाई कप क्वालिफायर में शानदार प्रदर्शन किया था, इस मैच में फीका नजर आया। ईरानी टीम ने शुरू से ही बेहतर तालमेल और शारीरिक मजबूती दिखाते हुए खेल की लय अपने कब्जे में रखी।

मैच की शुरुआत में ही चौथे मिनट में भारत के लिए खतरा पैदा हुआ जब गोलकीपर एलंगबम पंथोई चानू गेंद को सही से पकड़ नहीं पाईं। हालांकि, फंजौबम निर्मला देवी ने अंतिम क्षण में क्लियर कर भारत को शुरुआती झटके से बचा लिया।

लेकिन 64वें मिनट में मेलिका मोतेवालीताहेर के सटीक क्रॉस पर भारतीय रक्षा चूक गई। ज़हरा ग़नबरी का हेड क्रॉसबार से टकराया और गेंद सारा दीदार के पास आई, जिसने कलाबाजी भरे अंदाज़ में गोल दाग दिया।

दस मिनट बाद 74वें मिनट में रतनबाला देवी की गलती का फायदा उठाकर दीदार ने फिर मौका नहीं गंवाया और नीची शॉट लगाकर गेंद को जाल में पहुंचा दिया। भारत का पहला सटीक प्रयास 89वें मिनट में आया, जब लिंडा कॉम सेर्टो की फ्री-किक को ईरानी गोलकीपर रहा यज़दानी ने शानदार तरीके से रोक लिया। अतिरिक्त समय में ईरान तीसरा गोल करने के करीब पहुंचा, लेकिन फतेमेह शाबान ग़ोहरूद का शॉट पोस्ट से टकरा गया।

अब भारत 27 अक्टूबर को नेपाल से भिड़ेगा, जबकि ईरान 24 अक्टूबर को नेपाल का सामना करेगा।

एलंगबम पंथोई चानू (गोलकीपर), फंजौबम निर्मला देवी (किरण पिस्दा 85'), हेमम शिल्की देवी, संगीता बसफोर, नोंगमईथेम रतनबाला देवी, करिश्मा पुरषोत्तम शिर्वोइकर (रिम्पा हलदार 61'), प्यारी ज़ाखा (मालविका पी 61'), ग्रेस डैंगमेई (कप्तान) (प्रियधरिनी सेलादुरई 78'), सोरोक्हाइबम रंजन चानू, मार्टिना थोकचोम (संतोष 85'), लिंडा कॉम सेर्टो।

# साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार समारोह आज कोलकाता में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार 2024 शुक्रवार (24 अक्टूबर) शाम 5 बजे कोलकाता के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भाषा भवन सभागार में आयोजित समारोह में प्रदान किए जाएंगे। साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. माधव कौशिक द्वारा ये पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। समारोह के मुख्य अतिथि प्रख्यात विद्वान प्रो. सुकांत चौधरी होंगे तथा साहित्य अकादमी की उपाध्यक्ष प्रो. कुमुद शर्मा समापन वक्तव्य देंगी।



साहित्य अकादमी के सचिव के श्रीनिवासराव की तरफ से बुधवार को जारी की गई जानकारी के मुताबिक 25 अक्तूबर को प्रातः 10.00 बजे ॡअनुवादक सम्मिलनॠ तथा अपराह्न 2.30 बजे ॡअभिव्यक्तिॠ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम साहित्य अकादमी 4 देबेंद्र लाल खान रोड, कोलकाता में आयोजित होगा। अनुवादक सम्मिलन की अध्यक्षता प्रो. कुमुद शर्मा, उपाध्यक्ष, साहित्य अकादमी द्वारा की जाएगी, जिसमें पुरस्कृत अनुवादक अपनी अनुवाद प्रक्रिया के रचनात्मक अनुभवों को साझा करेंगे। अभिव्यक्ति कार्यक्रम का उद्घाटन सुप्रसिद्ध फिल्म निर्देशक गौतम घोष द्वारा किया जाएगा।

साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार 2024 प्राप्त करने वाले विजेता हैं :- अंजन शर्मा (असमिया), बासुदेव दास (बाङ्ला), उत्तरा बैसोमुथियारी (बोडो), अर्चना केसर (डोगरी), अनीसुर रहमान ( अंग्रेजी), रमणीक अग्रावत (गुजराती), मदन सोनी (हिंदी), सिद्धलिंग पट्टणशेट्टी (कन्नड), गुलाम नबी आतश (कश्मीरी), मिलिंद म्हामल (कोंकणी), केष्कर ठाकुर (मैथिली), केवी कुमारन (मलयालम्), सोईबमचा इंद्रकुमार (मणिपुरी), सुदर्शन आठवले (मराठी), अमर बानिया 'लोहोरो' (नेपाली), सुभाष चंद्र शतपथी (ओड़िआ), चंदन नेगी (पंजाबी), सोहनदान चारण (राजस्थानी), सोमनाथ दाश (संस्कृत), नाजीर हेम्ब्रम (संताली), (स्वर्गीय) शोभा लालचंदाणी (सिंधी), पी. विमला (तमिल), तुर्लपाटि राजेश्वरी (तेलुगु)।

# उप महापौर ने शाहबाद डेयरी वार्ड का दौरा कर छठ महापर्व की तैयारियों का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के उप महापौर जयभगवान यादव ने बुधवार को नरेला क्षेत्र के वार्ड नंबर 28 शाहबाद डेयरी का निरीक्षण किया। उन्होंने छठ पूजा से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया।

उप महापौर ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में इस बार छठ महापर्व के सफल आयोजन के लिए साफ सफाई, रोशनी एवं व्रतियों की सुविधा के लिए अभूतपूर्व इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही इलाके में साफ सफाई की स्थिति का अवलोकन करने के लिए आज शाहबाद डेयरी वार्ड का निरीक्षण किया गया।

जयभगवान यादव ने कहा कि आने वाली छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए घाटों का भी निरीक्षण किया गया। घाटों पर साफ सफाई, बिजली, लाइट और आने जाने की सुगमता संबंधी इंतजामों को देखा गया। उप महापौर ने कहा कि निगम छठ पूजा के आयोजन के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ेगा। सभी अधिकारियों को छठ घाटों के आस-पास साफ सफाई, प्रकाश इत्यादि की सुचारू व्यवस्था के लिए निर्देशित कर दिया गया है।

इस अवसर पर निगम की शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा, शाहबाद डेयरी वार्ड के पार्षद रामचंद्र, नरेला क्षेत्र के उपायुक्त राजीव सिंह, दिल्ली नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

# छठ पर्व पर दउरा, सुपली और डगरा खरीदने के लिए बाजारो में उमड़ी भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण। छठ पूजा को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। पूजा में उपयोग होने वाले दउरा, सुपली, डगरा जैसे पारंपरिक सामग्रियों की खरीदारी के लिए बुधवार को बाजारो में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बाजारों में खरीददारों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतज़ाम किए हैं। सुबह से ही बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही शुरू हो गई थी, जो देर शाम तक जारी रही। विक्रेताओं ने बताया कि इस बार मांग ज्यादा है और लोग पारंपरिक बांस से बने दउरा और सुपली की विशेष रूप से खरीदारी कर रहे हैं।

प्रशासन की ओर से बैरिकेडिंग, ट्रैफिक नियंत्रण, और नगर निगम व नगर परिषद द्वारा साफ-सफाई जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। साथ ही, भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि कोई अव्यवस्था न हो। दुकानदार अजय गुप्ता बताया ने बताया कि हर साल छठ से दो तीन दिन पहले ऐसा ही माहौल होता है। लोग समय रहते अच्छे और मजबूत दउरा-सुपली लेना चाहते हैं। इस बार की बिक्री उम्मीद से ज्यादा हो रही है। एक खरीदार सरिता देवी ने कहा, छठ पूजा हमारे लिए बहुत पावन पर्व है। हम हर साल अच्छे बांस के बने दउरा,सुपली डगरा खरीदते हैं।

इस बार बाजार में काफी विविधता है,देवघर में बने दउरा भी बड़े पैमाने पर बिक रहा है, लेकिन दाम थोड़े ज्यादा हैं। देवघर में बने एक दउरा की कीमत 500 से 700 रूपये है,जबकि स्थानीय कारीगरो द्वारा बनाये दउरा की कीमत 200 से 300 रूपये है। बाजारो में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है और लोगों को सतर्कता और अनुशासन बनाए रखने की अपील की जा रही है।

# मतगणना कर्मियों का सघन प्रशिक्षण: त्रुटिहीन मतगणना पर विशेष जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



समस्तीपुर। आसन्न बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 को दृष्टिगत रखते हुए समस्तीपुर में मतगणना प्रक्रिया को त्रुटिहीन ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार संत कबीर महाविद्यालय में मतगणना कर्मियों के लिए सघन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री रोशन कुशवाहा के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में नोडल पदाधिकारी सह जिला बंदोबस्त पदाधिकारी श्री विजय कुमार, मुख्य मास्टर ट्रेनर श्री सतीश कुमार यादव, श्री तनवीर आलम और अन्य मास्टर ट्रेनर श्री मंगलेश कुमार, श्री अंजनी पांडे, श्री लोकाशीष कुमार, को नदीम और श्री मनीष चंद्र प्रसाद उपस्थित रहे। सभी ने मतगणना के हर चरण और नियमों की विस्तृत जानकारी दी।प्रशिक्षण दो पालियों में संचालित हुआ। प्रथम पाली में 1006 कर्मियों (माइक्रो आब्जर्वर-646, काउंटिंग आब्जर्वर-360) और द्वितीय पाली में 855 कर्मियों (काउंटिंग सुपरवाइजर-398, काउंटिंग असिस्टेंट-457) को प्रशिक्षित किया गया।

प्रमुख बिंदुओं में डाक मतपत्रों की गणना, प्रपत्र 13इ और लिफाफा-इ का मिलान, अवैध मतपत्र की पहचान, ईवीएम (एठ) से परिणाम दर्ज करना, ईटीबीपीएस और ठ्ठ्ष्ह्ठ पर्चियों की गणना शामिल थी। कर्मियों को अनुशासन बनाए रखने, मोबाइल का प्रयोग वर्जित रखने और मतगणना की गोपनीयता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। यह प्रशिक्षण मतगणना प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता, कुशलता और त्रुटिहीन ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

# छठ महापर्व को लेकर फारबिसगंज शास्त्री चौक पर कार्यालय का हुआ शुभारम्भ

अररिया। लोक आस्था और सूर्योपासना का महापर्व छठ को लेकर फारबिसगंज कोठीहाट चौक पर बुधवार को छठ पूजा समिति कार्यालय का उद्घाटन मुख्य पार्षद वीणा देवी के द्वारा किया गया।मौके पर उप मुख्य पार्षद नूतन भारती,श्री राम सेना के संयोजक प्रदीप देव,पार्षद उमाशंकर यादव उर्फ बुलबुल यादव समेत छठ पूजा समिति शास्त्री चौक के सदस्य मौजूद थे।पूजा पाठ और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कार्यालय का शुभारम्भ मुख्य पार्षद वीणा देवी,उप मुख्य पार्षद नूतन भारती,श्री राम सेना के संयोजक प्रदीप देव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।मौके पर मौजूद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

इस मौके पर मुख्य पार्षद वीणा देवी ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर कार्यालय का शुभारम्भ किया गया।उन्होंने कहा कि आस्था का यह महापर्व है और नगर परिषद प्रशासन की ओर से छठ को लेकर मुकम्मल व्यवस्था की गई है।छठ घाट की साफ सफाई के साथ रोशनी,आवागमन के लिए सड़क मरम्मती के साथ छठव्रतियों के वस्त्र बदलने को लेकर चेंजिंग रुम की व्यवस्था की जाएगी।छठव्रतियों को किसी तरह की परेशानी न हो,इसके लिए नगर परिषद प्रशासन की ओर से शहर में सफाई की विशेष व्यवस्था के साथ ही चूना और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाएगा।सड़क के गड्ढों को भरा जाएगा।

उन्होंने कहा कि हरेक साल छठ पूजा समिति शास्त्री चौक छठव्रतियों के सेवा में विधि व्यवस्था के साथ अन्य व्यवस्था में लगे रहते हैं,जिन्हें नगर परिषद प्रशासन की ओर से सकारात्मक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## दिल्ली भाजपा ने नए कार्यालय में शुरू की औपचारिक शुरुआत, छठ पूजा के 'नहाय खाय' से होगा स्थायी संचालन

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को अपने 34 साल पुराने 14 पंत मार्ग स्थित कार्यालय को अलविदा कहकर दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर नवनिर्मित कार्यालय में स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू कर दी। आगामी 25 अक्टूबर, छठ पर्व के पवित्र 'नहाय खाय' दिवस से यह नया कार्यालय दिल्ली भाजपा का स्थायी पता बन जाएगा। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी और स्टाफ इस नए कार्यालय से कार्य शुरू करेंगे। बुधवार को प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा ने चौथी मंजिल पर अपने कक्ष में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। वहीं, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल और कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग ने दूसरी मंजिल पर अपने कक्षों में कार्य शुरू किया। कार्यालय मंत्री बृजेश राय और मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने भूतल पर अपने कक्षों में आगंतुकों से मुलाकात की।

## नौगांव में 65 लाख से बनेगा देव भूमि रजत जयंती पार्क

उत्तरकाशी। नगर पंचायत नौगांव के नगरवासियों को राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर देव भूमि रजत जयंती पार्क के रूप में 65 लाख की बड़ी सौगात दी है। नगर पंचायत ने इसका निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है।

बुधवार को भूमि पूजन कर नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार ने कहा कि 65 लाख की लागत से बनने वाले देव भूमि रजत जयंती पार्क लोगों के लिए तोहफा है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित पार्क में लोगों के लिए मनोरंजन, अल्प विश्राम, पिकनिक स्पॉट सहित योग और व्यायाम के लिए ओपन जिम की सुविधाएं होंगी। पार्क को कई तरह के सजावटी पौधों से सजाया जाएगा जिससे लोग पार्क में बैठकर प्रकृति का भी आनंद ले सकें। उत्तराखंड स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सरकार ने नगर निकाय क्षेत्रों में देव भूमि रजत जयंती पार्क बनाने की घोषणा की है जिनका निर्माण कार्य मार्च 2026 तक पूरा होना है। नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो में 65 लाख की लागत से बनने वाले पार्क का आज भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू किया गया। इस मौके पर भूमि पूजन कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष अमिता परमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष जगदीश असवाल, रावत, अमित आदि मौजूद रहे।

# सर्प तस्कर नितिन गिरफ्तार, 70 कोबरा और 16 वाइपर बरामदगी मामले में थी तलाश

हरिद्वार, 22 अक्टूबर (हि.स.)। हरिद्वार वन प्रभाग की रुड़की रेंज टीम ने सर्प तस्करी के बड़े मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी नितिन कुमार पुत्र सत्यपाल सिंह निवासी मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) को नारसन क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। टीम ने आरोपी के पास से सर्प विष भी बरामद किया है।

बताते चलें कि 9 सितंबर को ग्राम खंजरपुर में वन विभाग की टीम ने छापेमारी के दौरान 70 कोबरा और 16 रसेल वाइपर प्रजाति के सांप बरामद किए थे। इस दौरान मुख्य आरोपी नितिन कुमार मौके से फरार हो गया था। मामले में आरोपी के खिलाफ भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 (संशोधित 2023) की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

वन विभाग की एसडीओ पूनम कैंथोला ने बताया कि उप वन संरक्षक, हरिद्वार वन प्रभाग के निर्देशन में तीन टीमों का गठन किया गया था, जिन्होंने उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर में लगातार दबिश दी। इससे पहले 16 सितंबर को टीम ने आरोपी के सहयोगी विष्णु पंत को ऋषिकेश से गिरफ्तार किया था, जो सर्प विष संग्रहण केंद्र में केयरटेकर था।

मुखबिर की सूचना पर नारसन क्षेत्र से मुख्य आरोपी नितिन कुमार को दबोचा गया। इस कार्रवाई में वन क्षेत्राधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी, विनय कुमार राठी, वन आरक्षी सौरभ सैनी और वाहन चालक राहुल चौहान शामिल रहे। एसडीओ (वन विभाग) पूनम कैंथोला ने कहा कि वन्यजीवों की तस्करी पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। विभाग इस तरह के अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहा है। आमजन से अपील है कि किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तुरंत वन विभाग को दें।

# पश्चिम चंपारण के 08 अपराधकर्मी हुए जिला बदर,16 हुए थाना बदर

बेतिया। विधान सभा आम चुनाव एवं विभिन्न पर्व त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए डीएम पश्चिम चम्पारण, बेतिया धर्मेन्द्र कुमार द्वारा अपराधकर्मियों के विरूद्ध बिहार अपराध अधिनियम-2024 की धारा-03 (3) के तहत थाना बदर/जिला बदर करने संबंधी आदेश पारित किया है।

इन अपराधकर्मियों के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता, आर्म्स एक्ट, आईटी एक्ट, मद्यनिषेध उत्पाद अधिनियम सहित अन्य अधिनियमों के तहत कई मामलें दर्ज है, जिसमें ये सभी जमानत पर बाहर हैं।

पुलिस अधीक्षक से इन अपराधकर्मियों को थाना बदर/जिला बदर करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ था, जिसकी सुनवाई की गयी, किन्तु ये अपराधकर्मी अपना बचाव करने में असफल रहे। तदालोक में इन्हें 30 नवंबर तक के लिए जिला बदर/थाना बदर किया गया है। इस दौरान इन्हें सम्बद्ध थाने में जाकर अपनी हाजिरी दर्ज करानी होगी, ताकि जिले में शांतिपूर्ण माहौल में स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराया जा सके।

दीपावली, भइया दूज व गंगा दशहरा की अपने सभी मित्रों, सहयोगियों एवं शुभचिन्तकों को हार्दिक शुभकामनायें
जय सिंह
क्षेत्रीय विपणन अधिकारी एवं धान केंद्र प्रभारी
आरएफसी प्रथम एवं द्वितीय कृषि उत्पादन मंडी समिति बीसलपुर पीलीभीत

दीपावली, भइया दूज व गंगा दशहरा की अपने सभी मित्रों, सहयोगियों एवं शुभचिन्तकों को हार्दिक शुभकामनायें
संजय पांडे

वरिष्ठ एडवोकेट
उपाध्यक्ष अधिवक्ता एसोसिएशन
पूरनपुर जनपद पीलीभीत

दीपावली, भइया दूज व गंगा दशहरा की अपने सभी मित्रों, सहयोगियों एवं शुभचिन्तकों को हार्दिक शुभकामनायें
विकेश कुमार
धान केंद्र प्रभारी
आरएफसी तृतीय एवं चतुर्थ कृषि उत्पादन मंडी समिति बीसलपुर पीलीभीत


दीपावली, भइया दूज व गंगा दशहरा की अपने सभी मित्रों, सहयोगियों एवं शुभचिन्तकों को हार्दिक शुभकामनायें
अर्चना शर्मा
धान केंद्र प्रभारी
आरएफसी सात एवं आठ कृषि उत्पादन मंडी समिति बीसलपुर पीलीभीत

दीपावली, भइया दूज व गंगा दशहरा की अपने सभी मित्रों, सहयोगियों एवं शुभचिन्तकों को हार्दिक शुभकामनायें
अजीत वर्मा
धान केंद्र प्रभारी
आरएफसी नौ एवं दश कृषि उत्पादन मंडी समिति बीसलपुर पीलीभीत

दीपावली, भइया दूज व गंगा दशहरा की अपने सभी मित्रों, सहयोगियों एवं शुभचिन्तकों को हार्दिक शुभकामनायें
विजय कुमार
सचिव
सतीश गिरी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत आनंदपुर भगवंतपुर
विकासखंड पूरनपुर जनपद पीलीभीत

दीपावली, भइया दूज व गंगा दशहरा की अपने सभी मित्रों, सहयोगियों एवं शुभचिन्तकों को हार्दिक शुभकामनायें
आनंद पांडे
धान केंद्र प्रभारी
आरएफसी पांच एवं छ : कृषि उत्पादन मंडी समिति बीसलपुर पीलीभीत




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे।   फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com   RNI NO - UPHIN/2012/42063